* नगर संस्करण । पेज : 12 15.01.2024 सोमवार पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 183 khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं




## न्यूज डायरी

### आज से 14 फरवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा माह

**रांची।** झारखंड सहित पूरे देश में 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जायेगा। इस दौरान लोगों को जागरूक किया जायेगा। जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय बैठकें निर्धारित की जायेगी।

### आठ को धनबाद में राहुल की न्याय यात्रा

**धनबाद।** राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा धनबाद में आठ फरवरी को प्रवेश करेगी। इस दौरान राहुल गांधी धनबाद में न सिर्फ रोड शो करेंगे, बल्कि उनका रात्रि विश्राम भी यहीं होगा। यह जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति सिंह ने आज धनबाद परिसदन में एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

### सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण को प्रतिबद्ध

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रविवार को कहा कि वन रैंक वन पेंशन योजना को लागू करने से लेकर स्वास्थ्य देखभाल और पुन: रोजगार देने तक सरकार देश के वयोवृद्धों की भलाई करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

### वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**गम्हरिया।** आदित्यपुर-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया थाना अंतर्गत छोटा गम्हरिया में शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक युवक घायल है। मृतकों में बोलाईडीह जगन्नाथपुर का राहुल मुखी (19) व शीतला मंदिर पास का सोना मुंडा (18) हैं।

### खनन माफिया पर होगी कठोर कार्रवाई

**जयपुर।** अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 15 से 31 जनवरी तक चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान के लिए खान विभाग ने चैक लिस्ट जारी कर दी है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

साहिबगंज में 1250 करोड़ के खनन घोटाले में इडी की जांच तेज

## कन्हैया समेत 30 को समन, 17 से पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज में हुए 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जांच और तेज कर दी है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए एजेंसी ने साहिबगंज के कारोबारी कन्हैया खुडानिया सहित 30 लोगों को एक साथ समन भेजा है। इन सबसे 17 जनवरी से पूछताछ की जायेगी। सभी बेनामी अकाउंट धारी व्यक्तियों को एक साथ समन किया गया है। जांच के दौरान इन सभी के अकाउंट इडी के रडार पर आये हैं। इन खातों से करोड़ो के ट्रांजेक्शन किये गये हैं। कन्हैया के विभिन्न ठिकानों पर इडी के की रेड में नगद सहित दर्जनों बेनामी बैंक अकाउंट के खाते मिले थे।

**3 जनवरी को 12 ठिकानों पर ईडी ने मारा था छापा :** साहिबगंज अवैध खनन और ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में इडी ने 3 जनवरी को बड़ी कार्रवाई की थी। इडी उस दिन एक साथ सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी खुदानिया बंधु, सीएम के मित्र विनोद कुमार सिंह, रौशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, रांची के बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर रेड किया था।

छापेमारी के दौरान शेल कंपनियों के जरिये निवेश, संदिग्ध फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के साक्ष्य एजेंसी को मिले थे। बरामदगी के आधार पर ही ईडी अब आगे की कार्रवाई कर रही है। डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी मिले थे। इडी ने यह छापेमारी झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार राज्यों में स्थित 12 परिसरों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की थी।

### विनोद सिंह से आज होगी पूछताछ




अवैध खनन मामले में विनोद सिंह से इडी की टीम सोमवार, 15 जनवरी को पूछताछ करेगी। इससे पहले इडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था, पर वे उपस्थित नहीं हुए थे। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने इडी को पत्र लिखकर यह जानकारी मांगी है, वह राज्य सरकार के अफसरों को किस आधार पर पूछताछ के लिए समन कर रही है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल, केंद्र पर खूब बरसे

# भाजपा-संघ की नफरतवाली राजनीति में जल उठा मणिपुर

- प्रधानमंत्री का मणिपुर नहीं आना शर्मनाक
- राज्य में शासन का बुनियादी ढांचा विफल
- भारी अन्याय का सामना कर रहा देश

एजेंसी

**इंफाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि देश 'भारी अन्याय' का सामना कर रहा है, इसलिए 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली जा रही है। उन्होंने यात्रा की शुरुआत के मौके पर यह भी कहा कि एक ऐसे भविष्य का दृष्टिकोण पेश करना है, जो सद्भावना, समान भागीदारी वाला और भाईचारे से भरा हो। कहा कि मणिपुर में शासन का बुनियादी ढांचा विफल हो गया है। यह शर्मनाक है कि पीएम ने आजतक राज्य का दौरा नहीं किया। इस दौरान राहुल ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि मणिपुर में जो हुआ, वो भाजपा-आरएसएस की 'नफरत की राजनीति' का प्रतीक है। देश में एकाधिकार कायम किया जा रहा है और बड़े पैमाने पर कारोबार बंद हो गये हैं। देश में भयंकर बेरोजगारी है।

**मणिपुर को देश का हिस्सा नहीं मानती भाजपा :** श्री गांधी ने कहा, 29 जून के बाद, मणिपुर अब मणिपुर नहीं रहा, यह बंटवारा हो गया। हर तरफ नफरत फैल गयी। लाखों लोगों का नुकसान हुआ। लोगों ने अपनी आंखों के सामने अपनों को खोया। फिर भी अब तक भारत के पीएम आपके आंसू पोंछने और आपका हाथ थामने नहीं आये, ये शर्मनाक बात है।

(शेष पेज 11 पर)



### हम हर घर तक पहुंचेंगे : खड़गे

इससे पूर्व दिल्ली से रवाना होने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि पार्टी का लक्ष्य हर घर तक पहुंचना है, जब तक लोगों को न्याय का अधिकार नहीं मिल जाता। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के इस राष्ट्रीय जन आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। पार्टी का इरादा समाज के हर वर्ग के साथ बातचीत करने का है।

## भारत ने न्यूजीलैंड को 3-1 से रौंदा




### एफआइएच हॉकी ओलंपिक

- झारखंड की बेटियों ने दिखाया दम, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी ने दागे गोल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपने मैदान और समर्थकों के बीच रविवार को झारखंड की बेटियों के दम पर रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने रविवार को इतिहास रच दिया। एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को 3-1 से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारत की ओलंपिक में क्वालीफाई करने की उम्मीदें जिंदा हैं। भारत अपने पहले मुकाबले में शनिवार को अमेरिका से हार गया था। भारत का अगला मुकाबला अब मंगलवार को इटली से होगा।

(शेष पेज 11 पर)

### इसीबी रांची में टेस्ट मैच की तैयारियों पर संतुष्ट

- इंग्लैड क्रिकेट बोर्ड ने जेएससीए का लिया जायजा

**रांची।** राजधानी के जेएससीए स्टेडियम में 23 फरवरी से इंडिया-इंग्लैंड के बीच टेस्ट क्रिकेट मैच खेला जाना है। इसके लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (इसीबी) का तीन सदस्यीय दल रांची आया हुआ है। वहीं, बीसीसीआई की ओर से भी एक सदस्य रांची आये हैं। दोनों देश के दल ने रविवार को मैच के लिए जेएससीए स्टेडियम के ग्राउंड, पिच, प्रैक्टिस पिच, डैशिंग रूम का जायजा लिया। साथ ही जिम, इंडोर क्रिकेट फैसिलिटी, सुरक्षा के मानदंडों का भी निरीक्षण किया गया। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों का विशेष ध्यान मैच के विकेट पर था। स्टेडियम के साथ-साथ टीम के रुकने के लिए निर्धारित रेडिसन ब्लू होटल का भी उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेडियम की सभी सुविधाओं और व्यवस्था से निरीक्षण टीम संतुष्ट रही और प्रसन्नता जतायी।

पोंगल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाता है : मोदी

# विकसित भारत निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है एकता

एजेंसी

**चेन्नई/दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि पोंगल जैसे पर्व-त्योहार 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की राष्ट्रीय भावना को प्रतिबिंबित करता है और यही भावनात्मक जुड़ाव काशी-तमिल संगमऔर सौराष्ट्र-तमिल संगम में भी देखने को मिला। उन्होंने कहा, एकता की यही भावना 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए सबसे बड़ी ताकत है। मैंने लाल किले से जिस पंच प्रण का आह्वान किया था, उसका मुख्य तत्व देश की एकता को ऊर्जा देना और एकता को मजबूत करना है। पीएम रविवार को केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में बोल रहे थे। मौके पर उन्होंने सभी लोगों के जीवन में खुशी, समृद्धि और संतुष्टि की कामना की।

(शेष पेज 11 पर)

### इंटरनेट पर छा गयी मोदी की ये तस्वीर



रविवार को मकर संक्राति और पोंगल का त्योहार पर पीएम मोदी फुर्सत के पल बिताते नजर आये। पांगल उत्सव में भाग लेने के बाद सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की कुछ तस्वीरें सामने आयी हैं, जिसमें मोदी गायों को गुड़ और चारा खिलाते नजर आ रहे हैं। उनके इर्द गिर्द गायें नजर आ रही हैं। ये गायें पीएमओ आवास में हैं। हिंदू धर्म में गायों को माता का दर्जा दिया गया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# पीतांबर वस्त्र पहन रामलला अपने महल में विराजेंगे

## माता जानकी और भाइयों के एक ही रंग की पोशाक तैयार




रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

**अयोध्या।** रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को अयोध्या धाम सजकर तैयार हो गया है। राम मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। इस बीच भगवान रामलला अपने मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पूरी दुनिया उस दिन रामलला को देखने का बेसब्री से इन्तजार कर रही है कि आखिर किस तरह से सजकर भगवान महल में विराजमान होंगे। रामलला के लिए पीतांबर वस्त्र तैयार हो चुके हैं। तीनों भाइयों के लिए भी एक ही रंग के वस्त्र बनाये गये हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरा विश्व भगवान को इन्हीं वस्त्रों में देखेगा। पीले रंग के वस्त्रों में भगवान अपने महल में विराजमान होंगे।

### पुश्तैनी दर्जी ने तैयार की पोशाक

तीनों भाइयों के लिए रामलला के पुश्तैनी दर्जी भगवत प्रसाद ने पोशाक तैयार किये हैं। जब सभी तैयारियां हो रही हैं तो रामलला को तैयार करने की भी तैयारी पूरी हो चुकी है। उस दिन के लिए रामलला के भाइयों के भी वस्त्र तैयार कर हैं। 22 जनवरी को सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शुभ रंग पीला माना गया है। ऐसे में रामलला, माता सीता और सभी भाइयों के साथ पीले वस्त्र पहनेंगे। तीनों भाइयों के लिए भी एक ही रंग के वस्त्र तैयार हैं।



- बागा चोला और अंगवस्त्रदेश के लिए अलग-अलग राज्यों से कपड़े अयोध्या लाये गये हैं

### मलमल से बनी पोशाक बेहद खूबसूरत है

रामलला के लिए मलमल के कपड़े की बनी पोशाक काफी खूबसूरत है। बागा चोला और अंगवस्त्रदेश के लिए अलग अलग राज्यों से कपड़े अयोध्या लाये गये हैं। देश के कई राज्यों से पोशाक के लिए बनाने के लिए कपड़ों को मंगाया गया है। लगभग बारह से अधिक कपड़े रामलला के लिए तैयार रखे हुए हैं।

# सूबे में मकर संक्रांति पर कोहरे का येलो अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कड़ाके की ठंड के बीच झारखंड में मौसम का मिजाज बदल सकता है। पिछले 24 घंटे सबसे कम न्यूनतम तापमान कांके का 3 डिग्री और गढ़वा 04.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 15 जनवरी को कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। बाद में आसमान साफ रहने की संभाना है। राज्य के कई जिलों में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग की मानें, तो 17 और 18 जनवरी को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा व सरायकेला, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

**17 व 18 को बारिश संभव :** दोनों सिंहभूम, सिमडेगा व सरायकेला, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज में 17 और 18 जनवरी को कहीं-कहीं हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। रांची और इसके आसपास के इलाकों में भी बारिश की संभावना है। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से दिल्ली का भी बुरा हाल हो गया है।

## राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में होगा नव मतदाता सम्मेलन

# 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नव मतदाताओं को करेंगे संबोधित : बाबूलाल

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने नव मतदाता सम्मेलन का रजिस्ट्रेशन नंबर 7820078200 किया जारी**




**नव मतदाता जारी किये गये नंबर पर मिस्ड कॉल कर करा सकते हैं पंजीयन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 25 जनवरी को नव मतदाता सम्मेलन किया जायेगा। श्री मरांडी रविवार को साहिबगंज परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नये मतदाता आने वाले 2024 चुनाव में नई कहानी लिखने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में पूरे देश में लोकसभा और झारखंड में विधानसभा चुनाव होना है। झारखंड में 50 लाख नये मतदाता जुड़े हैं। नये मतदाता अपनी सरकार बनाने को उत्सुक है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए मतदाताओं से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उनसे संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 5000 स्थानों पर कार्यक्रम होगा, जहां नए मतदाता उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन होना है। इस सम्मेलन में लाखों की संख्या में युवा जुड़ेंगे और प्रधानमंत्री को सुनेंगे। उन्होंने कहा कि नये मतदाता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को तैयार है। इनके अंदर भारी उत्सुकता है। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट हेमंत सरकार को नए मतदाता जवाब देने को भी आतुर हैं। वादाखिलाफी से युवाओं में काफी रोष है। इस दौरान उन्होंने मतदाता सम्मेलन के लिए राष्ट्रव्यापी रजिस्ट्रेशन नंबर 7820078200 भी जारी किया और नव मतदाताओं को उपरोक्त नंबर पर मिस्ड कॉल कर पंजीयन कराने का आग्रह किया।

इस दौरान विधायक अनंत ओझा, प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष किसलय तिवारी भी उपस्थित थे।

## रांची विवि के छात्रों का पीएचडी प्रवेश परीक्षा में घोटाले का आरोप, कहा

# आउटसोर्सिंग के जरिये अपना एजेंडा साधने में लगे हैं कुलपति

**परीक्षा के तीसरे ही दिन परीक्षाफल का प्रकाशन, कई दिग्गज हो गये फेल तो कई ऐसे हो गये पास जिनका पढ़ाई से नहीं रहा है वास्ता**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विवि में करीब सात साल बाद पीएचडी में दाखिले को लेकर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी थी। इस पीरक्षा में हजारों विद्यार्थी शामिल हुए थे। सबसे मजेदार बात तो यह थी कि परीक्षा के तीसरे ही दिन परीक्षाफल का प्रकाशन कर दिया गया। इस परीक्षा में कई दिग्गज फेल कर गये और कई ऐसे पास कर गये, जिनका पढ़ाई से अब तक कोई वास्ता नहीं रहा है। वहीं विद्यार्थियों ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर पीएचडी प्रवेश परीक्षा में भारी अनियमितता का आरोप लगाया था। विद्यार्थियों ने राज्पाल को बताया था कि अभ्यर्थियों को न बुकलेट मिला न कार्बन कॉपी, जिस कारण उन्हें पता नहीं चल सका कि कितने अंक का सही बनाए हैं कितने अंक का गलत। आंसर-की भी नहीं जारी किया और आपत्ति दर्ज करने का अवसर भी नहीं मिला। आरक्षित वर्ग का कैटिगरी वाइज रिजल्ट भी नहीं निकला। परीक्षा केंद्र पर न तो किसी का आईडी प्रूफ चेक किया गया और न ही एडमिट कार्ड और अटेंडेंस शीट पर पर फोटो था। परीक्षा विभाग की ओर से की गयी इस तरह की व्यवस्था इस बात दशार्ता है की परीक्षा के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की गई है।

छात्र आजसू के सदस्यों ने राज्यपाल से कहा था कि रांची विवि के परीक्षा विभाग में कार्यरत प्राइवेट एजेंसी को जल्द से जल्द नहीं हटाया गया तो विवि के विद्यार्थियों का भविष्य चौपट हो जायेगा। इसे लेकर छात्र आजसू के सदस्यों ने काफी दिनों तक एजेंसी के कार्यालय में तालाबंदी भी किया था, जिसे वीसी से वार्ता के बाद खोल दिया गया था। परंतु दबी जुवान छात्रों का कहना है कि पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में एजेंसी के स्तर पर काफी घोटाला किया गया है।

# सीआइडी का खुलासा : झारखंड में 8000 बैंक खातों के जरिये हो रही साइबर ठगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस की अपराध अनुसंधान विभाग ने साइबर फ्रॉड के खिलाफ कार्रवाई में नयी सफलता हासिल की है। सीआइडी ने राज्य के बैंकों में खुले करीब 8000 बैंक खाते का डाटा तैयार कर लिया है जिसमें साइबर फ्रॉड के पैसे ट्रांसफर किये गये। इस डाटा के हासिल होने के बाद सीआईडी ने खाताधारकों की पहचान शुरू कर दी है। साथ ही 12 जनवरी को बैंकों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में डाटा उपलब्ध करा दिया है ताकि खाताधारकों की पहचान में तेजी लायी जा सके।

**लगातार मिल रही है सफलता**



साइबर अपराधियों के खिलाफ सीआईडी की टीम को लगातार सफलता मिल रही है। इसका श्रेय सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता को जाता है। प्रतिबिंब पोर्टल के जरिए पुलिस साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक 90 केस दर्ज किये हैं साथ ही 468 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके तहत 1635 सिमकार्ड जब्त किये गये और 1107 मोबाइल फोन जब्त किया जा चुका है।

सीआइडी के पास जो डाटा है, उसके मुताबिक 8000 में से 2000 बैंक एकाउंट्स सिर्फ देवघर जिला में है। 20 प्रतिशत बैंक अकाउंट्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के विभिन्न शाखाओं में है। ज्ञात हो कि अभी दो दिन पहले दिल्ली पुलिस ने साइबर फ्रॉड से जुड़े एक गैंग का पदार्फाश किया है। गिरोह से जुड़े लोगों ने पुलिस को जानकारी दी है कि साइबर फ्रॉड के जरिये ठगे गए पैसों को बैंक खातों में ट्रांसफर करने के लिए लोगों से किराये पर एकाउंट्स लेते थे। बदले में एकाउंट्स होल्डर को 10 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था।

# लक्ष्य के अनुरूप कुआं निर्माण की स्वीकृति दें अधिकारी : चंद्रशेखर

**सभी जिलों के उप विकास आयुक्तों को जारी किया निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत कूप निर्माण कार्य के लक्ष्य को अविलंब पूरा करने का निर्देश सभी उपविकास आयुक्तों को दिया है। सचिव ने स्पष्ट किया है कि जिलों को जो कुंआ निर्माण का लक्ष्य दिया गया है उसके अनुरूप अविलंब स्वीकृति इत्यादि की प्रक्रिया करते हुए काम पूरा कराएं। उन्होंने यह भी कहा है कि जिन जिलों मे लक्ष्य पूर्ण नहीं होने की संभावना है वे पूरी स्पष्टता के साथ कारण बतायें ताकि उस पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके। ऐसे जिलों के लिए स्वीकृत लक्ष्य को अन्य जिलो में ट्रांसफर किया जायेगा। आवश्यकतानुसार कूप निर्माण का आवंटन किया जायेगा।

ज्ञात हो कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना से झारखंड सरकार ने एक लाख कुंआ निर्माण का लक्ष्य रखा है। ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतनुसार कुंआ निर्माण किया जायेगा। यह प्रयास हो रहा हे कि सिंचाई व्यवस्था बेहतर हो ऐसे में लाभुकों के साथ समन्वय करके कुंआ निर्माण कराया जायेगा ताकि इसका अधिकतम लाभ खेती कार्यों में हो सके।

# स्पेशल ब्रांच के 450 सब इंस्पेक्टर की वरीयता सूची जारी



**रांची।** स्पेशल ब्रांच के 450 सब इंस्पेक्टर की वरीयता सूची जारी की गयी है। स्पेशल ब्रांच के डीआईजी ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा है कि स्पेशल ब्रांच के सीधे नियुक्त सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी की सूची जारी किये जाने की तिथि से 15 दिनों के अंदर अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इसकी जानकारी उपलब्ध करायें। यदि किसी सब इंस्पेक्टर का नाम वरीयता सूची से छूट गया है, तो वो भी इसकी जानकारी दें।

# साहिबगंज और दुमका पुलिस लाइन में 79.72 करोड़ से बनेंगे नये क्वार्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज और दुमका पुलिस लाइन में क्वार्टरों से वंचित पुलिस कर्मियों के लिए पुलिस लाइन में 79.72 करोड़ की लागत से नये क्वार्टर बनाये जायेंगे, ताकि सभी कर्मियों को पुलिस लाइन में ही क्वार्टर उपलब्ध हो सके। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन इम दोनों जिलों के पुलिस लाइन में जी+3 के 19 भवन का निर्माण करेगी।

साहिबगंज में 59.91 करोड़ से 14 भवनों का निर्माण होगा, जबकि दुमका पुलिस लाइन में 19.81 करोड़ की लागत से पांच भवन का निर्माण कराया जायेगा। झारखंड गृह विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दी है।

**क्वार्टरों की कमी की वजह से किराये के मकान में रहते हैं पुलिस कर्मी :** गौरतलब है कि साहिबगंज और दुमका पुलिस लाइन काफी समय पहले बनायी गयी थी। उस समय यहां पुलिस कर्मियों की संख्या कम थी। लेकिन अब पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ी है तो निश्चित रूप से क्वार्टरों की जरुरत भी महसूस किया गया है। इसलिए यहां नये क्वार्टरों का निर्माण कराया जाएगा।

बता दें कि पुलिस लाइन में क्वार्टरों की कमी होने से 100 से ज्यादा पुलिस कर्मी शहर में अलग-अलग जगहों पर किराये पर मकान लेकर रहे हैं।

### कांग्रेसियों ने जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दूबे को याद किया



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में रविवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व इंटक नेता स्व. बिन्देश्वरी दुबे की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. दूबे के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनकी सादगी का चर्चा करते हुए उन्हें कांग्रेस का संगठनकर्ता बताया। वक्ताओं ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्रित्व काल में झारखंड के विकास के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वक्ताओं ने कहा कि गुमला जिला अंतर्गत शंख नदी पर बना पुल इन्ही का देन है। स्व. दूबे कार्यकर्ताओं और मजदूरों की भावना को हमेशा अग्रणी मानते थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलको, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, रामानंद केसरी, सुनील मिंज सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेताओं ने पतंग उड़ाकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुभकामनाएं दी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राहुल गांधी की अगुवाई में मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मौके पर रविवार को कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने अपने सहयोगियों के साथ न्याय पतंग यात्रा उड़ाकर यात्रा के व्यापक सफलता के लिए शुभकामनाऐं दी।

इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी की यात्रा इस देश के पीड़ित, वंचित, शोषित लोगों को दुष्कर्म से न्याय दिलाने के लिए है। वहीं यह यात्रा इस देश में किसानों को भाजपा के अन्याय से न्याय दिलाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के दिन भगवान श्रीराम ने जो पतंग उड़ाई थी वह सीधे इन्द्रलोक तक पहुंच गई थी, ऐसे में राहुल गांधी के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कांग्रेस जन राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पतंग उड़ा रहे हैं और देशवासियों को न्याय दिलाने के लिए यात्रा कर रहे है।

कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पतंग उड़ा कर हम देश में एकता,अखंडता, भाईचारा, संपन्नता एवं प्रेम का संदेश दे रहे हैं। राहुल गांधी के साथ एक बार फिर पूरा देश साथ चल रहा है। उससे यह साफ हो गया है कि आज से इस देश में नये युग का सूत्रपात होगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा भारतीय राजनीति के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण है। 5000 किलोमीटर की राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से हमारे संगठन में एक नई उमंग और एकजुटता दिखाई दी थी, उसी को आगे बढ़ते हुए राहुल जी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया था जो आज मणिपुर से शुरू हो चुकी है।

डॉ राजेश गुप्ता ने कहा भारत जोड़ो यात्रा ने समाज में नफरत, वैमनस्यता, घृणा और साम्प्रदायिकता के जहर को एक तरह से देश को बाहर निकाला था। आज भारत जोड़ो न्याय यात्रा देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए एक मजबूत कदम है। झारखंड में 13 जिलों में चलनेवाली 84 दिन की यात्रा राज्य के लिए बेहद सुखद होगा और पूरा राज्य राहुल जी के साथ चलेगा। इसके लिए हम पूरे राज्य में दौरा करेंगे और न्याय यात्रा में न्याय योद्धा बनकर शामिल होने का आह्वान करेंगे।

इस मौके पर फिरोज रिजवी मुन्ना,अनिकेत कुमार, पप्पू सिंह, बबलू वर्मा, अर्जुन किस्कू, कर्ण कुमार, विक्की महतो, सुशांक सौम्या सहित कई कांग्रेस नेताओं ने न्याय यात्रा पतंग उड़ाया एवं यात्रा के व्यापक सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

### डोमन सिंह मुंडा आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और डॉ मुकुंद चंद्र मेहता केंद्रीय महासचिव




**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार डोमन सिंह मुण्डा को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं डॉ मुकुंद चंद्र मेहता को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है। डोमन सिंह मुण्डा को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं डॉ मुकुंद चंद्र महतो को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव बनाए जाने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरन भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव लम्बोदर महतो, रौशनलाल चौधरी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, कौशिक चांद, अंचल किंगर, अरविंद कुमार, सज्जाद आलम, प्रो॰ मिथलेश सिंह, प्रो॰ के पी सिन्हा, प्रो॰ शंभू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, आदित्य महतो इत्यादि ने बधाई दी।

# उर्दू यूनिट खत्म करने की कोशिश हुई तो राज्यव्यापी आंदोलन होगा : उर्दू संघ




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय प्रवक्ता शहजाद अनवर ने संघ की ओर से लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यदि उर्दू यूनिट खत्म करने की जरा भी कोशिश की गई तो राज्यव्यापी और व्यापक आंदोलन होगा। जिसका बुरा नतीजा आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी सामने आयेगा।

केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि राज्य सरकार एक साजिश के तहत झारखंड से सभी उर्दू यूनिट को खत्म करना चाहती है। इसकी जिम्मेदारी स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने उठा रखा है। इसलिए तरह-तरह के हथकंडे अपना कर उर्दू के सभी यूनिट को ही खत्म करने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अजब हालत हैं, बार-बार उर्दू के खिलाफ साजिश रची जा रही है। सच को सुनने वाला और उसका हल निकालने वाला कोई नहीं है, सरकार खामोश है और अधिकारी बेलगाम होकर उर्दू के खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

### उर्दू शिक्षक के पद को समाप्त किया तो उर्दू जबान के साथ होगी नाइंसाफी : अनीस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** यूनाइटेड मिल्ली फोरम, झारखंड के जनरल सेक्रेटरी अफजल अनीस ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में सभी जबान के साथ इंसाफ की जो पॉलिसी पहले से चली आ रही है, उसमें नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। साक्षरता विभाग की ओर से एक नियमावली जारी की गई है। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के उर्दू शिक्षकों की बहाली को मर्ज कर दिया गया है। यानी अब आगे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इस पत्र से मालूम होता है कि आने वाले दिनों में अब उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं की जायेगी। प्रारूप में साफ लिखा है कि यह पद अब मरणशील संवर्ग होगा। प्रारूप से स्पष्ट है कि अब कोई भी नई नियुक्ति नहीं की जायेगी और नियुक्ति के लिए पद भी उपलब्ध नहीं होंगे। यानी अब आगे उर्दू शिक्षकों की बहाली नहीं होगी। झारखंड सरकार अविलंब इस प्रारूप को रद्द करें अन्यथा फोरम पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करेगी।

## मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक में लोस व विस चुनाव पर चर्चा

# सदानों के हक के लिए आर-पार की लड़ाई होगी : राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक रविवार को स्थानीय होटल में मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। इसमें लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को देखते हुए राजनीतिक अधिकारों को लेकर विशेष चर्चा हुई। मौके पर राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में लोकसभा और विधानसभा में आरक्षित सीटों पर तो राजनीतिक दल झारखंडियों को उम्मीदवार बनाते हैं लेकिन जनरल सीटों में मूलवासी सदानों की जगह में बाहर के व्यक्ति को राजनीतिक दल उम्मीदवार बनाकर सदानों की हकमारी कर रहे हैं, जिसे अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मूलवास सदान छात्र-छात्राओं और युवाओं से अपने अधिकारों के लिए सड़क में उतरने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सदान समुदाय के अगड़ी-पिछड़ी दलित से आने वाले हर वर्ग को उनका अधिकार मिले। यह सरकार सुनिशिचत करे।



**माय-माटी के असली सपूतों को मिले उनका अधिकार : पद्मश्री मुकुंद नायक**
वहीं, पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि माए-माटी के असली सपूतों को इनका वाजिद हक मिलना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा संस्कृति से भी खिलवाड़ हो रहा है। पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि मूलवासी सदानों की उपेक्षा होती रही तो सदानों के लिए विकट परिस्थिति झारखंड में खड़ी हो जाएगी।

**सदानों के अधिकारों की हकमारी बर्दाश्त नहीं : क्षितीश कुमार राय**
झारखंड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय ने कहा कि झारखण्ड में मूलवासी सदान दोयम दर्जा के नागरिक बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा राजनीतिक दल शायद मूलवासी सदानों के ताकतों को समझने में भूल कर रहे हैं। उन्होंने सभी को याद दिलाया कहा मूलवासी सदान ना होते तो झारखंड राज्य कभी नहीं मिलता। कहा राजनीतिक दल संगठन में भी बाहरी व्यक्तियों को रख रहे हैं जिन्हें झारखंड के बारे में कोई पता नहीं है। बैठक में महेंद्र ठाकुर, विशाल कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉ रामप्रसाद विजय राजगोरिया, रजनीश ठाकुर, प्रो अरविंद, आदि उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का मिलन समारोह संपन्न, रांची के कई युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

# वर्तमान राजनीति में सामूहिक विचारों को समाहित करना बेहद जरूरी : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजनीति में किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं बल्कि सामूहिकता के बोध के साथ अनेक विचारों को समाहित करना महत्वपूर्ण होता है। कल की चिंता से पहले हमें आज लिए जा रहे राजनीतिक फैसलों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। अगर हम आज गंभीर नहीं हुए तो आने वाले समय में हमें इसका नुकसान उठाना होगा।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान मो. सरफराज अलाम और मो. शाहनवाज अलाम के नेतृत्व में रांची शहर के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी में शामिल हुए सभी युवा साथियों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राजनीति किसी एक व्यक्ति के विचार से नहीं बल्कि अनेक विचारों को एक जगह समाहित करने से चलती और सशक्त दिखती है। राजनीति में सामूहिकता को प्लेटफार्म देने का काम आजसू पार्टी करती है। पार्टी में सभी की भावनाओं का सम्मान होता है। भावनाओं के सम्मान और विचारों को राज्य के विकास में लगाना हमारा लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि इंडी अलायन्स सिर्फ चुनाव लड़ने और जीतने की कोशिश तक ही सीमित है। इसमें देश और देशवासियों की तरक्की नहीं दिखाई देती है।

**जयंती पर याद किए गए डॉ. बहादुर सिंह :** अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. बहादुर सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनकी याद में एक मिनट का मौन रख कर उन्हें नमन किया गया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने उन्हें याद करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहादुर जी ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने अपनी सोच और ऊर्जा से पार्टी के विचारों को जन जन तक पहुँचाने का काम किया था। पार्टी में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता, केंद्रीय सांगठनिक सचिव एस अली, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, केंद्रीय मीडिया संजोयक परवाज खान मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

**इन्होंने ली सदस्यता :** मो. सरफराज अलाम, मो. शाहनवाज अलाम, वसीम आलम, शाहिद, आयण, अनस, मिट्टू, अमन, शाकिब, ओबैश अलाम, दानिश, फरहान, आबेदीन, अप्तनस, आरिज, वसीम, शाद, अफ्फान, राजू, साहेब, अमीर, सलमान, असीम, शाहनवाज, जावेद, शान, नौशाद, उफान, अनस खान, मुटुन अलाम, ओवैसी, इरशाद, तैयब, तनवीर अलाम आदि युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।





गोपाल मैदान में खचाखच भरे दर्शकों के बीच प्रस्तुति देते बॉलीवुड सिंगर अभिजीत। अभिजीत के शो के साथ तीन दिवसीय विंटर कार्निवल का भव्य समापन हो गया।

## श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व संगीतमय

# सुंदरकांड पाठ से जमशेदपुर राममय

**रामचरितमानस आरती के पश्चात महाप्रसाद का हुआ वितरण, पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रामज्योति के लिए लोगों में मिट्टी के दीपक, बाती एवं धर्मध्वजा भेंटकर दीपोत्सव मनाने का किया आग्रह**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** पांच सौ वर्षों के कठिन संघर्ष और तपस्या के बाद अयोध्याधाम में बन रहे प्रभु श्री राम के भव्य और दिव्य मंदिर निर्माण को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। संपूर्ण भारतवर्ष को 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है।इस बीच अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के द्वारा लौहनगरी को राममय बनाने के लिए खासा उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा अयोध्या नगरी में बने भव्य राम मंदिर में श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर संगीतमय रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित सुंदरकांड पाठ में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा समेत पार्टी के तमाम वरीय नेताओं के संग सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान देश एवं विदेशों में ख्याति प्राप्त पुरोहित पंडित अभिषेक पाठक एवं मानस सत्संग समिति के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंडली के मनमोहक भजन प्रस्तुति से जिला कार्यालय राममय हो गया। भाजपा कार्यकर्ता भजनों पर झूमते नजर आए। सुंदरकांड पाठ को लेकर भाजपा की ओर से जिला कार्यालय में आकर्षक पुष्पसज्जा, ध्वज सज्जा एवं विद्युत सज्जा की गई थी। वहीं, सुंदरकांड के समापन के पश्चात कार्यकताओं एवं आमजनों के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग एवं चूड़ा-दही, तिलकुट का श्रद्धापूर्वक वितरण किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा की ओर से 4 काउंटर पर प्रसाद एवं दो काउंटर पर पेयजल की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 22 जनवरी को राम ज्योति के लिए लोगों के बीच निःशुल्क 11 मिट्टी के दीपक, 11 बाती और एक धर्मध्वजा भेंटकर लोगों से घरों एवं प्रतिष्ठानों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया गया। करीब 15 हजार दीपक, बाती एवं धर्मध्वजा लोगों की भेंट की गई। इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि पांच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। भगवान राम को चौदह वर्ष का वनवास हुआ था किन्तु अयोध्या को तो पांच सौ वर्ष का वनवास झेलना पड़ा।

हमारे कण-कण में बसे भगवान राम लगभग पांच सौ वर्षों की कठिन प्रतिक्षा के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजित हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक क्षण से पहले अयोध्याधाम ही ही बल्कि पूरा देश राममय होने लगा है। वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि अयोध्याधाम में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे विश्व में उत्साह का माहौल है। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए पूरे देश ही नही अपितु समस्त विश्व व्याकुल है। इस दिशा में भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से सुंदरकांड पाठ एवं दीपोत्सव मनाने के लिए निःशुल्क भेंट की जाने वाली सामग्री को लेकर लोगों में उत्साह है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि पांच सौ वर्षों के कठिन तप, त्याग और संघर्ष के बाद अब हमारे आराध्य देव मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकट आया है।

इस ऐतिहासिक क्षण की खुशियां मनाने और शहरवासियों के सुख, समृद्धि और विश्व कल्याण की भावना के संग राम नाम की अलख जगाने के उद्देश्य से जिला भाजपा कार्यालय में पूरे भक्तिमय माहौल में संगीतमय रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ सम्पन्न हुआ। कहा कि भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं मिट्टी के दिये, बाती एवं धर्मध्वजा वितरण कर कण-कण में व्याप्त राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध परंपरा को और निखारकर पूरे प्रदेश को राममय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 से 20 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से जिला भाजपा कार्यालय में लोगों को मिट्टी के दिये, बाती एवं राम ध्वज भेंटकर उन्हें पारंपरिक माहौल में राम उत्सव मनाने के लिए आग्रह किया जाएगा। इस दौरान सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, दिव्यानि मुर्मू, राजेश शुक्ला, नीरज सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव, मिथिलेश सिंह यादव, मनोज कुमार सिंह, राजन सिंह, कल्याणी शरण, योगेश मल्होत्रा, जटाशंकर पांडेय, सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, अनिल मोदी, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, पप्पू सिंह, राजीव सिंह, बोलटू सरकार, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, राजकुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, विजय कुमार सिंह, अमित अग्रवाल, मुचिराम बाउरी, अचिंतम गुप्ता, निशांत कुमार, सुरेश शर्मा, पवन सिंह, त्रिदेव चट्टराज, अजय सिंह, बिनोद राय, बजरंगी पांडेय, चंचल चक्रवर्ती, प्रशांत पोद्दार, दीपक झा, संदीप शर्मा बौबी, हन्नु जैन, हेमंत सिंह, बबलू गोप, प्रधान चंद्र महतो, चितरंजन वर्मा, श्रीराम प्रसाद, कुमार अभिषेक, संतोष कुमार, नीरज शर्मा, रॉकी सिंह, अभिमन्यु सिंह, लकी सिंह राजपूत, राजपति देवी, अमरजीत सिंह राजा, दिनेश शर्मा, सोनू ठाकुर, लीना चौधरी, रानी ठाकुर, मीरा झा, नमिता उपाध्याय,पूनम गुप्ता, इंदरजीत सिंह, संतोष कुमार, सुशील पांडेय, शशि यादव, कंचन दत्ता, रविशंकर तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, रमेश विश्वकर्मा, मिथिलेश साव, अर्जुन कुमार, राकेश साहू, ओम प्रकाश साह, महावीर सिंह, मुकेश कुमार, पंकज शर्मा, ज्ञानेंद्र कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अदिति कुमारी को बेस्ट फीमेल सिंगर से पुरस्कृत किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** संगीत कला ग्रुप के अयोजन करता दीपक कुमार द्वारा टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की ओर से कार्निवल सारेगामा अयोजन में गोपाल मैदान बिस्टूपुर में बारीडीह बस्ती की मधुर सुरीली आवाज की धनी बारीडीह बस्ती की प्यारी बच्ची अदिति कुमारी को बेस्ट फीमेल सिंगर से पुरस्कृत किया गया। बबलू झा जिला उपाध्यक्ष ने इस खुशी के पल में अदिति सिंह को शॉल, पुष्प गुच्छ एवम प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। अदिति के माता एवं पिता श्री राजेश पाठक इस पल में भावूक हो गए। बब्लू झा ने मनोबल को बढ़ाते हुए कहा कि यह जीवन का पहला पड़ाव है ,राह में काफी कठिनाई आएगी लेकिन आपको अपने मधुर आवाज पर ध्यान केंद्रित करते हुए जमशेदपुर ही नहीं समस्त विश्व अपने परिवार का नाम रौशन कर परचम लहराना है।

## दोमुहानी संगम महोत्सव सम्पन्न भव्य हुआ गंगा आरती, शामिल हुए एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 14 जनवरी 2024 को 'दुमुहानी संगम महोत्सव में भव्य गंगा आरती' का भव्य आयोजन हिन्दू उत्सव समिति तथा उम्मीद एक अभियान के संयुक्त तत्वाधान में किया गयो जमशेदपुर वासियों को बनारस एवं हरिद्वार के तर्ज पर गंगा आरती का दिव्य दर्शन, इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

**स्वस्तिवाचन एवं नदी पूजन से कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ :** मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड सरकार के माननीय मंत्री और स्थानीय विधायक श्रीमान बन्ना गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का उदघाटन किया गया, तत्पश्चात बनारस से आये विशेषज्ञ ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन तथा देव पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने मुख्य यजमान के रूप में देव पूजन की एवं अपने संबोधन में कहा की इस उत्सव की योजना के प्रारम्भ से ही हिन्दू उत्सव समिति एवं उम्मीद की पूरी टीम उनके संपर्क में थी और सरकार की ओर से भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये हर संभव प्रयास किया गया है, मै आयोजन समिति का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने झारखण्ड के सबसे लोकप्रिय लोकपर्व को संजोकर रखने का एक सफल प्रयास किया है।

**5100 दीपक से जगमगा उठा संगम स्थल :** कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं श्रधालुओ द्वारा संगम तट पर 5100 दिये जलाकर दिव्य वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथ ही साथ विशालकाय अल्पना दीपक की रौशनी में अद्भुत सौदर्य प्रदर्शित करने का कार्य कर रही थी। साथ ही साथ हजारो श्रद्धालुओ ने हर हर गंगे का उदघोष कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का कार्य किया।

इतना भव्य कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका रही हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रविप्रकाश सिंह व सुखदेव सिंह सहित सम्पूर्ण टीम की। इस कार्यक्रम में मख्य रूप से शिवशंकर सिंह नीरज सिंह, अभिनाश सिंह राजा शंकर रेड्डी हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, उम्मीद एक अभियान के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, अमरनाथ जी,अविषेक जी,अभिमन्यु सिंह ने संयुक्त रूप से उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में अयोध्या से आये विशम्भर महाराज,मनोज सिंह, शिव शंकर सिंह,उद्योग पति ज्ञान चंद जैस्वाल,जिला परिषद सदस्य कविता परमार, राजीव रंजन सिंह पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष पप्पू सिंह प्रमुख थे।

## नदी पूजन कर स्वर्णरेखा महोत्सव मना

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** युगांतर भारती, स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और जनसुविधा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नदी पूजन कर स्वर्णरेखा महोत्सव मनाया गया। मौके पर विशेष तौर पर पर्यावरणविद् और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शामिल हुए। सोनारी, दोमुहानी स्थित नदी तट पर जनसुविधा ट्रस्ट के सहयोग से मुकुल मिश्रा के देखरेख में जबकि भुईयांडीह के पांडेय घाट पर मनोज सिंह उज्जैन और बारीडीह स्थित भोजपुर घाट पर विजय नारायण सिंह की देखरेख में नदी पूजन किया गया. पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्यों और पर्यावरण प्रेमियों ने पूजन कार्यक्रम में भाग लिया।

सबों ने नदी तट पर पंडित के मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया और आरती के साथ पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया। पूजन के पश्चात विधायक सरयू राय ने बताया कि यह स्वर्णरेखा महोत्सव का 19वां वर्षगांठ है. विगत 18 वर्षों से युगांतर भारती और स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नदी पूजन कर स्वर्णरेखा महोत्सव मनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि स्वर्णरेखा नदी की सफाई के लिए ट्रस्ट की ओर से निरंतर



प्रयास किया जाता रहा है. इस दिशा में कई कार्य हुए हैं परंतु अभी भी लोगों को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है. नदी को साफ सुथरा रखने के लिए, आम जनता में जागरूकता लाने के लिए हम लोग यह महोत्सव मनाते हैं. नदी पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक गोयल, सुबोध श्रीवास्तव, ललन द्विवेदी, अजय सिन्हा, सुर रंजन राय, बृज किशार पंडित, काजल चैधरी, सर्वेश अधिकारी, श्याम रंजन मंडल, लक्ष्मीनाराण तिवारी, सियाराम ओझा, संजीव आचार्य, कुलविंदर सिंह पन्नु, एस पी सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, मंजू सिंह, अमित शर्मा, प्रकाश कोया, राजेश प्रसाद, नीरू सिंह, चुन्नू भूमिज, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विनोद यादव, बंदना नामता, किरण सिंह, प्रवीण सिंह, विजय सिंह, पुतुल सिंह, उत्तम कुमार, विजय सिंह, महेन्द्र यादव, नरेश बागती, रंजन कुमार, राकेश सिंह, अमन मिश्रा, बाबू, शंकर राय, कैलाश कुमार, सोनू पुष्टि, विशाल सिंह, उत्तम कुमार, सौरभ प्रसाद, विकास गुप्ता, रौशन लाल नंदिता गागराई, गोल्डन पाण्डेय, सिम्मी कच्छप, राजन राजपूत, सीता सिंह, गीता कुंडू, लक्ष्मी सरकार, देव कुमार, अनंत ठाकुर, अतुल सिंह, लालू सिंह, लाली दीक्षित, रूपेश राय, प्रमोद कुमार, निर्भय सिंह, अनिल कुमार, भगत जी, अंजना भट्टाचार्य, आशा देवी, सुजय कुमार, मनोज साहू, नीरज साहू के साथ ही बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### परमात्मा की कृपा सभी पर बनी रहे : काले

**जमशेदपुर।** मकर संक्रांति के पावन एवं पुनीत अवसर पर 'हर हर महादेव सेवा संघ' द्वारा संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में बाबू कुंवर सिंह मैदान, राजकीय जय हिन्द बालिका मध्य विद्यालय, बागबेड़ा, गांधी मैदान, सोपोडेरा, परसुडीह, कल्याण नगर, भुइंयाडीह, बागुनहातु आदि क्षेत्रों के जरूरतमंद एवं बुजुर्गो को ठंड में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल सेवा किया गया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कंबल सेवा करते हुए कहा कि इसे पाकर बुजुर्गों के चेहरों पर काफी खुशी और संतुष्टता नजर आती है, जरूरतमंदों की सेवा ही नारायण सेवा है। इस मौके पर प्रभु राम मुंडा, जुझार कालूनडीया, राम मुखी, अनीता महतो, मोनिका दास, रेमो पिंगुआ, राम, हेमन्त कुमार पान, बिशु लोहार, अजय लोहार, विशाल सिंह, मिथलेश सिंह, दिग्विजय सिंह, सुनील तिवारी, राजन ठाकुर, सुभाशुं, शुभम, रिंकी देवी, लख्खीकांतो घोष, रुपलाल लोहार, मुकुल दास, राजू रजक, डॉ के डी गुप्ता, नरेश साहु, शुरू पात्रों हर हर महादेव परिवार से अखिलेश पांडे, प्रिंस सिंह, बिभाष मजुमदार, सूरज बाग, अमित पाठक, सनोज चंद्र, सूरज पाल, पिंटू भिरभरिया, विक्की तारवे, सूरज चौबे एवं अन्य मौजूद थे।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन की नयी अध्यक्ष चुनी गईं मंजू बगड़िया



प्रदेश अध्यक्ष का ताज पहनती मंजू बगड़िया।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन का दो दिवसीय ग्यारहवा प्रांतीय अधिवेशन मंथन के दूसरे दिन रविवार को सत्र 2024-26 के लिए नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंजू बगड़िया (करकेंद, धनबाद) को प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल ने ताज पहना कर पदभार सौंपा। आगामी 01 अप्रैल से मंजू बगड़िया कार्यभार संभालेगी। इससे पहले तुलसी भवन बिष्टुपुर में प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल (काशीडीह, साकची) की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे इस मंथन अधिवेशन के दौरान खुले मंच से सम्मेलन की सदस्यों ने हमारी क्या कमी रह गई है उसे कैसे सुधारा जा सकता है इस पर भी चर्चा करते हुए कई सवाल किये। मंच पर उपस्थित पूर्व राष्ट्रीय तथा झारखंड प्रदेश अध्यक्षों ने सवाल का जवाब एवं सुझाव देते हुए सदस्यों का संदेह दूर किया। खुले मंच कार्यक्रम के बाद पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें झारखंड प्रदेश के सभी 54 शाखाओं को अलग-अलग पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल और प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल ने अपने हाथों से सभी को सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ पुरूस्कारः- शहरी क्षेत्र में जमशेदपुर शाखा और ग्रामीण क्षेत्र में जामताड़ा शाखा को मिला। स्व.मंजू मेहारिया स्मृति पुरूस्कारः- शहरी क्षेत्र में देवघर शाखा और ग्रामीण क्षेत्र में कतरास शाखा को मिला। इसी प्रकार पांच शहर क्रमशः रांची, चाईबासा, चास, धनबाद, गिरिडीह शाखा को श्रेष्ठ शहरी तथा श्रेष्ठ ग्रामीण क्षेत्र में गोविंदपुर, गम्हरिया पाला जोड़ी को सम्मान मिला। नूतन शाखा में शहरी से दुमका और ग्रामीण से हल्दीपोखर को सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मानित होने वाली महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संभाल रही प्रदेश अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल ने बताया कि झारखंड प्रदेश की सभी शाखा अध्यक्षों के द्वारा सभी कार्यों में उत्साह के साथ सहयोग मिला। दूसरे दिन मंच का सफल संचालन प्रांतीय सचिव प्रभा पाड़िया एवं रानी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रभा पाड़िया ने दिया। मालूम हो कि अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों से लगभग 250 से अधिक महिलाएं शामिल हुई थी। अधिवेशन शानदार सुनियोजित व्यवस्था के साथ संपन्न हुआ।

### टिनप्लेट में धूमधाम से मना अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय का जन्मदिन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज रविवार को ज्वाइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री राकेश्वर पांडे जी का जन्म दिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।द्व ज्वाइंट एक्शन कमेटी के द्वारा गीता के पाठ का आयोजन किया गया। उसके उपरांत केक कटिंग का कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे बिष्टुपुर स्थित उनके आवास पर किया गया। उसके उपरांत चेशायर होम के बच्चों के साथ निक्को जुबली पार्क में केक काटकर एवं बच्चों को कंबल वितरण एवं पिकनिक की व्यवस्था की गई। जॉइंट एकशन कमेटी के सारे पदाधिकारी सुबह 9:30 बजे उनके आवास पर पहुंचे एवं कार्यक्रम की शुरूआत गीता पाठ के साथ की गई रात में भी उनके घर में भजन का कार्यक्रम किया गया। इस कर कार्यक्रम को सफल बनाने में जॉइंट टक्सन कमेटी के संयोजक विनोद राय सहसंयोजक परविंदर सिंह सोहल, महेंद्र मिश्रा, संजीव श्रीवास्त,वेद प्रकाश, मनोज कुमार सिंह, पंकज सिंह, श्रीकांत सिंह, एम एच हीरामणिक, अंजनी कुमार सिंह ,संजय सिंह ,अमित सरकार, ददन सिंह, प्रवीण कुमार, पिंटू श्रीवास्तव, डीके पांडे अमन जी, सच्चिदानंद, त्रिदेव सिंह, श्रीमती उषा सिंह, श्रीमती मीरा पांडे,सतनाम सिंह, मुन्ना खान,ए रमेश राव, गौतम दे, साईं राजू, जगजीत सिंह, संजय कुमार सिंह, भूपेंद्र कुमार सिंह,वकील खान, और भी अन्य कई कंपनियों के यूनियन के महामंत्री एवं पदाधिकारी, कई कंपनियों के प्रबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारी, शहर के कई जाने-माने समाजसेवी, शहर के कई राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी एवं अध्यक्ष और कई मजदूर साथी उपस्थित थे।

### पुलिस इंस्पेक्टर आनन्द मिश्रा को मातृ शोक

**जमशेदपुर।** स्पेशल ब्रांच जमशेदपुर पुलिस निरीक्षक आनंद मिश्रा को मातृ शोक हुआ है। 75 वर्षीय बिमला देवी का निधन टाटा मेन अस्पताल में हो गया। पिछले दस दिनों से वह सीसीयू में इलाजरत थीं। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। पार्वती बर्निंग घाट में उनके पार्थिव देह को सनातन रीति रिवाज के अनुसार अग्नि में समर्पित कर दिया गया। कदमा गणेश वाटिका से निकली अंतिम यात्रा में शिक्षाविद एवं बागबेड़ा इंदिरा ज्योति स्कूल के संस्थापक प्रिंसिपल दिनेश कुमार मिश्रा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, डीएसपी अनिमेष गुप्ता, डीएसपी मनोज ठाकुर, पुलिस पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, सेवानिवृत डीएसपी कमल किशोर, यू ट्यूबर अजीत मिश्र, श्रीराम सिंह, बागबेड़ा पंचायत के उप मुखिया सुनील गुप्ता, अधिवक्ता कुलविंदर सिंह पत्रकार पशुपति मिश्रा, पत्रकार बृज तिवारी, श्रीकांत सिंह, ब्राह्मण समाज के अरुण द्विवेदी, शिक्षक नेता बिनय शंकर तिवारी, उद्यमी सतिंदर सिंह बंटी सहित बागबेड़ा के कई लोग शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### नहीं रहे एटक नेता मुरलीधर मिश्रा



**मेदिनीनगर (पलामू)** । सीसीएल कर्मी राजहरा कोलियरी के सेवानिवृत कर्मचारी व एटक नेता लोहड़ा ग्रामवासी मुरलीधर मिश्रा नहीं रहें। उनका निधन दोपहर में अपने पैतृक निवास स्थान लोहड़ा में हो गया। वे 80 वर्ष के थे। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका दाह संस्कार स्थानीय गाड़ी गांव स्थित कोयल नदी के तट पर किया गया। मुखाग्निक जेष्ट पुत्र संजय मिश्रा ने दी। वह अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री समेत नाती-पोतों से भरा परिवार छोड़ गए हैं। मेदिनीनगर स्थित रेमंड्स शोरूम के मैनेजर अजय मिश्रा ने बताया कि अनिल सर्जन डॉक्टर गोविंद यादव की उनका इलाज न्यूरो सर्जन गोविंद माधव पांडेय कर रहे थे। मुरलीधर मिश्रा अपने गांव के सभी जाति के कार्यक्रमों में शरीक रहते थे। वे सभी के दुख-सुख में भागीदारी निभाते थे। पंचायत चुनाव हो या लोकसभा व विधानसभा चुनावी बूथ पर पहला वोट मुरलीधर मिश्रा ही देते थे। दाह संस्कार में बड़ी संख्या में गणमान्य व ग्रामवासी शामिल थे।

### अखंड राष्ट्रीय हिंदू सेना ने तेजी से शुरू किया संगठन विस्तार का कार्य



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर के हनुमान मंदिर के प्रांगण में अखण्ड राष्ट्रीय हिंदू सेना की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजन वर्मा ने की । सभा की संचालन नगर उपाध्यक्ष नितेश कमलापुरी ने की ।इस बैठक में वार्ड नं 34 एंव 35 गठन की गई । वार्ड नं34 की अध्यक्ष आकाश कुमार उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता को बनाया गया। जबकि वार्ड नं35 अध्यक्ष विकाश कुमार उपाध्यक्ष धर्मप्रकाश को बनाया गया । बैठक में नये दायित्व की घोषणा जिला अध्यक्ष ने की । साथ ही कहा कि संगठन का विस्तार पूरे जोर से किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य पूरे गांवो में संगठन का गठन करना है साथ ही उन्होंने ने सभी से कहा 22 जनवरी के कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित किया । इस बैठक में मुख्य रूप से संदीप कु दास विवेक चौबे संजय प्रजापति, वाशु कुमार ,सोनू , सागर कुमार,,अक्षय कुमार, सूरज ,कृष्ण मौजूद थे।

### लंगर का किया गया आयोजन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चर्चित व्यवसायी सह समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी द्वारा लंगर का आयोजन नामधारी गुरूद्वारा में किया गया। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व के दिन ही पिता स्व प्रीतम सिंह नामधारी का निधन हुआ था। जिनके दूसरे पुण्य तिथि के अवसर पर लंगर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज भी लंगर की परंपरा को बनाये रखे थे। आज उनकी परंपरा को हमसभी बनाये रखते हुए लंगर का आयोजन किये हैं। लोहड़ी पर्व पर सभी लोग खुशी मनाते हैं आज इसी खुशी व दुख के अवसर पर पुण्य तिथि का आयोजन किया गया है। जिसमें काफी लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। साहेब सिंह नामधारी ने कहा कि स्व प्रीतम सिंह के याद में विगत एक सप्ताह से गुरुद्वारे में विशेष पूजा पाठ की जा रही थी। जिसमें कीर्तन , नीतनम समेत पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें नामधारी परिवार के लोगों ने समय समय पर भाग लेते रहे।

### श्री गुरु सिंह सभा ने गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया लोहड़ी का त्यौहार



**मेदिनीनगर।** श्री गुरु सिंह सभा ने गुरूद्वारा में हर्ष उल्लास के साथ लोहड़ी का त्यौहार मनाया। मौके पर गुरूद्वारा में आये लोगों के बीच लंगर का आयोजन किया गया। काफी संख्या में लोगों ने लंगर का स्वाद चखा। मौके पर लोहड़ी के बारे में प्रकाश डालते हुए इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि लोहड़ी का त्यौहार खास तौर से पंजाब और दुनियाभर के पंजाबी समुदाय में लोहड़ी का पर्व बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। इसकी तैयारियां भी बड़े उत्साह से की जाती है। समाज में परिवार के सदस्यों के साथ लोहड़ी पूजन की सामग्री जुटाकर शाम होते ही विशेष पूजन के साथ आग जलाकर लोहड़ी का जश्न मनाया जाता है। इस उत्सव को पंजाबी समाज बहुत ही जोशो-खरोश से मनाता है। समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी एवं मूंगफली का भोग लगाया जाता है। इस अवसर पर ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भांगड़ा नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। खुशी के मौके पर भी सगे-संबंधी और रिश्तेदार उन्हें इस दिन विशेष सौगात के साथ बधाइयां भी देते हैं।

### विश्रामपुर में भाजयुमो की विधानसभा क्षेत्र स्तरीय बैठक संपन्न

**विश्रामपुर (पलामू)** । भारतीय जनता युवा मोर्चा के विधानसभा स्तरीय बैठक विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी के सभागार में हुई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो के जिला महामंत्री विपुल गुप्ता व संचालन विश्रामपुर मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने किया। बैठक में आगामी 25 जनवरी को प्रस्तावित विस स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन की सफलता पर चर्चा हुई। इसके अलावा युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मुन्ना तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता विस क्षेत्र के युवाओं के बीच जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं। युवाओं और नव मतदाताओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास करें। विपुल गुप्ता ने कहा कि युवा मोर्चा ही भारतीय जनता पार्टी का ब्रांड एंबेसडर है। मोर्चा कार्यकर्ता शिक्षण संस्थान संपर्क और डोर टू डोर संपर्क करते हुए नव मतदाता सूची बनाकर सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। बैठक के अंत में जनक शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर संजय ठाकुर,महेन्द्र प्रसाद,गोपाल सोनी,विकाश चंद्रवंशी, कृष्णा प्रसाद,अखिलेश रजवार,राजू शर्मा,शशिकांत सिंह,पंकज सिंह,सहित विस क्षेत्र के सभी भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष शामिल थे।

### पांकी विधायक ने की संकट मोचन मंदिर की सफाई

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के बिधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने नीलाम्बर पीताम्बरपुर के थाना के पास स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में कार्यकर्ताओं के साथ गये। मौके पर विधायक ने कार्यकर्ताओं संग मंदिर परिसर में झाडू पोछा और साफ सफाई किया। उन्होंने कहा कि हिंदूओं का पवित्र स्थान मंदिर ही होता है। जहां लोग पूजा अर्चना कर मन की शांति व सुख समृद्धि की कामना करते हैं। कहा कि लोग मंदिर को स्वच्छ रखें। इसमें सबकी भागीदारी आवश्यक है।

## सनातन धर्म के सभी पर्वों की महत्ता अलग-अलग : डॉ शशिभूषण

### पांकी विधायक ने कार्यकर्ताओं संग मनाया मकर संक्रांति का त्योहार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने भाजपा कार्यकर्ता समेत पांकी विस क्षेत्र के ग्रामीणों संग मकर संक्रांति का त्योहार नीलांबर पीतांबर प्रखंड के मौर्या फर्म हाउस में मनाया। मौके पर विधायक ने कहा कि सनातन धर्म में जितने भी प्रकार के पर्व त्योहार हैं उन सभी का महत्व अलग-अलग है। जिसमें मकर संक्रांति भी पर्व है। इस दिन सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करता है तो हमसभी इस पर्व को मनाते हैं। इस दिन तील, गुड़, चुड़ा, दही आदि का धार्मिक महत्व के साथ ही साथ वैज्ञानिक प्रमाणिकता भी है। हमारे पूर्वज यह कहा करते थे कि मकर संक्रांति के दिन से ही तील तील कर दिन बड़ा होते जाता है। साथ ही सूर्य का तेज भी बढ़ता जाता है। यह पर्व भी हमसबों को आपस में समेटकर प्रेम का संदेश देता है। मौके पर विधायक डा मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र वासियों को शुभकामना दी। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, दिलीप पांडे, भोलानाथ साव,सतबरवा प्रखंड जिला परिषद सुधा कुमारी,प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर के विधायक प्रतिनिधि एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता,धावाडीह पंचायत के मुखिया रिंकी यादव, सतबरवा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, समाजसेवी कमेश यादव, शंकर शुक्ला, अखलेश चंद्रवंशी, कुराईनपतरा पंचायत के मुखिया पति वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, महेश यादव, चंचल यादव, सच्चिदानंद गुरुजी, देवराज कुमार साव, रंजय ठाकुर, अशोक मेहता, प्रदीप मेहता, बालमुकुंद राम, धर्मेंद्र मेहता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दंगवार मकर संक्रांति मेले का हुआ उद्घाटन

### लोगों ने स्नान कर तिलकुट दही चूड़ा का उठाया लुत्फ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमण्डल क्षेत्र में रविवार को मकरसंक्रांति मनाया गया अनुमण्डल क्षेत्र के मोहम्मद गंज,हैदरनगर, हुसैनाबाद तीनो प्रखंडो के सोनवर्ती क्षेत्रों में कई स्थानों पर मेला का आयोजन होते आया हैं हालांकि इस बार खगोलीय घटनाओं व पञ्चाङ्ग के माने तो ग्रहों के राजा सूर्य 15 जनवरी को राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य, धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में अब 2080 तक मकर संक्रांति 15 जनवरी को ही मनाई जाएगी। वर्षो से परम्परागत लोगो की मतो के अनुसार 14 जनवरी के ही दिन लोगों ने दही चूड़ा, तिलक के लुफ्त उठाये ,सुबह से सोन घाट के काबरा ,रानिदेवा,सोनबर्षा, देवरी,दंगवार आदि घाटों पर लोग स्नान कर पूजाअर्चना किया ।इधर प्रखण्ड के दंगवार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेला आयोजन किया गया जिसका उदघाटन भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह के द्वारा किया गया।मौके पर श्री सिंह ने कहा यहाँ विगत 45 वर्षों से मेला का आयोजन किया जा रहा जिसमे सभी लोग मिल जुल के मेला का आयोजन करते है यह क्षेत्र की विशेषता हैं आप लोग धन्यवाद के पात्र है वंही पंचायत दंगवार के मुखिया अमरेन्द्र ठाकुर ने सभी अतिथियों को स्वागत किया एवं मेला को सम्बोधित करते हुए लोगों से शराब का सेवन ना करने की अपील किया साथ ही ऐसे लोगों के पकड़े जाने पर प्रशासनिक करवाई करने की बात कही गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने अपने संबोधन में मकर संक्रांति के विषय में प्रकाश डाला और आने वाले पीढ़ी को अपने पूर्वजों के द्वारा दिया गया मेला से जुड़ने की अपील की।

## भारत 2047 तक पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर देश बन जायेगा : चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)** । विश्रामपुर नगर परिषद में रविवार को भारत संकल्प यात्रा का शुरूआत किया गया। इस अवसर पर विश्रामपुर थाना चौक और रेहला महावीर चौक पर कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल हुए। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी सरकार के अगुआई में देश विकास की राह पर तेज गति से अग्रसर है। वर्ष 2047 तक भारत पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर देश बन जायेगा। इस विजन को साकार करने में आम लोग भी मोदी सरकार का सहयोग करें। श्री चंद्रवंशी ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को विकसित भारत संकल्प का शपथ दिलवाया। जिसमे भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने,गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने,देश के समृद्ध विरासत पर गर्व करने,भारत की एकता को सुदृढ़ करने,देश की रक्षा करने वाले का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने का शपथ लोगों ने लिया। इस दौरान संकल्प यात्रा का कैलेंडर और किताब भी लोगों के बीच वितरित किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने सभी लोगो को विकसित भारत संकल्प यात्रा और उद्देश्य के बारे में बताया, एवं एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी कराया गया जिसमें विश्रामपुर में प्रथम विजेता बबन राम,ज्योति देवी,अजय कुमार रवि एव रेहला में आशीष कुमार विवेक शुक्ला फूलदेवी ,ने हासिल की । मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदीन अंसारी, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,प्रभात कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## खैरांचल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है बृद्धखैरा का मेला : विष्णुचित्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां के ग्राम बृद्धखैर में स्थित श्री बेनुगोपाल मंदिर सह मठ परिसर में मकर संक्रान्ति के मौके पर रविवार से पांच दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों के लिए सर्कस ,जादूगर, मिना बाजार, मौत का कुआं, ब्रेक डांस समेत विभिन्न प्रकार के मनोरंजन का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन श्री बेनुगोपाल मंदिर के महंत स्वामी श्री विष्णुचित महाराज, पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार उर्फ सिंटू सिंह समेत कई अतिथियों ने किया। इस मेले में झूला, डिजनीलैंड मेला, मीणा बाजार, जादूगर आकर्षण का केंद्र बना है। मालूम हो कि यह मेला पिछले 67 वर्षों से लगते आ रहा है, मेले की शुरूआत 14 जनवरी 1956 ई० से किया गया है जो आजतक चलते आ रहा हैं। मेले में बच्चों के लिए कई मनोरंजन का साधन लगाए गए हैं। इस अवसर पर महंत विष्णुचित्त स्वामी ने बताया कि यह मेला इस खैरांचल क्षेत्र के लिए ऐतेहासिक होता है, इस मेले को देखने के लिए दूर - दूर से लोग आते हैं। मेले में आये लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए मेला कमिटी के लोग सक्रिय रूप से लगे रहते हैं, दूर - दराज से आये लोगों के लिए रात्रि में विश्राम व ठहरने का मंदिर परिसर में उचित प्रबंध है। वहीं सिंटू सिंह ने कहा कि यह मेला काफी पुराना और ऐतिहासिक है। इस मेले में आसपास के कई राज्य के लोग आते हैं। बच्चों के लिए यह मेला मनोरंजन का साधन भी है। उन्होंने मेले को और विकसित करने के लिए हर संभव मदद करने की बात कही। इस मौके पर श्यामराज यादव, लालजी मेहता, अनुज सिंह, ज्वाला विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हिंदवेयर कंपनी ने किया प्लंबर कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** हिंदवेयर कंपनी द्वारा श्रेया पॉलीमर पलंबर कार्यशाला का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया। इसमें पलामू समेत गढ़वा, लातेहार के पलंबर मिस्त्री और डीलर भाग लिये। कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर संजय सिंघानियां ने कहा कि हिंदवेयर एक उच्च गुणवत्ता वाला प्रोडक्ट है। जो पलामू प्रमंडलवासियों के लिए सबसे अच्छा है। इस मेगा मीट के माध्यम से रिटेलर और पलंबरों को आह्वान करते हुए कहा कि हिंदवेयर के सभी प्रोडक्ट को अच्छी तरह से समझकर परख लें और उपभोक्ता को सेवा प्रदान करें। हमलोगों का यह प्रयास है कि पलामू प्रमंडल में अच्छे उत्पादों को लोगों के बीच समर्पित करें। ताकि लोग इसकी गुणवत्ता से वाकिफ हो जायें। कंपनी के अभिषेक, पंकज व राकेश ने हिंदवेयर के सभी वस्तुओं पर क्रमशः कर प्रकाश डाला और एक-एक वस्तु की गुणवत्ता से पलंबरों को अवगत कराया। साथ ही साथ दूसरे कंपनी के प्रोडक्ट और हिंदवेयर के प्रोडक्ट में क्या अंतर है उस पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

## टूर्नामेंट के आयोजन से आती है प्रतिभा में निखार : बिट्टू पाठक

**नावा बाजार (पलामू)।** प्रखंड के जिला परिषद मार्केट डाक बंगला मैदान में एकता कप कास्को बाल क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच स्टार क्रिकेट क्लब इटको बनाम आजाद क्रिकेट क्लब नावा बाजार के बीच खेला गया। बेहतर खेलते हुए आजाद क्रिकेट क्लब ने इटको को हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। इसके पूर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक तथा विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे शामिल थे। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि खिलाड़ी प्रतिभावान होते हैं उनके प्रतिभा निखार टूनार्मेंट आयोजन से होती है। दोनों खेल के प्रति उत्सुकता के साथ खेली है। खेल में खिलाड़ियों का जीत हार नहीं होती है। खेल जीतता और हारता है। नोनीहाल छोटे-छोटे पिच से खेल कर देश स्तर तक पहुंच कर अपना क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। खेल खिलाड़ी आपसी सद्भावना के साथ खेले। नावा बाजार स्टेडियम का आवंटीत राशि हरसंभव धरातल पर उतारकर स्टेडियम बनाने की पहल की जाएगी। वहीं विश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने कहा कि क्षेत्र में खिलाड़ियों की प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि पंचायत स्तर पर समुचित खेल मैदान उपलब्ध नहीं है । क्षेत्र की जनता मुझे युवा समझकर आशीर्वाद दिया तो मैं क्षेत्र युवा वर्ग को खेल व शिक्षा के क्षेत्र में का निभाऊंगा

## खबर एक नजर में

### स्टूडेंट काउंसलिंग का आयोजन

**चैनपुर पलामू।** कस्तूरबा बालिका विद्यालय चैनपुर में स्टूडेंट काउंसलिंग एंड इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएस प्रशिक्षु रवि कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के जरिये प्रतिभावान छात्राओं का चयन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के अभिभावकों से उन्होंने कहा कि अभिभावक यह मत सोचें कि उनके बच्चों की स्कूल में चार-पांच दिन की अनुपस्थिति से कोई अंतर नहीं पड़ता है, पढ़ाई एक सतत प्रक्रिया है अनुपस्थित रहने पर विद्यार्थियों को आगे का पाठ समझने में परेशानी होती है । जिससे उनका करियर प्रभावित होता है, उन्होंने कहा कि अभिभावक ये सुनिश्चित करें कि स्कूल खुलते ही अपने बच्चों को स्कूल भेजें ।अपने संबोधन में स्कूल की वार्डन रानी कुमारी ने कहा कि चैनपुर कस्तूरबा के स्कूल आफ एक्सीलेंट्स बन जाने एवं सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिल जाने के बाद इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई शुरू कर दी गई है । अब चैनपुर प्रखंड की बालिकाओं को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई के लिए ऊंची फी देकर प्राइवेट स्कूल में नहीं जाना पड़ेगा, छात्राएं नि:शुल्क कस्तूरबा बालिका विद्यालय में इंग्लिश मीडियम में शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं । कार्यक्रम की उद्घोषणा एवं एंकरिंग शिक्षिका फूलमानी बाड़ा ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में समाहरणालय के पदाधिकारी नाजरीन खान, पुर लाइवलीहुड शुभम कुमार, विक्की सिंह, रोहित, आभांशी दीक्षित तथा अलविन थॉमस ने अहम भूमिका निभाई । स्कूल की छात्राओं ने लिसनिंग एक्टिविटी, एयरप्लेन बिल्डिंग, टावर कंस्ट्रक्शन, एटलस रीडिंग, स्टोरी बिल्डिंग तथा स्पीच कंपटीशन आदि मनोरंजक गतिविधियों में भी भाग लिया ।

### भीम चूल्हा मेले में उमड़ी लोगों की भीड़, शीतलहर कड़ाके की ठंड पर आस्था और उमंग रहा भारी

मोहम्मदगंज पलामू। धार्मिक मान्यता अनुसार मकर संक्रांति 15 जनवरी को है। मगर यहां परंपरागत रूप में 14 जनवरी को ही भीमचुल्हा में मेला लगा। इसमें अपार भीड़ देखने को मिली। पुजारी गंगा तिवारी ने इस बार की भीड़ को पूर्व की अपेक्षा अप्रत्याशित बताया। उन्होंने बताया कि पहले भी जब 15 को मान्यता अनुसार मकरसंक्रांति रहा था, तब भी 14 को ही मेला लगता था ।मेले में नव परिधान में सजधज कर भारी संख्या लोग पहुंचे। आधा किमी का दायरा भीड़ से अटा पड़ा था ।लोगों ने शिव मंदिर, पाताल लोक स्थान पर पूजा-अर्चना के साथ ही मेले का आनंद उठाया। पार्क का भ्रमण किया। वाच टावर से आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया। किंवदंतियों पर आधारित महाभारत काल की स्थापित स्मृति चिन्ह के साथ, माता कुंती सहित पांचों पांडवों की आदमकद प्रतिमाओं और विशालकाय शिलाखंड के गजराज को निहारा। विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया। जरूरी सामाग्रियों की खरीदारी भी की। शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला में थाना प्रभारी अक्षय कुमार,एएसआई आशीष कुमार, मुरारी दास सहित पुलिसकर्मी, प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एई बसंत कुमार, और प्रभारी सीआई मुकेश कुमार तैनात व तत्पर दिखे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

मेदिनीनगर। स्वंय सेवी संगठन सेसा पलामू के द्वारा वनसाइट एसिलर लक्सोटिका फाउंडेशन बंगलोर और पलामू व्याघ्र आरक्ष के सहयोग से लातेहार जिला अंतर्गत सरयू प्रखंड के ग्राम पिरी में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन भारतीय मूल की कनाडाई नागरिक और सेसा संस्था के सहयोगी माला चोपड़ा ने किया। मौके पर माला चोपड़ा ने कहा कि इतनी दुर्गम जगह पर डॉक्टर पहुंच नहीं पाते। यहां की आम जनता बड़े शहरों तक जाने के लिए भी इतनी आमदनी नहीं जुटा पाते। इस कारण उन लोगोंलोगो की आखँ में खराबी रहने पर भी उसका कोई निराकरण नहीं हो पता है। इस वजह से सेसा द्वारा इस प्रकार के सुदूर गांव में नेत्र जांच शिविर का आयोजन बहुत ही आवश्यक है। यह कैंप हमारी बुजुर्ग और मध्य उम्र के लोगों को अपने कार्य करने में, अपनी नौकरी करने में या अपने परिवार का ध्यान रखने में अच्छी आंखों की बहुत ज्यादा जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सेसा के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर जसबीर बग्गा ने किया। सेसा संस्था पलामू में इस वर्ष 50 शिविर के द्वारा 10000 लोगो को इलाज करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर मे 135 लोगो का जांच हुआ और 65 लोगो को चश्मा दिया गया। आंख जांच अमृत लकड़ा, निलध्वज कुमार और श्यामसुंदर साह के द्वारा किया गया।

## प्रेमिका का हत्यारोपी प्रेमी गिरफ्तार, जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मनातू पलामू।** तरहसी थाना क्षेत्र के मझौली अंतर्गत ग्राम परसाई निवासी नागेंद्र महतो के पुत्र सतबीर कुमार उर्फ सत्यबीर कुमार 19 वर्ष ने एक युवती का अपहरण कर बाद में गला दबाकर हत्या कर दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्यारा युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मालूम हो कि घटना की जानकारी मिलने पर युवती की माता गुलाबी कुंवर उम्र करीब 50 वर्ष, पति स्व० विजय चौधरी सा० वंशी खुर्द पो० पदुमा थाना मनातू ने इस संबंध में मनातू थाना में युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें सतबीर कुमार उर्फ सत्यबीर कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पे0 नागेन्द्र महतो उर्फ सुशील को अभियुक्त बनाया था। प्राथमिकी के अनुसार उक्त युवक वादी की पुत्री टुनी कुमारी उम्र करीब 17 वर्ष को बहला फुसलाकर शादीकरने के नियत से भगा ले जाने के आरोप लगाया था। कांड अनुसंधान के क्रम में वादिनी द्वारा बताया गया कि उनकी पुत्री टुनी कुमारी एवं अभियुक्त सतबीर कुमार उर्फ सत्यबीर कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पे0 नागेन्द्र महतो उर्फ सुशील ग्राम परसाई मंझौली थाना तरहसी जिला पलामू का आपस में प्रेम प्रसंग था। 26 सितम्बर 2023 से उनकी पुत्री टुनी कुमारी पे० स्व० विजय चौधरी सा0 बंशीखुर्द थाना मनातू जिला पलामू कही चली गई। जब उनके द्वारा प्रा० अभि० सतबीर कुमार उर्फ सत्यबीर कुमारउम्र करीब 22 वर्ष पे0 नागेन्द्र महतो उर्फ सुशील ग्राम परसाई मंझौली थाना तरहसी जिला पलामू से फोन पर पूछताछ किया गया तो युवक ने कहा कि लड़की उसके पास है परंतु जब कुछ दिन तक उसने लड़की से वादिनी की बात नही कराई तब वादिनी के द्वारा यह कांड दर्ज कराया गया।

## सरयू नदी से जल उठाने को एनसीपी दल को गाजे-बाजे के साथ किया गया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** अयोध्या में रामलला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और श्री राम जन्मभूमि मंदिर के उदघाटन में अब मात्र 8 दिनों का इंतजार है। इस पुनीत उपलक्ष्य पर हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 11 हजार दीए प्रव्वलित किए जाएंगे। साथ ही, सरयू का पवित्र जल अर्पण किया जाएगा। सरयू नदी से जल उठाने हुसैनाबाद अनुमंडल के तीनों प्रखंडों से गाजा बाजा के साथ एनसीपी कार्यकताओं को अयोध्या के लिए रवाना किया गया। एनसीपी के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ,हैदरनगर प्रखण्ड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम और हुसैनाबाद नगर पंचायत की ओर से जय प्रकाश उपाध्याय एनसीपी परिवार के अन्य साथियों के साथ सरयू (अयोध्या) के लिए रविवार को रवाना हुए। वहां से वह सरयू का पवित्र जल लेकर मंगलवार 16 जनवरी को हुसैनाबाद लौटेंगे। 22 जनवरी को हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के पूर्व सरयू नदी का पवित्र जल विधायक कमलेश कुमार सिंह व प्रदेश संगठन महामंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु बाबू, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह जनसमूह की उपस्थिति में छठ पोखरा में प्रवाहित करेंगे। इसके बाद दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह हुसैनाबाद बनेगा।

## मकर संक्रांति पर शिव संपत धाम परिसर में दो दिवसीय मेले का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के चर्चित सह प्राचीन शिव संपत धाम मंदिर परिसर में मकरसंक्रांति के अवसर पर रविवार से दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ मंदिर परिसर में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस मेले में बच्चों के लिए ब्रेक डांस झूला आकर्षण का केंद्र रहा ।मालूम हो कि शिव संपत धाम मंदिर प्रांगण परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर मेला पिछले कई वर्षो से लगता है जो आजतक चलते आ रहा है।

मेले में बच्चों के लिए कई मनोरंजन का साधन लगाए गए हैं। वहीं मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष सह जिप सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि यह मेला काफी पुराना और ऐतिहासिक है, इस मेले में आसपास के काफी संख्या में लोग मेला आते हैं, बच्चों के लिए यह मेला मनोरंजन का साधन भी है। मौके पर अगस्त तिवारी, रघुवीर यादव, ग्रीन तिवारी, डा योगी सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे।

# छापेमारी में जब्त अवैध कोयले का देना होगा जीएसटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पिछले दिनों पुलिसे द्वारा पकड़े गए अवैध कोयला से राज्य कर विभाग जीएसटी वसूलेगा। इसकी शुरूआत हो चुकी है। अवैध कोयला ले जा रहे एक ट्रक से दो लाख रुपया वसूला गया है।

राज्य कर विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में 52 ट्रक पकड़े जाने की सूचना है। इन सभी से जीएसटी वसूला जाएगा। इसके लिए थानों से रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

बता दें कि अवैध कोयला लदे ट्रक पकड़े जाने पर विभाग को जीएसटी में काफी राजस्व मिलता है। आमतौर पर इस तरह के कोयले का मालिक सामने नहीं आता। ऐसे में विभाग ट्रक के मालिक अथवा चालक से जीएसटी वसूलता है। यह जीएसटी कोयले के मूल्य के बराबर होता है। अधिकारियों की मानें तो अवैध कोयला लदे जो भी ट्रक पकड़े गए हैं, उससे उतना ही जीएसटी लिया जाएगा, जितने का कोयला उसपर मिलेगा। इससे विभाग को ज्यादा राजस्व की प्राप्ति होगी। अभी पुलिस ने एक गाड़ी की रिपोर्ट दी है। उसपर टैक्स लगाया जा चुका है। जैसे-जैसे थानों से रिपोर्ट आएगी, उससे जीएसटी वसूला जाएगा।



## जीएसटी क्लीयरेंस के बाद छूटेगी गाड़ी

अधिकारियों का यह भी कहा है कि अवैध कोयला की ढुलाई करते पकड़ी गई गाड़ी सभी संबंधित विभागों के क्लीयरेंस के बाद ही छोड़ी जाएगी। इसमें राज्य कर विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। थानों द्वारा जब्त गाड़ी तब तक नहीं छोड़ी जाएगी जबकि राज्य कर विभाग इसका क्लीयरेंस नहीं दे देगा। यह तभी होगा जब गाड़ी चालक अथवा मालिक पूरा जीएसटी भरेगा।

## कई कारोबारियों पर भी है नजर

विभाग की नजर अवैध कोयला से जुड़े कई कारोबारियों पर भी है। जिले में ऐसे दो दर्जन से अधिक लोगों को चिह्नित किया गया है। इनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। अधिकारियों का कहना है कि कोयले के अवैध कारोबार में जीएसटी की चोरी भी है। ऐसे कारोबारियों के खिलाफ विभाग पहले भी कार्रवाई कर चुका है।

स्पीड न्यूज

### नहाने के दौरान 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के सिंहपुर निवासी 65 वर्षीय अपील ठाकुर की गांव के शायर बांध में नहाने के क्रम में डूबने से मौत हो गई। मृतक के पुत्र नकुल ठाकुर परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मृतक शायर बांध में स्नान कर नहाने के क्रम में गहरे पानी से बाहर नहीं निकला। मौके पर मौजूद ग्रामीण बचाने के लिए दौड़ पड़े पर गहरे पानी में चले जाने से पानी के अंदर ही उसकी मौत हो गयी थी करीब डेढ़ घंटे की खोजबीन के बाद भी उनका कोई अता पता नहीं चल सका। झग्गड़ के सहारे खोजबीन के दौरान उनका शव तालाब से बाहर निकला।

### मछली खरीदने गये युवक का मोबाइल चोरी करते धराया चोर

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र पुलिस लाइन में रविवार की सुबह घटी। जहां एक युवक का मोबाइल चोरी करते हुए चोर को रंगेहाथ पकड़ा। मौके पर भीड़ इकठ्ठा हो गयी और दबोचे गए चोर की जमकर कुटाई कर दी। बाद में लोगों ने मोबाइल चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।

### लिलेटन अंगारपथरा आंगनबाड़ी केंद्र में कंबल वितरण

**कतरास।** जीवन ज्योति आश्रम लिलेटन अंगारपथरा के द्वारा मकर संक्रांति पर अंगारपथरा लोडिंग धौड़ा, आंगनबाड़ी केंद्र में दर्जनों जरूरतमंद परिवारों के बीच शकुंतला देवी के द्वारा कंबल वितरण किया गया। साथ ही चूड़ा, गुड़, तिलकुट आदि वितरण किया। मौके पर सेविका लवली देवी, दीपक पासवान, पीयूष राज, ध्रुव राज, अनामिका कुमारी पासवान आदि मौजूद थे।

### एससी एसटी ओबीसी जन जागरण अभियान

**झरिया।** रविवार को झरिया, वार्ड नंबर 35 में ओबीसी एससी एसटी एवं अल्पसंख्यक वर्ग का बैठक इंडस्ट्री कोलियरी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार व संचालन कमलेश पासवान एवं गोपाल यादव ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा। एससी एसटी ओबीसी बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया गया और लोगों ने कहा झरिया विधानसभा में हम लोग 85 प्रतिशत हैं, हम लोगों का हक अधिकार जो मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा।आउट सोर्सिंग में 8 घंटा के जगह 12 घंटा काम लिया जा रहा है और उचित मेहनताना भी नहीं मिल रहा। बैठक में सभी लोगों को जागरूक किया गया।कहा वोट हमारा राज किसी और का नहीं चलेगा, हमारा हक देना होगा।सभी लोगों ने वर्ग के उत्थान के लिए विचार रखा।

### केयर एंड सर्व फाउंडेशन ने किया कपड़ा वितरण

**धनबाद।** रविवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए सामाजिक संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन ने बेलगरिया बस्ती,पालानि पंचायत में सैकड़ो की संख्या बच्चों नौजवान महिलाएं और बड़े-बुजुर्ग सभी के बीच में कपड़ा वितरण किया गया। कपड़ा मिलने पर जरूरतमंदों की चेहरों पर खुशी की झलक दिखी। आपको बता दे की केयर एंड सर्व फाउंडेशन संस्था 16 अक्टूबर 2021 से प्रतिदिन जरूरतमंदों के बीच पीएमसीएच अस्पताल धनबाद में एक टाइम का भोजन प्रतिदिन करते आ रहे हैं। और साथ ही साथ संस्था ने प्रति वर्ष 40 बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए सीएस-40 कोचिंग क्लासेस चलाते हैं।

## अयोध्या के श्रीराम मंदिर उत्सव में गूंजेगी बोकारो के पं. बच्चन के पखावज की थाप



**बोकारो।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में ध्रुपद धमार के महारथी पं रामबचन पाठक उर्फ बच्चन जी महाराज अपनी उंगलियों की थाप से हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन परफॉर्मिंग आर्ट की स्वायत्तशासी राष्ट्रपति संस्था संगीत नाटक अकादमी की तरफ से उन्हें इसके लिए एक निमंत्रण भेजा गया है। इसके पूर्व इन्हें 9 से 20 जनवरी को लखनऊ स्थित भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय में होने वाले रिहर्सल में भी शामिल होना है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता करते हुए पं पाठक ने कहा कि इससे बड़ा सौभाग्य और इससे बड़ा उनके जीवन में कुछ नहीं हो सकता। सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम सम्मेलन में तबला व पखावज बजाना उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और सबसे ऐतिहासिक क्षण होगा। शहर के स्थानीय कलाकारों एवं संगीत प्रेमियों ने इस स्वर्णिम अवसर के लिए पंपाठक को बधाई व अपनी शुभकामनाएं दी हैं। पं बच्चन जी तबला वादन में पारंगत तो हैं ही उन्हें गायन और पखावज वादन में भी महारथ हासिल है।

## राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो : राज कुमार राज

● लोकसभा चुनाव में अपने उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी एनडीए

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** लोक जनशक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार राज को फुसरो मे भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जीएसटी मनोज कुमार सिंह के आवास पर प्रेस को बताया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेगी। एनडीए के सभी उम्मीदवारों को विजय बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सीटों के लिए दावा पेश करेगी। झारखंड की वर्तमान सरकार सभी मुद्दे पर फेल है। झामुमो सरकार भले ही चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर अपनी खुशी का इजहार कर रही हो, लेकिन उसने जनता के लिए कोई काम नहीं किया है। उन्होने राज्यपाल से मांग करते हुए कहा कि हेमंत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाए। कहा कि झामुमो ने चुनाव से पहले वादा किया था कि पांच लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। जो नही दे सकी। झामुमो सरकार भले ही चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर अपनी खुशी का इजहार कर रही हो, लेकिन उसने जनता के लिए कोई काम नहीं किया है। प्रधानमंत्री ने जिन योजनाओं को चालू किया, उन्हें राज्य में बंद करने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास का काम शिथिल कर अबुआ आवास योजना शुरू की है। इसकी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि आसानी से गरीबों को आवास मिलने वाला नहीं है। इन चार साल में केवल धोखा देने का काम किया है। लूट और अपराध को बढ़ावा दिया है। कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का मजाक बनाया है। ईडी के बुलावे पर मुख्यमंत्री पेश नहीं हो रहे हैं।यूपीए की जब जब सरकार बनी है, तब तब राज्य को लूटने का काम हुआ है। मौके पर भाजपा नेता कृष्ण कुमार, सुधीर किशन उर्फ भोला, मनोज सिंह, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

## हेवी ब्लास्टिंग से कांपी धरती, गांव वाले कर रहे त्राहिमाम, आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** हैवी ब्लास्टिंग से बड़ा सा पत्थर गांव में गिरने को बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश उबाल पर आ गया। पत्थर गिरने से कुछ लोग बाल-बाल बच गये। सिंदरी के गौशाला ओपी क्षेत्र के टासरा में सेल द्वारा संचालित कल्याणेशवरी टासरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में हुये हैवी ब्लास्टिंग से आसपास के कई गांव थर्रा उठते हैं। गोलबंद होकर सड़क पर उतरे स्थानीय लोगों का कहना था कि कंपनी मनमानी तरीके से हैवी ब्लास्टिंग करवा रही है, वहीं लोगों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। बताते चलें की इससे पूर्व भी कितनी कंपनी आई भरष्टाचार के आरोप लगे, अधिकारी सस्पैंड भी हुए शो कॉज भी हुए अभी तक पूर्ण रूप से जमीन अधिग्रहण नही किया गया हैं न ही उचित मुआवजा दिया गया हैं। स्थानीय सभी बेरोजगारों को रोजगार भी नहीं दिया गया है जो गलत है। देश रक्षक विचार मंच के धनबाद जिला अध्यक्ष अमित कुमार ने डीजीएमएस से इस घटना पर जांच की मांग की हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियम कानून के साथ ब्लास्टिंग हो। स्थानीय लोगो को सीएसआर फंड से विकाश किया जाए । सेल प्रबंधन द्वारा बड़े पैमाने पर सीएसआर फंड की लूट बंद हो। कार्यस्थल पर सीसीटीवी लगाए जाए। विरोध करने वालों पर झूठे एससी एसटी एक्ट केस में फसाना बंद करे सेल प्रबंधन नही तो इस बार भ्रष्ट अधिकारी के साथ आर पार की लड़ाई होगी, ईडी से उनकी अकुट संपति की जांच की मांग की जायेगी।

## रोटरी क्लब ने नि:शुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** रोटरी क्लब ने पारस हॉस्पिटल एचईसी रांची के सहयोग से नगर के सिटी सेंटर स्थित श्रीलेदर्स में आयोजित निशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर में इस बात पर बल दिया कि संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का शीघ्र पता लगाने समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करने और प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों की निगरानी कर के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए नियमित चिकित्सा जांच आवश्यक है। इस शिविर में कुल 51 व्यक्तियों की बीपी ब्लड शुगर लेवल ऑक्सीजन लेवल वजन और ऊंचाई की जांच की गई। रांची से आए जनरल फिजिशियन डॉ सुल्तान द्वारा आवश्यक सलाह भी दी गई। पारस हॉस्पिटल की टीम का नेतृत्व डॉ सुल्तान कर रहे थे। टीम के अन्य सदस्य नर्स बसंती शंकर और आकाश थे। कैंप मैनेजर शशि आनंद और अभिषेक रंजन थे। रोटेरियन अनिल त्रिपाठी, डॉ अनिल त्रेहन, प्रदीप नारायण, आलोक रस्तोगी, धर्मपाल माला त्रिपाठी, नीलम दास, नमिता धर्मपाल थे।

## झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने पटना साहिब के लिए सिंदरी की सिख संगत की बस किया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** पटना साहिब की यात्रा के लिए झरिया विधायक सह सत्तारूढ़ दल सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने धनबाद स्थित रघुकुल आवास से रविवार को हरी झंडी दिखाकर सिंदरी के सिख संगत को बस से रवाना किया। सिंदरी के सिख संगत ने बताया कि झरिया विधायक के सौजन्य से बस का खर्च वहन किया गया है। सिंदरी की सिख संगत को सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में उनकी जन्मस्थली तथा सिखों के पाँच तख्तों में से एक तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना का भ्रमण और दर्शन कर वापस लौटेगी। इस मौके पर विधायक को सिख संगत ने भेंटस्वरूप सरोपा प्रदान किया। झरिया विधायक ने कहा कि संगत की सेवा करना सौभाग्य की बात है। मौके पर सुखविंदर सिंह, हरेंद्र सिंह, गुरुचरण सिंह, सत्ती सिंह, संतोख कौर, गुरप्रीत कौर, हरभजन कौर, हरजीत कौर, बेबी कौर, सेली कौर, सुखी कौर सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## आरवीएम की जारंगडीह शाखा के पदाधिकारियों ने दर्जा प्राप्त मंत्री से मिलकर दी मकर संक्रांति और टुसू पर्व की बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** रैयत विस्थापित मोर्चा जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में रविवार को मोर्चा के कार्यकताओं और पदाधिकारियो का एक दल मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्य सरकार मे दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा से मिलने उनके आवासीय कार्यालय पहुचे जहां मोर्चा के लोगो ने उन्हें गुलदस्ता देकर मकर संक्रांति और टुसू पर्व की बधाई दी। मौके पर शाखा अध्यक्ष श्री अंसारी ने सीसीएल कथारा क्षेत्र में विस्थापन को लेकर प्रबंधन की गति विधि से भी उन्हें अवगत करवाया। कुछ समय मंत्री श्री बेसरा के साथ व्यतीत करने के बाद मोर्चा के सभी लोग गिद्दी स्थित मोर्चा के कार्यालय पहुचे जहां पुर्व से निर्धारित बैठक में हिस्सा लिया। यह बैठक विभिन्न दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है। इस बैठक की अध्यक्षता रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय महासचिव शैनाथ गंझू तथा संचालन मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन द्वारा किया गया ।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया एसटी एससी तथा ओबीसी इम्पलाई कोडिनेशन कमेटी के अध्यक्ष वृज किशोर पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में गिद्दी एरिया के अलावे मगध एरिया व कथारा एरिया के मोर्चा के पदाधिकारीगण खासकर उपस्थित थे। मौके पर मौजूद सभी एरिया के पदाधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र के विस्थापितों के प्रति सीसीएल प्रबंधन की गति विधि व उत्पन्न समस्याओं पर प्रकाश डालने के साथ केन्द्रीय कमेटी के सदस्यों से अग्रह किया कि आने वाले दिनों में विस्थापितो के मुद्दो और प्रबंधन की टाल मटोल निति के विरुद्ध होने वाले आंदोलन में केंद्रीय कमेटी भरपुर मदद करे ताकि विस्थापितों को उनका हक व अधिकार दिलाया जा सके। पदाधिकारियो के संबोधन के बाद उपस्थित केन्द्रीय कमेटी के लोगो के उन्हे अस्वसत किया कि जल्द ही आपको केन्द्रीय कमेटी का इस मामले को लेकर आक्रोशित रुप देखने को मिलेगा। क्योंकि हमे भी महसुस होता है कि बीना संघर्ष के विस्थापितों की लड़ाई नही जीता जा सकता है।

## कथारा रेलवे कॉलोनी में भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** अयोध्या के श्री राम मंदिर से आए पूजित अक्षत को लेकर कलश का रविवार को कथारा स्थित रेलवे कॉलोनी पहाड़ी बाबा मंदिर से नगर भ्रमण के लिए निकाला गया जो रेलवे कॉलोनी होते हुए सीपीपी कॉलोनी, रेस्क्यू कॉलोनी और सीएनडी कॉलोनी से घूमते हुए वापस पहाड़ी बाबा मंदिर लाया गया। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। इस कलश यात्रा में अयोध्या के श्री राम मंदिर से आए कलश को महिला, पुरुष और बच्चे अपने-अपने सिर में उठाकर नगर भ्रमण करवाया और भगवान श्री राम जी के गानों पर झूम-झूम के नाचे और जय श्री राम के नारे लगाते रहे। इस मौके पर पहाड़ी बाबा के पुजारी चंद्रहास मिश्रा ने कहा कि यह बहुत ही बड़ी सौगात की बात है कि हम लोगों को भी अयोध्या से आए कलश का नगर भ्रमण करवाने का पुण्य प्राप्त हुआ। आज कलश का नगर भ्रमण करवाया गया और आने वाले 22 जनवरी 2024 को पूरे कॉलोनी के वासी सामूहिक रूप से भंडारे का व्यवस्था पहाड़ी बाबा मंदिर में किया जाएगा। इस मौके पर पुजारी बाबा के अलावा कथारा पंचायत कि मुखिया पूनम देवी उप मुखिया प्रमोद कुमार पंसस निभा देवी वार्ड सदस्य जमुना देवी राष्ट्रीय हिंदू संगठन बोकारो जिला अध्यक्ष भूपेंद्र भारत, सतेंद्र कुमार सज्जन चौधरी, राकेश मिश्रा, रामनाथ राय, प्रमोद यादव, राम जी, मास्टर अनिल सिंह, रुद्र कुमार, अरुण कुमार, विजय कुमार, रंजीत सिंह, राहुल सिंह, धर्मेंद्र के अलावा महिलाओं में शकुंतलाबाई, रूबी देवी, रेणु देवी, नैना देवी, संतोषी देवी, संगीता कुमारी, पूजा देवी, दुर्गावती देवी, अनीता देवी के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे भी उपस्थित थे।

एक नजर में

### सरायढेला थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लोहा के अवैध गोदाम संचालित



**धनबाद।** धनबाद में नए एसपी के पद ग्रहण करने के बाद अवैध कारोबारी में हड़कंप मच गई है। एक तरफ जहां पूरे जिले में कोयला का काला कारोबार पर विराम लग गया है। वहीं दूसरी ओर जिले में अवैध लोहा कारोबारियों की फिर से बल्ले बल्ले हो गई है। धनबाद एसएसपी को अंधेरे में रखकर सरायढेला थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध लोहा का गोदाम संचालित किया जा रहा है। बताते चले कि जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र में 8 लेन रोड होटल लेमन चिल्ली के पास दिन के सुरज की रौशनी में धडल्ले से अवैध लोहा का गोदाम चलाया जा रहा है। सूत्रों की माने तो कतरास बाघमारा झरिया बलियापुर सिंदरी बरवाअड्डा आदि जगहों से लाकर यहां लोहा जमा किया जाता है और रात के अंधेरे में ट्रक में लौडकर पश्चिम बंगाल के लिए भेजा जाता है।

### धनबाद एसएसपी ने आवासीय अनाथ विद्यालय का किया उद्घाटन



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत पोखरिया में पेमिया ऋषिकेश आवासीय अनाथ विद्यालय का उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि एसएसपी हरदीप पी जनार्दन, के द्वारा फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी श्री जनार्दन जिले के ग्रामीण एसपी, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। श्री जनार्दन ने कहा कि विधायक जी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय खोलने के लिए उन्हें धन्यवाद तथा अभिभावकों से उन्होंने कहा कि आप सभी अपने बच्चों को पढ़ाइए ताकि वह सम्मान और शांति का जीवन गुजार सके। मौके पर बीडीओ शैलेश कुमार चौरसिया, सीओ देवराज गुप्ता, बडवाद कॉलेज के प्राचार्य कार्तिक महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, रामचंद्र मुर्मू, सुनील मुर्मू, बसंत महतो, बिपिन दा, राजा दा, अरुण कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित हुए।

### भाजपा नेत्री अपने आवासीय कार्यालय पर मकर संक्रांति को लेकर दही-चूड़ा कार्यक्रम का किया आयोजन



**बेरमो।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बेरमो विधानसभा भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह के आवासीय कार्यालय शास्त्री नगर फुसरो में आज सभी के साथ दही चुडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया और सभी पत्रकार, भाजपा कार्यकताओं के साथ दही चुडा का आनंद लिया गया और साथ में डेकोरेटर एसोसिएशन जोन 7 के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, सचिव प्रेम रवानी एवं कोषाध्यक्ष संतोष महतो को भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी। मौके पर उपस्थित कान्ति सिंह, ओम शंकर सिंह, दिनेश सिंह, चंदन राम, रामू तांती, सुभाष बरनवाल, अशोक सिंह, पंकज पाण्डेय, लक्ष्मण मिश्रा, शिवजी प्रसाद मथुरि, लालमोहन महतो आदि लोग उपस्थित थे।

### बोकारो का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री



**बोकारो।** बोकारो में पिछले 48 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 6 .6 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ गई और बोकारो का पारा 7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिनभर लगभग 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से शीतलहर चलती रही जिससे ठंड का अहसास होता रहा। मौसम विभाग के अनुसार 15 जनवरी को 8 व 16 को 10 और 17 जनवरी को 12 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार पश्चिम और उत्तर से आने वाली बर्फीली हवाओं की वजह से ठंड में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कनकनी बढ़ने से जगह जगह लोग अलाव तापते देखे जा रहे हैं। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीके झा ने मौसम में बदलाव पर बताया कि इन दिनों वायरल अटैक की अधिक संभावना है। हृदयरोगियों के लिए तो यह स्थिति बेहद घातक है। तापमान में अचानक कमी से ब्लड क्लॉटिंग के चलते हृदयाघात की संभावना बढ़ जाती है।

### हत्याकांड में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल

**कतरास।** साहिल की मर्डर के बाद से इधर–उधर भागते फिर रहे थे अपराधी, जोगता थाना क्षेत्र के सिजुआ 10 नंबर मोड़ में कोयले के काले कारोबार में वर्चस्व में गोली पूर्व में चली थीं, जिसमे साहिल खान 19 वर्षीय युवक की गोली लगने से मौत हो गया था। सीएचपी से कोयले कि लूट कि गदर सी मचा हुआ था। सिंडिकेट के गुर्गे गरीबों को ही खून चूस रहे हैं। गरीबों से मेहनत करा कर एक चौहान सिंडिकेट 2 रुपए केजी कोयले की खरीद रहा था तो दुसरे सिंह सिंडिकेट 3 रूपया कोयला खरीद रहा है, वेवश गरीब को कोयला के ज्यादा रेट जहा मिल रहा हैं वही कोयला दे रहा था, लेकिन दबंग किस्म के लोग सस्ते में कोयल खरीद कर अपना झोली ज्यादा गर्म करने के चक्कर में सिंडिकेट गरीबों को आगे कर खून कि होली खेल लिया था ।

### बोकारो में संपूर्ण ब्राह्मण समाज का स्थापना दिवस संपन्न

**बोकारो।** स्थानीय बारी कोऑपरेटिव स्थित केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज के स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र दूबे ने तथा संचालन केंद्रीय मंत्री डॉ अशोक पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश चन्द्र दूबे ने कहा कि समाज के निर्माण में ब्राह्मणों का पूर्व से ही बहुमूल्य योगदान रहा है। विशिष्ट अतिथि नागेश तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज में आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की आवश्यकता का ख्याल करना संस्था का पहला कर्तव्य बने। प्रदेश मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक को जिला अध्यक्ष श्यामल झा ने उनके विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया।

### सिंदरी के डीएलटू घरों में दो दिनों में हो जलापूर्ति नहीं, तो होगा आंदोलन : धीरज

**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष ने डीएलटू आवासों में दो दिनों के अंदर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने एफसीआई प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करती है तो एफसीआई गेट पर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष ने बताया कि विगत एक महीने से सिंदरी के डोमगढ़ स्थित डीएलटू एफसीआई आवासों में जलापूर्ति नहीं होने की समस्या के साथ निवासी उनके पास पहुँचे थे। उन्होंने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया है कि एफसीआई प्रबंधन मरम्मती कार्य को पूरा कर जलापूर्ति सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने नाली व सड़क निर्माण कार्य नहीं होने से स्थानीय लोगों की बढ़ रही परेशानियों पर लोगों को आश्वस्त किया कि धनबाद नगर निगम के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर इसपर कार्यवाही की जाएगी।

# कांग्रेस का भ्रम

देश में कांग्रेस की छवि किस हद तक मुस्लिम परस्त पार्टी की बन गई, इसका अंदाजा कांग्रेस के अपने वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी से बुरी तरह हारने के बाद कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्षा सोनिया गांधी ने हार के कारणों का विश्लेषण करने के लिए एके एंटनी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी ने यह माना था कि देश के अधिकांश हिंदुओं ने कांग्रेस को मुस्लिमों की पार्टी मान कर वोट नहीं किया। हालांकि इसके बाद कांग्रेस ने फिर से सॉफ्ट हिंदुत्व की तरफ लौटने का प्रयास भी किया। गुजरात में 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने सॉफ्ट हिंदुत्व की तरफ लौटकर भाजपा को जबरदस्त टक्कर दी और उस चुनाव में भाजपा बहुत ही मुश्किल से अपनी सरकार बचा पाई थी लेकिन इसके बाद कांग्रेस फिर से अपने उसी पुराने ढर्रे पर लौट गई। कांग्रेस की दुविधा लगातार बढ़ती जा रही है। जिस कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कमलनाथ अपने-अपने राज्य में भगवान राम को सर-माथे लगाकर भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को काटने का प्रयास करते रहे हैं। अब यह कहा जाने लगा है कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर कांग्रेस ने एक बड़े मौके को गंवा दिया है। देश की राजनीति में नरेंद्र मोदी के दौर की शुरूआत होने के बाद से ही लगातार अल्पसंख्यकवाद और तुष्टिकरण की राजनीति पीछे होती जा रही है और कांग्रेस भी इसी बखूबी समझ रही है। कांग्रेसी नेताओं को इस बात का अहसास है कि अब देश के बहुसंख्यक समाज हिंदुओं को साथ लिए बिना सिर्फ अल्पसंख्यकों की राजनीति करके भाजपा को हराना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुकिन भी है। कांग्रेस का यह भ्रम निश्चित ही लोकतांत्रिक मूल्यों के हित में नहीं है।

# सड़क सुरक्षा की बात

सड़क दुर्घटना और इससे होने वाली मौतों की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा मुद्दों के बारे में लोगों को जागरुक किया जाता है। इस अभियान के तहत लोगों को पैदल यात्री सुरक्षा और बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे की अनिवार्यता के साथ जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने के महत्व को समझाने में मदद करता है। हर साल 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाया जाने वाला राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। दुनिया में सबसे अधिक सड़क दुर्घटना भारत में होती है और लाखों की संख्या में युवा इससे प्रभावित होते हैं। इस अभियान के तहत तमाम संगठनों के अलग-अलग समूह लोगों को जागरुक करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा कार्यस्थलों, सामुदायिक केंद्रों और स्कूलों आदि में सड़क सुरक्षा को लेकर कई प्रस्तुतियां दी जाती हैं। साल 1989 में पहली बार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया था। सुंदर समिति द्वारा 15 मार्च 2010 को अनुशंसित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नीति को मंजूरी मिली थी। जिसके बाद से हर साल 11 जनवरी से 17 जनवरी तक यातायात नियमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस अभियान को आगे बढ़ाया जाने लगा। इस साल यानी की साल 2024 में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह की थीम, 'सड़क सुरक्षा नायक बनें' है। इस थीम के मुताबिक इस साल सड़क सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही दुर्घटनाग्रसित लोगों की सहायता किए जाने पर जोर दिया जाएगा। इस बार की थीम सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में सार्वभौमिक भागीदारी पर प्रकाश डालती है। इससे पहले साल 2023 में 'परवाह करेंगे, सुरक्षित रहेंगे' थीम रखी गई थी। दूसरी बात है कि पूरे देश में हिट एंड रन के कानून को लेकर विरोध जारी है।

# देश को आज कांग्रेस की पहले से अधिक जरूरत है

**इंदिरा** गांधी के जमाने में उनके नेतृत्व को पार्टी के ही कई बड़े दिग्गजों द्वारा चुनौती दी गई, कांग्रेस को विभाजित करने की कोशिशें की गई पर वे अविचलित रहीं। एक बड़ा फर्क. यह जरूर था कि कांग्रेस की अंदरूनी तोड़फोड़ में कोई बाहरी हाथ नहीं हुआ करता था। वाजपेयी और आडवाणी जैसे सौम्य नेता विपक्ष में हुआ करते थे। चंद्रशेखर, मोहन धारिया, कृष्णकांत, लक्ष्मी कांतम्मा जैसे कांग्रेस में बने रहकर ही आंतरिक प्रजातंत्र की लड़ाई लड़ते रहते थे, कभी अलग पार्टी नहीं बनाई। नागरिकों के सामने संकट है कि अधिनायकवादी ताकतों से निपटने के लिए उनके पास समय कम है। उन्हें यह भी तय करना है कि वे अपने आपको बचाएं या फिर कांग्रेस को। जब कांग्रेस कठिन राजनीतिक चुनौतियों के दौर से गुजर रही है, लोग जानना चाह रहे हैं कि कई अपेक्षित-अनपेक्षित तूफानों को मुस्कुराते हुए निपटा देने वाली इंदिरा गांधी अगर आज जीवित होतीं तो पार्टी के मौजूदा हालात में ऐसा क्या करतीं जो उनकी बहू सोनिया गांधी नहीं कर पा रहीं हैं? ताजा संकट पंजाब में प्रकट हुआ है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री पद के पुराने दावेदार नवजोत सिंह सिद्धू ने अब पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी को चुनौती दे दी है। पंजाब में अभी चुनाव हुए नहीं हैं, और महत्वाकांक्षी सिद्धू ने ताली ठोककर ऐलान कर दिया है कि मुख्यमंत्री पद का फैसला पार्टी आलाकमान नहीं बल्कि राज्य की जनता करेगी। यानी अगर राज्य में कांग्रेस को बहुमत मिल जाता है तो वे और उनके समर्थक ही सब कुछ तय करेंगे। अह्लरङ्ग फीं - प्रभात कुमार रॉय का लेख : सीमा को लेकर भारत-चीन का द्वंद्व इंदिरा गांधी के जमाने में उनके नेतृत्व को पार्टी के ही कई बड़े दिग्गजों द्वारा चुनौतियां दी गईं, नई-नई पार्टियां बनाई गई। कांग्रेस को विभाजित करने की कोशिशें की गई, पर वे अविचलित रहीं। एक बड़ा फर्क अब के मुकाबले तब में यह जरूर था कि कांग्रेस की अंदरूनी तोड़फोड़ में कोई बाहरी हाथ नहीं हुआ करता था। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी, आदि जैसे सौम्य नेता विपक्ष में हुआ करते थे। चंद्रशेखर, मोहन धारिया, कृष्णकांत, लक्ष्मी कांतम्मा जैसे कांग्रेस में बने रहकर ही आंतरिक प्रजातंत्र की लड़ाई लड़ते रहते थे, कभी अलग पार्टी नहीं बनाई। लगातार





**- श्रवण गर्ग**

> ज्योतिरादित्य सिंधिया और जितिन प्रसाद की उमर वाले भाजपा (और तृणमूल भी) में भर्ती हो रहे हैं; और बूढ़े महत्वाकांक्षी नई पार्टियां (कांग्रेस) बना रहे हैं। भाजपा और तृणमूल दोनों ने ही अपने दरवाजे सबके लिए खोल रखे हैं। कांग्रेस के सामने अपनी स्थापना के बाद से विभाजित हो जाने, टूटकर बिखर जाने के कई अवसर आए पर पार्टी बनी रही। अपनी तमाम पुरानी चीजों के साथ चिपके रहने वाले भारतीयों ने हर बार पार्टी को इतिहास के कबाड़खाने

निरंकुश होते जा रहे सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ लड़ाई के लिए जिस समय देश में एक राष्ट्रीय दल के रूप में कांग्रेस की सबसे ज्यादा जरूरत महसूस की जा रही है, हाल ही में अपनी 137वीं वर्षगांठ मनाने वाली उसी कांग्रेस के 'पारिवारिक' किरायेदार-कर्णधार उतनी ही ताकत से जनता को निराश कर रहे हैं। स्वतंत्रता संग्राम के समय के इस अग्रणी दल में नेतृत्व के खिलाफ जितने विद्रोह पिछले साढ़े छह दशकों में नहीं हुए होंगे, हाल के सवा दो दशकों में हो गए। एक के बाद एक राज्य और एक के बाद एक नेता और कार्यकर्ता पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुले आम बगावत कर रहा है। 1974 की एक घटना का स्मरण है। तब मैं पटना में रहते हुए जे पी के काम में सहयोग कर रहा था। एक दिन चंद्रशेखर जेपी से मिलने उनके कदम कुआं स्थित निवास पर आए। उनकी बातचीत के बीच मैं भी (केवल बातचीत सुनने वाले की तरह से) दूर बैठा उपस्थित था। तमाम इतर बातों के बीच चंद्रशेखर ने जेपी से कहा कि इंदिरा के कारण पार्टी में उनके जैसे लोगों का काम करना मुश्किल हो रहा है। उनका आशय जेपी से कांग्रेस छोड़ने की अनुमति प्राप्त करने से था। सार में यह कि जेपी ने सलाह दी कि वे पार्टी में रहते हुए ही आंतरिक लोकतंत्र के लिए अपनी लड़ाई जारी रखें और चंद्रशेखर लोकनायक का कहा मान भी गए। कैप्टन अमरिंदर सिंह अपनी नई पार्टी बना ही चुके हैं और भाजपा के साथ सीटों का बंटवारा करके चुनाव भी लड़ने जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में हाल के दिनों की विद्रोह की घटना उत्तराखंड में हरीश रावत जैसे विश्वसनीय नेता की थी जिसे समझा-बुझाकर बगैर ज्यादा नुकसान झेले हाल-फिलहाल के लिए शांत कर दिया गया। ज्योतिरादित्य सिंधिया और जितिन प्रसाद की उमर वाले भाजपा (और तृणमूल भी) में भर्ती हो रहे हैं; और बूढ़े महत्वाकांक्षी नई पार्टियां (कांग्रेस) बना रहे हैं। भाजपा और तृणमूल दोनों ने ही अपने दरवाजे सबके लिए खोल रखे हैं। मृत्यु के एक दिन पहले राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने एक ड्राफ़्ट तैयार करके कांग्रेस को लोक सेवक संघ में परिवर्तित कर देश के लाखों गांवों की आर्थिक-सामाजिक आजादी के काम में जुटने की सलाह दी थी। गांधीजी का मानना था कि देश को अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्त कराने के साथ ही कांग्रेस की स्थापना का उद्देश्य पूरा हो गया है। कांग्रेस को समाप्त होने से बचाए रखना जरूरी है। एक बिजूके की शक्ल में ही सही, इसलिए नहीं कि ऐसा करना गांधी-नेहरू परिवार को देश की उसकी सेवाओं के बदले भुगतान के लिए जरूरी है बल्कि इसलिए कि केसरिया परिधानों के बीच खादी के कुछ सफेद कुर्ते-पायजामे भी नजर आते रहेंगे तो दुनिया को दिखाने के लिए रहेगा कि खादी भंडारों के अलावा भी गांधी के जमाने का कुछ भारत में अभी बचा हुआ है और टूटी-फूटी हालत में लोकतंत्र भी जीवित है। यह एक विचित्र स्थिति है कि सर्वथा अलग-अलग कारणों से कांग्रेस की जरूरत चाहे देश के 106 करोड़ हिंदुओं में कम बची हो और इक्कीस करोड़ मुसलमानों का भी उस पर से यकीन फिर गया हो फिर भी उसे समाप्त करने के षड्यंत्रों के खिलाफ दोनों ही समुदायों का एक बड़ा वर्ग चिंतित है। राहुल अकेले प्रयास कर रहें है और उम्मीद है कि वे अपने प्रयास के अनुरुप सफल भी होंगे। अहम सवाल यह है कि अगर उत्तर भारत में कांग्रेस पस्त हो गयी तो क्षेत्रप के माध्यम से बननी वाली उनकी आभासी सरकार को जनता का कितना विश्वास प्राप्त होगा। राहुल गांधी की न्याय यात्रा आंरभ हो चुकी है और कल जब यात्रा आंरभ हुई तब महाराष्ट्र के वरिष्ठ कांग्रेसी ने पार्टी छोड़कर शिव सेना ज्वाइन कर लिया।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## खास बात

### प्लास्टिक का प्रदूषण

**हमारी** हवा, पानी व मिट्टी तो प्रदूषित हैं ही, लेकिन आधुनिक जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिये बाजार ने जो विकल्प हमें दिये हैं, वे भी हमारे जीवन में जहर घोल रहे हैं। बाजार ने मुनाफे के लिये सस्ते विकल्प तो दिये लेकिन साथ ही बीमारियों के लिये भी उर्वरा जमीन तैयार कर दी है। नित नये-नये शोध-अनुसंधान उन परतों को खोल रहे हैं, जो हमारे जीवन में बीमारियां बांट रही हैं। अब अमेरिका में हुए ताजा अनुसंधान में पता चला है कि हम पीने के पानी के लिये जिन प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करते हैं उनमें पैदा होने वाले नैनोप्लास्टिक्स कई घातक रोगों की वजह बन रहे हैं। आज सुविधा के लिये हम सफर में, स्कूल-कॉलेज तथा ऑफिस जाने के दौरान प्लास्टिक वाली पानी की बोतल लेकर चलते हैं। अब कहा जा रहा है कि इस पानी में उत्पन्न होने वाले प्लास्टिक के सूक्ष्मकण कई रोगों को उत्पन्न कर रहे हैं। यूं तो हम जानते हैं कि प्लास्टिक से तमाम तरह के नुकसान होते हैं। लेकिन नये अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि एक लीटर पानी वाली बोतल में तीन लाख से अधिक प्लास्टिक के सूक्ष्म कण होते हैं। ये अध्ययन अमेरिका की तीन शीतल जल बेचने वाली कंपनियों की बोतलों के नमूने लेकर किया गया है। ऐसे में भारत में बिकने वाली, गुणवत्ता के लिहाज से हल्की बोतलों से यह संकट कितना बड़ा हो सकता है, अंदाज सहज ही लगाया जा सकता है। दरअसल, यह ताजा अध्ययन शोधकताओं द्वारा नैनोप्लास्टिक पर केंद्रित था। बता दें कि नैनोप्लास्टिक्स माइक्रोप्लास्टिक्स से भी काफी छोटे होते हैं। हाल ही में जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज ने इस रिपोर्ट को विस्तार से प्रकाशित किया है। दरअसल, अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय के अनुसंधानकताओं ने बेहद परिष्कृत तकनीक से बोतलबंद पानी में इन सूक्ष्म कणों की गणना की है। चिंता की बात यह है कि प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हमारे स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं। अध्ययन बताता है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक कण पहले के अनुमान से बढ़कर सौ गुना अधिक संख्या में हो सकते हैं।

# राम भक्त फादर बुल्के

## धर्म-प्रवाह

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

**बेल्जियम** में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है, वे रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से रामकथा उत्पत्ति और विकासह्ल पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। रामकथा-वैश्विक सन्दर्भ में का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रन्थ राम कथा की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रन्थ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरूआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लडी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते।

रामकथा उत्पत्ति और विकास ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है।

**स्वामी** विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मैं उन्हें स्मरण एवं नमन करता हूँ। भारत के प्राचीन ज्ञान-विज्ञान और यहाँ की संस्कृति का पूरे विश्व में प्रचार-प्रसार करने में उनका अप्रतिम योगदान है।

**– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

## आपके ट्वीट

**हम** पहुंचेंगे हर घर तक,
न्याय का हक, मिलने तक!
गली, मोहल्ला, संसद तकन्याय का हक, मिलने तक!
सहो मत...डरो मत!

**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**





**प्राण**-प्रतिष्ठा से पूर्व 11 दिवसीय व्रत अनुष्ठान का पालन मेरा सौभाग्य है। मैं देश-विदेश से मिल रहे आशीर्वाद से अभिभूत हूं।

**– नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड

**प्रकृति का प्रहार ...**



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### अन्न का संरक्षण

**कई** केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं सहित धान और अन्य अनाज पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए। 30 प्रतिशत अनाज बर्बाद होता है। **–रवि, रातू**

### सजग मतदाता

**चुनाव** से पूर्व हर राजनीतिक पार्टी अपने घोषणा-पत्र में लोकलुभावनी घोषणाएं करती हैं। जिससे जनता को अपनी ओर आकर्षित किया जा सके। परन्तु अब जनता इन राजनेताओं के वादों, घोषणाओं से पूरी तरह सावधान रहती है। बेशक अब ये कितनी ही बातें कह लें, कितनी ही रैलियां कर लें, उन्हें पता है कि किसे वोट देना है।

**– रविशंकर सिंह रांची**

# सागर से संस्कार प्राप्त करने की यात्रा है गंगा सागर तीर्थ यात्रा

## यात्रा

**मुरलीधर**

**गंगा सागर** की तीर्थ यात्रा के बारे में कहा जाता है कि 'सारे तीरथ बार-बार गंगा सागर एक बार.' इस कहावत के पीछे मान्यता यह है कि जो पुण्यफल की प्राप्ति किसी श्रद्धालु को सभी तीर्थों की यात्रा और वहां पर जप-तप आदि करने पर मिलता है, वह उसे गंगा सागर की तीर्थयात्रा में एक बार में ही प्राप्त हो जाता है। गंगा सागर की तीर्थ यात्रा के बारे में कहा जाता है कि 'सारे तीरथ बार-बार गंगा सागर एक बार।' इस कहावत के पीछे मान्यता यह है कि जो पुण्यफल की प्राप्ति किसी श्रद्धालु को सभी तीर्थों की यात्रा और वहां पर जप-तप आदि करने पर मिलता है, वह उसे गंगा सागर की तीर्थयात्रा में एक बार में ही प्राप्त हो जाता है। गंगासागर मेला पश्चिम बंगाल में कोलकाता के निकट हुगली नदी के तट पर ठीक उसी स्थान पर किया जाता है, जहां पर गंगा नदी बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है। गंगासागर मेला पश्चिम बंगाल में कोलकाता के निकट हुगली नदी के तट पर ठीक उसी स्थान पर किया जाता है, जहां पर गंगा नदी बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है।मकर संक्रांति के दिन यहां पर स्नान और दान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन इस पावन स्थान पर स्नान करने पर 100 अश्वमेध यज्ञ करने का पुण्य फल प्राप्त होता है।मकर संक्रांति के दिन गंगा सागर में स्नान के पुण्यफल के पीछे एक पौराणिक कथा है, जिसके अनुसार मान्यता यह है कि जिस दिन गंगा शिव की जटा से निकलकर पृथ्वी पर बहते हुए ऋषि कपिल मुनि के आश्रम में पहुंची थी, वह मकर संक्रांति का ही दिन था। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा कपिल मुनि के श्राप के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए राजा सगर के 60 हजार पुत्रों को सद्गति प्रदान करके सागर मिल गयी।

गंगा सागर में कपिल मुनि का प्रसिद्ध मंदिर भी है, जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि यह कपिल मुनि के प्राचीन आश्रम स्थल पर बना हुआ है। मान्यता है कि कपिल मुनि के समय राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ करके यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ दिया। ये अश्व जिस राज्य से जाते, वहां के राजा या व्यक्ति विशेष को राजा की अधीनता स्वीकार करनी पड़ती है। उस अश्व की रक्षा के लिए राजा सगर ने अपने साठ हजार पुत्रों को भी भेजा था। एक दिन अश्व अचानक से गायब हो गया और बाद में कपिल मुनि के आश्रम में जाकर मिला। जहां पर राजा के पुत्रों ने जाकर कपिल मुनि को अपशब्द कहना शुरू किया। इससे नाराज होकर कपिल मुनि ने अपने नेत्रों के तेज से उन सभी 60 हजार पुत्रों को भस्म कर दिया।

मान्यता है कि कपिल मुनि के श्राप के कारण उन्हें जब वर्षों तक मुक्ति नहीं मिली तो राजा सगर के पौत्र भगीरथ ने कपिल मुनि के आश्रम में जाकर माफी मांगी और अपने पुरखों की मुक्ति का उपाय पूछा। तब कपिल मुनि ने उन्हें गंगा जल से मुक्ति पाने का उपाय बताया। जिसके बाद राजा भगीरथ ने कठिन तप करके गंगा को पृथ्वी पर लेकर आए।

गंगा सागर में स्नान करने के बाद श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्ध्य देते हैं। इस दिन गंगा और सागर के संगम में भक्तगण समुद्र देवता को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन यहां पर स्नान करने पर सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और श्रद्धालु को मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा सागर में स्नान करने के बाद श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्ध्य देते हैं। इस दिन गंगा और सागर के संगम में भक्तगण समुद्र देवता को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं. मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन यहां पर स्नान करने पर सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और श्रद्धालु को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# अयोध्याधाम बनेगा संसार का सबसे पवित्र तीर्थ

**आर.के. सिन्हा**

यह एक ऐसा अवसर है, जिसका इंतजार भारत कई शताब्दियों से कर रहा था। लंबे संघर्ष और विवाद के बाद नौ नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के साथ शुरू हुआ। अयोध्या में मंदिर निर्माण का सफर 22 जनवरी को एक बड़ी पूणार्हुति को प्राप्त करेगा। नव्य और भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ एक ऐसा ऐतिहासिक चरण पूरा होगा, जो आधुनिक भारत में सांस्कृतिक नवजागरण का शीर्ष साक्ष्य होगा।

30 दिसंबर 2023 को अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्र में 11,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है।अयोध्याधाम के साथ विकसित हो रहा भगवान राम का जन्मस्थान मंदिर आधुनिक भारत का एक ऐसा महान तीर्थ बनने जा रहा है, जो प्रधानमंत्री की विरासत और विकास के विजन के अनुरूप है। दुनिया में कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी पुरातन विरासत को तो संभालना ही होगा। हमारी विरासत, हमें प्रेरणा देती है, हमें सही मार्ग दिखाती है। आज अयोध्या की शोभा देखते ही बनती है। सूर्यवंशी राजा राम की नगरी अयोध्या में जगह-जगह सूर्यस्तंभ लगाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में कांस्य की बनी विशाल जटायु प्रतिमा भी लगाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में हवाई अड्डे का लोकार्पण करते हुए तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के यहां आने की सुगमता पहले ही बढ़ा दी है। हाईटेक रेलवे स्टेशन के निर्माण से तो अयोध्याधाम की कनेक्टिविटी और भी बढ़ गई है। उन्होंने दिन-रात मेहनत कर यह सुनिश्चित किया ताकि अयोध्या को संसार के सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल का दर्जा प्राप्त हो जाए।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश से श्रद्धालुओं का आना बढ़ जाएगा। यहां बनने जा रही नई टाउनशिप यहां के लोगों का जीवन और आसान बनाएगी। इसके लिए कई स्तरों पर कई क्षेत्रों में तेजी से कार्य हो रहा है। आवाजाही की सुगमता के लिए यहां जगह-जगह मल्टीलेवल पार्किंग बन रही है। यहां इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने की भी पर्याप्त सुविधा भी रहेगी। अयोध्या में भक्तिपथ, रामपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ आदि का लोकार्पण भी होना है। इसी तरह नए मेडिकल कॉलेज से यहां आरोग्य की सुविधाओं को और विस्तार मिलेगा। सरयू नदी में गिरने वाले दूषित पानी को रोकने के लिए भी काम शुरू हुआ है। राम की पैड़ी को एक नया स्वरूप दिया गया है। सरयू किनारे नए-नए घाटों का विकास हो रहा हैक यहां के सभी प्राचीन कुंडों का पुनरुद्धार किया जा रहा है। लता मंगेशकर चौक हो या राम कथा स्थल, ये आज अयोध्या की पहचान बढ़ा रहे हैं। विगत तीन वर्षों में विश्व ने अयोध्या की भव्य दीपावली देखी है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश-विदेश में उत्साह है। समारोह के लिए थाईलैंड के राजा ने वहां की मिट्टी भेजी है। कंबोडिया से सुगंधित हल्दी आई है। कई और देशों से इस महान अवसर के लिए अनमोल भेंट आने का सिलसिला जारी है। इसी तरह देश के विभिन्न प्रदेशों से भी भेंट और पूजन सामग्री अयोध्या पहुंच रही है। जोधपुर से 600 किलोग्राम गाय का घी आया है, तो जनकपुर से मिथिला आर्ट पेंटिंग आई है। इस पेंटिंग में माता सीता के धरती की गोद से जन्म से लेकर उनका प्रभु राम से विवाह तक के प्रसंगों को दशार्या गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी आज सवा सौ करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं के प्रतिबिंब हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सेवा समिति ने गरीबों को दिया कंबल



**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति एवं जिला नाई समिति के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को छत्तर मांडू स्थित सामुदायिक भवन में कंबल वितरण किया गया। वितरण में झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा,मनोज मंडल, रंजन फौजी, राजेश कुमार ,जीतू अग्रवाल, अजीत जायसवाल, विनोद साहू, नंदकिशोर गुप्ता, डॉ संजय सिंह, डॉ एसके सिन्हा, प्रोफेसर राजेश प्रसाद, नाई समिति के जिलाध्यक्ष प्रो पूर्णकांत कुमार, सचिव लालचंद ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष प्रणीत कुमार ठाकुर, संरक्षक महेंद्र ठाकुर मौजूद थे। 50 वृद्ध जरूरतमंद लोगों के बीच झारखंड सेवा समिति द्वारा कंबल का वितरण किया गया। अमित सिन्हा ने कहा कि समाज के वृद्ध और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए ही झारखंड सेवा समिति का गठन किया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि झारखंड सेवा समिति समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती है और आगे भी रहेगी। मौके पर बिगेंद्र ठाकुर, अंतू ठाकुर ,नेमधारी ठाकुर, मेघु ठाकुर, बी ठाकुर, जलेश्वरी देवी, मोहन ठाकुर सुंदरी देवी, तारा देवी ,प्रमिला देवी ,उर्मिला देवी, चंद्रिका देवी सीता देवी, सीमा देवी ,महादेव ठाकुर ,भुनेश्वर ठाकुर ,अनीता देवी, वासो देवी, फुलेश्वरी देवी , नवनीत कुमार, उत्तम कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कृषि विभाग की भूमि पर खुदाई

**रामगढ़ ।** कैथा स्थित कृषि विभाग की भूमि पर डीसी के निर्देश पर जेसीबी से खुदाई का कार्य किया जा रहा है। जिसका रविवार को स्थानीय महिलाओं ने जमकर विरोध किया। महिलाओं ने कहा कि यह भूमि उनके पुरखों की है. वहीं, वन विभाग पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि यह भूमि कृषि विभाग की है और डीसी के निर्देश पर यहां कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं जो मुआवजा मांग रही हैं वह दिया जा चुका है। मौके पर सीओ सत्येंद्र पासवान सहित पुलिस पदाधिकारी और पुलिस के जवान मौजूद थे.

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन जगमग होगा मंदिर



**कुजू।** दिगवार काली मंदिर में राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों ने मंदिर परिसर की साफ सफाई की। इसके बाद बैठक कर प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिर परिसर में एलइडी टीवी लगाकर लाइव प्रसारण देखने, पूजा- पाठ, महिला मंडली के द्वारा शिव चर्चा, भजन- कीर्तन, प्रसाद वितरण एवं कीर्तन मंडली के द्वारा भक्ति भजन आयोजित करने, जबकि संध्या बेला में मंदिर को दियों से सजाकर दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया। जिसके सफल संचालन के लिए कमिटी भी गठित की गई ।जिसमें अध्यक्ष रोहन लाल, सचिव विनोद प्रसाद, कोषाध्यक्ष बिनोद एचपी, संरक्षक बिट्टू प्रसाद, व्यवस्थापक अर्जुन महतो, सांस्कृतिक मंत्री मनोज गिरी व नारायण यादव को बनाया गया।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी निवासी समाजसेवी भुन्नु सिंह के पिता स्व. वकील प्रसाद सिंह के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वावधान में रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आए गरीबों को भोजन कराया गया। भुन्नु सिंह ने अपने पिता के पुण्यतिथि पर खुद के सहयोग से लगभग डेढ़ सौ गरीबों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, जयप्रकाश पांडेय, अशोक झा, लखन राम, उत्कर्ष राज सिंह, जतीन कुमार, मो. शाहिद, इम्तियाज अली आदि का विशेष योगदान रहा।

### दयामंति देवी ने किया जल मीनार का शिलान्यास



**कुजू।** जिला परिषद मद के करीब 5 लाख 90 हजार 600 रुपए की लागत से तोपा पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय तोपा बस्ती में जल मीनार का शिलान्यास किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी, मुखिया मफूजा खातून, जिप प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने सयुंक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चन व नारियल फोड़कर जल मीनार का शिलान्यास किया। दयामंति देवी ने कहा कि जलामीनार के निर्माण होने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी सुविधा होगी। मौके पर अरशद अंसारी, सिकंदर अंसारी, निर्मल करमाली, मिनत परवीन, सरफराज अंसारी, हनीफ अंसारी, आजाद कलाम, अफशाना खातून, कलाम अंसारी, फिरोज अंसारी, मन्नू रविदास, शाहिद अंसारी, आलम अंसारी आदि मौजूद थे।

### सद्भावना मंच ने गरीबों को दिया कंबल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सद्भावना मंच के तत्वावधान में सोशल फोर ब्राईट फ्यूचर की ओर से रविवार को रामनवमी मैदान लक्ष्मी टॉकीज के झोपड़ पट्टी में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान लगभग 50-60 जरूरतमंदों के बीच कंबल व चुड़ा-गुड़ और तिलकुट का वितरण कर मकरसंक्रांति की बधाई दी गइ। मंच के अध्यक्ष शमीम अहमद व सचिव नसीम अख्तर ने कहा कि मंच का उद्देश्य गरीब-जरूरतमंदों की हर संभव मदद व सेवा करना है। उन्होंने कहा की मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। समाज के संपन्न लोगों को इस कार्य के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे भी जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जायेगी।

# बिजली के तार गिरने से युवक की मौत

## ग्रामीणों ने घंटों जीटी रोड किया जाम

### 15 मिनट जलता रहा युवक, फोन नहीं उठाये विभाग के अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 02 धोबियाडीह के निकट विकलांग युवक गणेश ठाकुर पिता सहदेव ठाकुर के ऊपर 11 हजार वोल्ट की तार टूटकर गिरने के कारण युवक की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि युवक नाई का काम करता था। वह लघुशंका के लिए दूकान से बाहर निकला था इसी दौरान 11,000 वोल्ट की तार उसपर गिर गई जिससे वो जल गया। ग्रामीणों के द्वारा विभाग की जानकारी देने के बावजूद बिजलीकर्मियों ने फोन भी नही उठाया। जिसके कारण युवक जल कर मर गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित होकर एनएच 02 सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने मांग की कि विभाग घटना स्थल पर आकर वार्ता करें और 10 लाख रुपये मुआवजा और आश्रितों को एक सरकारी नौकरी देने का काम करें।

**ग्रामीणों ने जमकर विभाग के खिलाफ की नारेबाजी :** युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया। जिसके बाद राहगीरों व यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों को बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण बिजली विभाग को घटना स्थल पर बुलाने की बात पर डटे रहे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जेबीकेएसएस युवा नेता संजय मेहता, विहीप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, राजद नेत्री पूनम यादव घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। मृतक के पिता सहदेव ठाकुर ने बरही थाना में आवेदन देकर विभाग के पदाधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।



ग्रामीणों को समझाते अधिकारी।

**क्या कहते हैं विधायक**

विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से युवक की जान चली गयी है। बिजली विभाग के जीएम से उनकी वार्ता हुई है। जीएम ने उन्हें आश्वस्त किया है कि पीड़ित परिवार को मुआवजा और अनुकम्पा पर आश्रित परिवार को नौकरी देने का काम किया जाएगा। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि विभाग की लापरवाही से युवक की जान चली गयी है। कहा कि विभाग जल्द ही जर्जर तार को दुरुस्त नही करता है तो घटना की पुनरावृत्ति होने पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, जेबीकेएसएस युवा नेता संजय मेहता, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पूनम यादव, छट्ठू गोप सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# बरकट्ठा में दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए विधायक और पूर्व विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरकट्ठा।** चुनावी वर्ष का असर बरकट्ठा में दिखेने को मिला प्रखंड के अलग अलग पांच जगहों में दही-चूड़ा सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

विधायक अमित कुमार यादव ने दिव्य कल्याण आश्रम में दही-चूड़ा सह मिलन समारोह का आयोजन किया।जहां केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए।सभी अतिथियों का विधायक ने भव्य स्वागत किया।वहीं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से आये दर्जनो कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि,क्षेत्र की जनता ने दही-चुड़ा, तिलकुट का लुफ्त उठाया।विधायक ने कहा हर साल की भांति इस बार भी दही-चूड़ा सह मिलन समारोह आयोजित किया गया।इस तरह के आयोजन से क्षेत्र की जनता व कार्यकताओं के साथ दही-चुड़ा भोज पर मिलने का अवसर मिलता है। बरकट्ठा विधानसभा के हरेक क्षेत्र से लोग दही-चुड़ा सह संकल्प सभा मे शामिल हुए और दही -चूड़ा ,तिलकुट का आनंद उठाया।जिप सदस्य कुमकुम देवी ने भी पहली बार पंचफेडी मे दही-चूड़ा सह मिलन समारोह का आयोजन किया। वहां भी काफी संख्या लोग जुटे। वहीं झामुमो पार्टी की ओर से शंभु लाल यादव ने जमसोती मोड़ पर दही-चूड़ा कार्यक्रम किया।जिसमें पार्टी के संजय साव,प्रमोद गुप्ता समेत कई लोग मुख्य रुप से उपस्थित थे।इस अवसर पर शंभु यादव ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं झामुमो पार्टी के जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने भी अपने आवास पर पहली बार दही-चूड़ा सह मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी,केंद्रीय सदस्य कमल नयन सिंह,संजीव बेदिया, बरकत अली,निजाम अंसारी,धीरेंद्र पांडेय मौजूद थे। दही-चूड़ा कार्यक्रम में जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, प्रमुख रेणु देवी, बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,भोला प्रसाद, समन समेत कई लोग शामिल हुए।

### मेला संस्कृति की पहचान : चंद्रप्रकाश



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के दामोदर नदी तट पर रविवार को लाखो लता मेला का उद्घाटन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, युवा समाजसेवी पियूष चौधरी, समाजसेवी जगदीश महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। चौधरी ने कहा कि मेला के आयोजन से समाज के लोगों के बीच आपसी भाईचारा बढ़ता है। मेला हमारी परंपरागत संस्कृति की पहचान है। आस्था एवं श्रद्धा बढ़ती है। इस दौरान द ग्रेट म्यूजिकल ग्रुप के मजबूल खान एवं रांची से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

### सूर्यकुंड मेला का उद्घाटन



बरकट्ठा। एशिया का सबसे गर्म कुंड सूर्यकुण्ड मेले का उद्घाटन मंत्री बेबी देवी ,केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी विधायक अमित कुमार यादव सयुंक्त रूप से पूजा अर्चना व फीता काटकर किया गया। विधायक ने कहा कि यदि सूर्यकुंड का विकास चाहते है तो त्याग की भावना रखना होगा। झारखंड सरकार व केंद्र सरकार के मंत्री से विधायक ने सूर्यकुंड का विकास वृहत स्तर पर करने के लिए अनुरोध किया। मंत्री बेबी देवी ने युवाओं से अपील करते हुए मेला को शांतिपूर्ण तरीके चलाने की बात की ।वहीं सूर्यकुंड विकास को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री से बात किया जाएगा ।केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सूर्यकुंड के विकास में हमारा पूरा सहयोग रहेगा ।उद्घघाटन के अवसर पर झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, जेएमएम नेता डॉ0 कमलनयन सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, जिला परिषद सदस्य प्रेणा प्रिया, मुखिया ललिता देवी, प्रीति गुप्ता, यासीन खान, जेएमएम केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतों, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन राणा समेत मेला कमिटी के लोग शामिल थे।

### सांसद जयंत सिन्हा को मिला महारत्न पुरस्कार, भाजपाइयों ने जताया हर्ष



**रामगढ़ ।** सांसद जयंत सिन्हा को महारत्न पुरस्कार मिलने पर भाजपा ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर हर्ष जताया है। रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि पूरे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लिए यह गर्व का पल है। जनता ने जिस प्रतिनिधि को चुना वह प्रतिनिधि संसद में 100 फीसदी उपस्थित होकर उनके मुद्दों को उठा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार के लिए जयन्त सिन्हा को यह सम्मान चुनाव निर्णायक समिति के वरिष्ठ सदस्यगणों में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पूर्व वरिष्ठ चुनाव प्रमुख टी एस कृष्णमूर्ति व अन्य प्रमुख सदस्यों द्वारा किया गया है। जयंत सिन्हा ने अपने कार्यकाल में हजारीबाग, रामगढ़, झारखंड व देश हित से जुड़े लगभग 1000 प्रश्न उठाए। इसके अलावा जीरो अवर में 29 मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करवाया। उन्होंने देश हित से जुड़े 13 प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किए हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को भव्य तरीके से मनाने के तैयारी कर ली गई है। 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी कार्यकर्ता द्वारा अपने नजदीकी मन्दिर में स्वछता अभियान चलाया जाएगा। वहीं एलईडी के माध्यम से रजरप्पा मन्दिर परिसर सहित जिला के कई मुख्य मंदिर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का लाइव टेलीकास्ट देखने की व्यवस्था की गयी है। मौके पर प्रेस वार्ता में उपस्थित भाजपा जला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा, रंजीत कुमार सिन्हा, रणजय कुमार, राजू चतुर्वेदी, रंजन फौजी, रविन्द्र प्रसाद शर्मा ,राजीव पामदत्त और दिलीप सिंह उपस्थित थे।

### रामगढ़ में नीतीश की जोहार रैली होगी ऐतिहासिक : खीरू




**कुजू।** मुरपा फोरलेन स्थित अक्षत बैंकेट हॉल परिसर में बिहार के सीएम नीतीश कुमार जोहार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को जदयू ने की बैठक। इसकी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू व संचालन प्रदेश महासचिव जगदीश महतो ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो व मधुकर सिंह शामिल हुए। खीरू महतो ने कहा कि रामगढ़ में 3 फरवरी को होने वाले नीतीश के जोहार रैली होगी ऐतिहासिक। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को कार्यकर्ता हल्के में न लें। नीतीश कुमार के रामगढ़ आने से हमलोगों को एक नई उर्जा मिलेगी। जिससे लोकसभा व विधानसभा चुनाव की रूप रेखा तैयार किया जायेगा। मौके पर कुमेश्वर महतो, अख्तर हुसैन खां, वीरेंद्र पासवान, दुष्यंत पटेल, संजय कुमार सिंह, राजू महतो, रौशनलाल महतो, रामाकांत पटेल, उमेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

# गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य : मनोज सिंह

**▸▸ प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल ने गरीबों को दिया चूड़ा और तिलकुट**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल के पत्रकारों ने प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल के तत्वावधान में पूर्व की भांति अपने सामाजिक दायित्वों के तहत मकर संक्राति के पावन अवसर पर रविवार को दर्जनों गरीबों के बीच चूड़ा-गुड़, तिलकुट व लाई का वितरण किया। साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में रविवार को खलारी, राय, बचरा, हेन्देगिर आदि दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले लोगों सहित भिक्षाटन कर जीवनयापन करने वाले करीब 50-60 गरीब-असहायों के बीच बीच घूम-घूमकर पत्रकारों द्वारा चूड़ा-गुड़, तिलकुट व लाई का वितरण कर नववर्ष 2024 और मकर संक्राति पर्व की बधाईयां दी गई। मालूम हो कि भुरकुंडा कोयलांचल के पत्रकार अपने सामाजिक दायित्वों के तहत समय-समय पर गरीब-जरूरतमंदों की सेवा के लिए हर सार्थक कदम उठाते रहे हैं। पूर्व में भी भुरकुंडा के पत्रकारों द्वारा सैंकड़ों गरीबों के बीच मकर संक्राति के अवसर पर चूड़ा-तिलकुट व गुड़ का वितरण किया गया था। प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष सह प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल के पत्रकार मनोज कुमार सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल के पत्रकार गरीब-जरूरतमंदों के साथ त्योहार की खुशियां मनाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में पत्रकार राजकुमार सिंह, महावीर ठाकुर, मनोज सिंह, अवधेश शर्मा, राकेश पांडेय, हृदय नारायण सिंह, उत्तम सिन्हा, दुर्गेश नंदन तिवारी, कुमार आलोक, दीपक कुमार, कमलेश मेहता, बिजेंद्र पासवान, संजय पासवान, मो इस्लाम, राकेश सिंह, दिलीप प्रजापति, मुकेश प्रसाद आदि का विशेष योगदान रहा।

### हनुमान मंदिर में हरिकीर्त्तन शुरू

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा बाजार स्थित श्रीश्री खोपडिया बाबा धर्मशाला सह प्राचीन हनुमान मंदिर में रविवार को 48 घंटे के अखंड-हरिकीर्त्तन शुरू हुआ। हरिकीर्त्तन में यजमान के रूप में बाबुलाल नायक, मंजू देवी और अखंड मंडली के शम्भू साव, बाबू, अशोक, राजेंद्र, रोशन, अभिषेक मिश्रा, भीम सिंह, नान्हू राय, सुभाष राय आदि शामिल हुए। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद अखंड-कीर्त्तन का शुभारंभ हुआ। अखंड-कीर्त्तन के दौरान हरे राम-हरे कृष्ण के भक्ति उद्घोषों से पूरा भुरकुंडा बाजार क्षेत्र गूंजता रहा। मौके पर भोला प्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, संतोष, ओमप्रकाश गुप्ता, पवन कुमार, सचिन कुमार, पंकज, करण, किशन, साहिल, विकास सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## एक नजर में

### हाजी नूर मोहम्मद को दी गयी मिट्टी



बरही। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम के पिता हाजी नूर मोहम्मद का निधन हो गया। वेतीन माह से ब्रेन ट्यूमर की बीमारी से जुझ रहे थे, शनिवार रात सबको अलविदा कहकर चले गए। बता दें कि हाजी नूर मोहम्मद एक कुशल कृषक एवं सामाजिक व्यक्ति थे। उनके निधन की खबर सुनकर पूरे गांव पंचायत एवं प्रखंड में शोक की लहर दौड़ पड़ी। लोगो ने हाजी के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। रविवार 2 बजे गरजामू डूमरियाडीह कब्रिस्तान में उनके पाक शरीर को सुपर्द खाक किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि मो तौकीर रजा, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, डोमन पांडेय, एनसीपी नेता महेश ठाकुर, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, मनोज मंडल, पंसस प्रतिनिधि बिनोद यादव, बंधन यादव, किशोर यादव सहित अन्य ग्रामीण व उनके परिजन मौजूद थे।

### सोनपुरा में अक्षत का घर-घर हुआ वितरण



**बड़कागांव।** सोनपुरा ग्राम में मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद की उपस्थिति में घर-घर अयोध्या के पूजित अक्षत का वितरण किया गया। लोग ढोल नगाड़े के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया और सभी घरों में अक्षत का वितरण किया। वितरण में जिप सदस्य सुनीता देवी,उप प्रमुख वचन देव कुमार पसस रंजीत चौबे, प्रोफेसर लालदेव महतो,भोला दांगी,गिन्नी वर्मा,बासमती देवी,ओम प्रकाश कुमार,रामचरित्र प्रसाद,समाज सेवा भवानी दांगी, ज्ञानी कुमार, रामनाथ कुमार,मोहित दांगी,विनोद प्रसाद दांगी,भोला महतो,सुरेंद्र महतो, बैजनाथ महतो,संगीता कुमारी सहित सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

### अक्षत वितरण के दौरान जमकर झूमे राम भक्त



**दारु।** कबलासी पंचायत में अक्षत वितरण के दौरान रामभक्त पूरे भक्ति में सरोवर नजर आए बजे गाजे के साथ निकले जुलूस में राम, लक्ष्मण और सीता के रूप बनाकर झांकी निकाली गई । झांकी में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए और इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया । यहां राम भक्तों ने रविवार को घर- घर जाकर अयोध्या से आये अक्षत का वितरण किया। इस दौरान भक्ति में सरोबार राम भक्त झूमते गाते जय श्री राम लगते लोगों के घरों तक पहुंचे। कबलासी के गाडीसाडम मे रामभक्तों का स्वागत लोगों ने बड़े ही भक्ति भाव से और बढ़-चढ़कर किया। राम की झांकी निकालने वालों में संतोष पासवान रमेश राणा नागेश्वर पासवान छात्रधारी राणा कैलाश राणा शायद बड़ी संख्या में महिला पुरुष राम भक्त शामिल थे।

### इंगुनिया, मचला व ककरौला में अक्षत का वितरण



**चौपारण।** ग्राम इंगुनिया के रामभक्तों ने मचला व ककरौला में किया पूजित अक्षत का वितरण। इस दौरान पूरे ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ रामभक्तों का स्वागत किया। रामभक्तों ने एक- एक घर जा कर अयोध्या धाम स आये पूजित अक्षत व पत्रक देते हुवे सभी से अपने घरों व मंदिरों में रामज्योति जलाने का आग्रह किया। मौके पर राम लगन सिंह, रामबृक्ष सिंह, दिनेश शर्मा, राम खेलावन शर्मा, राज किशोर शर्मा, राम प्रकाश सिंह, अवधेश सिंह, शिव कुमार पांडेय, राजेश सिंह, महेश सिंह, सुबोध कुमार सिंह, आशुतोष सिंह, अभय सिंह, दिलीप सिंह, रामानंद पांडेय, रंजीत सिंह, कपिल देव सिंह,अजय सिंह, मृत्युंजय सिंह, पवन सिंह, कौशल किशोर सिंह सहित सैकड़ों रामभक्त शामिल हुए।

### जयंत सिन्हा को महारत्न मिलने पर भाजपा में खुशी



**टाटीझरिया।** सांसद जयंत सिन्हा को पिछले पांच वर्षो के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नई दिल्ली के निर्णायक समिति ने सांसद महारत्न पुरस्कार के लिए घोषणा की। भाजपा कार्यालय टाटीझरिया में प्रेस कांफ्रेंस महामंत्री सह टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल की अध्यक्षता में हुई। मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा,सांसद प्रतिनिधि शिक्षा विभाग हजारीबाग मिथिलेश कुमार पाठक,प्रखंड सांसद प्रतिनिधि कैलासपति सिंह,महेश अग्रवाल,पूर्व भाजपा विष्णुगढ़ अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,अनिल प्रसाद,होपन सिंह,रजनीकांत चौधरी,राजू यादव उपस्थित हुए। श्री पाठक ने कहा कि इनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को भी पांच वर्षो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ समिति के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा कि वित्त समिति महत्वपूर्ण विषयों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है,जिसके आधार पर केंद्र सरकार नीति बनाती है। सांसद महारत्न पुरस्कार हजारीबाग वासियों के लिए बल्कि सम्पूर्ण लोकसभा और झारखंड राज्य की भी गर्व की बात है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बड़कागांव।** राम जानकी मंदिर के समीप 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुशवाहा एवं कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से किया। शनिवार को विधायक अंबा प्रसाद द्वारा 63 केवीए के स्थान पर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया था। मौके पर मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार , रंजीत कुमार,मनोज कुमार, रोहित सिंह, गौतम वर्मा, विनय जायसवाल दीपक गुप्ता, प्रमोद सोनी, दिवाकर जायसवाल,बिंदु गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

### अक्षत वितरण को ले निकली शोभायात्रा

**टाटीझरिया ।** खैरा गांव में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का ले अक्षत वितरण सह आमंत्रण कलश यात्रा रविवार को गली मोहल्ले में श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ जय श्री राम के जय घोष करते हुए अपने हाथो में हनुमान ध्वज लिए घर घर अक्षत पहुंचाएंगे की संकल्प लेकर अक्षत वितरण कर लोगों से कहा कि 22 जनवरी को सभी रामभक्तअपने अपने घरों में श्री राम की तस्वीर के समीप दीप प्रज्ज्वलित करें। शोभा यात्रा के दौरान मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, अरविंद केशरी, विनय कुमार दास, सुनील पांडेय , परमेश्वर प्रसाद,रेणु देवी ,रेखा देवी,मंजू देवी,रीना देवी, किरण देवी,बबिता देवी, कंचन देवी, व विजय पांडेय मौजूद थे।

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय, जिला न्यायाधीश 2.
हजारीबाग।
सिविल स्वत्व अपील वाद संख्या
02/2014
रमेन्द्र कुमार अग्रवाल... अपीलकर्ता
बनाम
श्रीमती जायसवाल वगैरह
उत्तरवादी
नोटिस बनाम
1 श्रीमती सरोज जायसवाल वगैरह पति स्व. कृष्णन जायसवाल
2. राजन जायसवाल पिता स्व. कृष्णन जायसवाल, दोनों निवास स्थान बड़ा बजार थाना सदर, वर्तमान थाना बड़ा बजार, जिला हजारीबाग।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलकर्ता रमेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा आपके विरुद्ध सिविल स्वत्व अपील वाद संख्या 02/2014 हजारीबाग न्यायालय में दायर किया गया है। यह अपील आपके उपस्थिति है ,लबिंत चला आ रहा है जिसकी अगली तारीख 25/01/2024 को है।

अतः इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि स्वयं या अपने अधिक्ता के माध्यम से न्यायालय में उक्त तिथि 25/01/2024 को 10:30 बजे पूर्वाह्न आकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी। यह नोटिस मेंरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

न्यायालय जिला न्यायाधीश-2
हजारीबाग।

## स्पीड न्यूज

### आज पीएम करेंगे लाभुकों से संवाद

**गुमला।** जिले के पीवीटीजी परिवारों को विभिन्न केन्द्र प्रायोजित योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादन के निमित पीएम जनमन योजना का क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया है। उक्त योजना अंतर्गत संवेदनशील जनजातीय समूह के परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के लिए ससमय योजना से लाभान्वित किये जाने हेतु जिला प्रशासन की पूरी टीम लगातार कार्य कर रही है। 15 जनवरी को प्रधानमंत्री गुमला जिले के योजनाओं से लाभान्वित पीवीटीजी समुदाय के लाभुकों से परस्पर संवाद करेंगे। जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहेंगे।

### पैसे भुगतान को 19 फरवरी को धरना

**गुमला।** यूनियन बैंकिंग पीड़ित मंच गुमला इकाई के बैनर तले विभिन्न बैंकिंग कंपनियों में हजारों परिवार के करोड़ों रुपए जमा पैसे की भुगतान की मांग को लेकर 19 फरवरी को गुमला उपायुक्त के समक्ष धरना दिया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर गुमला जिला के अनुमंडल व कुछ एक प्रखंडों में जनसंपर्क व पीड़ितों से बैठक इत्यादि कार्यक्रम कर धरना की तैयारी की जायेगी। विदित हो कि गुमला जिला के करीब-करीब सभी गांव व शहर के लोगों का पैसा विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में अरबों रुपए फंसे हुए हैं।

### सारू पहाड़ में जिला स्तरीय वनभोज

**गुमला।** धर्म धुमकुड़िया सेरका बरटोली विशुनपुर के संजय उरांव के नेतृत्व में रविवार को आदिवाससियों के धार्मिक स्थल सारू पहाड़ सरना मौजा बगीचा में जिला स्तरीय वनभोज सह सारू दर्शन पूजन समारोह किया गया। कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य समाज को विकसित करने, समाज की एकजुटता बनाये रखने, शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने व आदिवासी रीति रिवाज व परंपरा को बनाये रखने के लिए किया गया। संजय उरांव ने कहा कि आदिवासियों का सर्वश्रेष्ठ पूजा डंडा काटना से शुरू होता है। कार्यक्रम में जगन्नाथ उरांव, महेंद्र उरांव, फौदा उरांव, लोबे उरांव, विनोद उरांव, नरेश उरांव, चिंतामनी उरांव, बुधमनिया उरांव भी थे।

### कुरुमगढ़ चौक के समीप वाहन चेकिंग



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के कुरूमगढ़ चौक के समीप रविवार को कुरुमगढ़ पुलिस के द्वारा अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं कागजातों की गहनता के साथ जांच की गयी। वहीं बिना हेलमेट के चलने वाले कई वाहनों को जब्त किया गया।

### आजसू नगर कमेटी का सम्मेलन जल्द

**लोहरदगा।** आजूस पार्टी नगर कमिटि की बैठक आजसू कार्यालय में हुई। जिसमें आजसू नगर के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में शीघ्र ही नगर कमेटी के सम्मेलन को लेकर चर्चा हुई और वार्ड प्रभारी नियुक्त किये गये। यह भी तय किया गया कि नगर में व्याप्त जन समस्याओं एवं भ्रष्टाचार के विरोध में धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा। बैठक में आजसू नगर अध्यक्ष अशोक साहू, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, नगर प्रधान सचिव कुमार अभिषेक, नगर उपाध्यक्ष आयुष गोयल, प्रदीप नायक, हर्षित अग्रवाल, सनी अग्रवाल, अभिषेक साहू, राहुल राजबाला, सुशील पटनायक (शौर्य सम्राट), इबनेन फिरोज खान, रिजवान अंसारी उपस्थित थे।

### सूर्य उत्तरायण महायज्ञ आज

**लोहरदगा।** चित्तरी घाघ मेला में सूर्य उत्तरायण महायज्ञ का आयोजन मकर संक्रांति के उपलक्ष में होगी। मौके पर युवा विद्वानों तथा मूंगों के विद्यार्थी वेद पाठ करेंगे। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य अशोक ने बताया कि मकर संक्रांति पर संसार का सबसे श्रेष्ठ कर्म है यज्ञ करना। अग्नि में आरती डालने से अभी सूक्ष्म होकर सूर्य तक फैल जाती हैं। दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करता है, मकर संक्रांति के बाद सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। यज्ञ करने वाले व्यक्ति की सार्वभौमिक उन्नति होती है, हानिकारक रोग विषाणु का नाश होता है, पर्यावरण की शुद्धि होती है, यज्ञ के मंत्र का सामूहिक उच्चारण से अलौकिक शक्तियों का प्रादुर्भाव होता है। यज्ञ में वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट के सदस्य रंजन समतानी एवं सहयोगी भंडारा करायेंगे। यज्ञ की तैयारियों में प्रबंध समित के शीतांशु भूषण, सुरेश सिंह, करण सिंह, रत्नेश प्रकाश, निर्मला साहू हरमू, महेश कुमार, रोहित साहू, निलेश गुप्ता आदि लगे हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में दिख रहा उत्साह



**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र अरु गांव में राम भक्तों में उत्साह दिखा। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे बाजे के साथ अयोध्या से आए अक्षत को लेकर निमंत्रण देने गांव में ग्रामीण निकले। निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है कार्यक्रम के निमित आज ग्राम अरु में सैकड़ो ग्रामीणों के नेतृत्व में 22 जनवरी को अयोध्या मे श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी ग्रामीणों को अपने अपने गांव के मन्दिर में एकत्रित होकर भजन कीर्तन, आरती एवम अयोध्या से सीधा प्रसारण को देखने के लिए निमंत्रण दिया गया साथ ही उस दिन घर, मंदिर, मुहल्ला को सफाई कर सजाते हुए दिपावली मनाने के लिए प्रेरित करते हुए अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम में अशोक साहू, दिनेश साहू, संतोष राम, दीपक महतो, अयोध्या महतो, पूनम देवी, गोपाल साहू, लकी साहू, नीतीश साहू, मनीषा देवी, पूजा कुमारी सहित अन्य शामिल हुए।

### पानी रोज हो रहा बर्बाद : अशोक साहू



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के नगर अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में पिछले लगभग छह महीनो से पेयजल आपूर्ति की पाइप शहर के विभिन्न स्थानों कचहरी मोड़, ब्लॉक मोड़, किस्को मोड़, पावरगंज, न्यू रोड, अजय उद्यान पार्क के समीप, अलका हॉल के समीप विभिन्न स्थानों पर पाइप फटी हुई है। जिससे हजारों लीटर पानी रोज बर्बाद हो रहा है। सड़क पर चलने रहे राहगीरों पर पानी के छींटे भी पड़ते हैं। आम दुकानदार और जनता परेशान हैं। एक ओर शहर में पानी की सप्लाई दो-चार दिन में एक बार होती है। वहीं दूसरी ओर हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है, जिसे देखने वाला कोई नहीं है। न नगर परिषद, न पेयजल आपूर्ति संवेदक को इसकी चिंता है।

# मकर संक्रांति पर निकली रथयात्रा, लगी आस्था की डुबकी

## श्रद्धालुओं ने मंदिरों में की पूजा, गरीबों को किया दान, दही, चूड़ा व तिल गुड़ का किया पारण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को मकर संक्रांति के मौके पर रथ मेला आयोजित हुआ। सिसई के नागफेनी व रायडीह प्रखंड के हीरदह में रथ मेला लगा। मकर संक्रांति पर रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों व सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायी। मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की सुख शांति व समृद्धि के लिए भगवान से कामना की। गरीबों के बीच दान किये और तिल, गुड़, दही व चूड़ा का पारण कर मकर संक्रांति मनायी।

प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का केंद्र नागफेनी में रविवार को श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ कोयल नदी में स्नान किया और प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। मकर संक्रांति पर नागफेनी स्थित जगन्नाथ मंदिर का पट अहले सुबह खोल दिया गया। सुबह से ही भगवान के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तों के फल, फूल व प्रसाद भगवान को भोग लगाया। भक्त हाथ जोड़कर भगवान से सुख, शांति व समृद्धि की कामना किये। मंदिर के बाहर आरती की थाल लेकर पुरोहित भक्तों को चंदन लगा रहे थे और रक्षा सूत्र बांधकर दक्षिणा ले रहे थे। वहीं गरीब भिक्षुक भी मंदिर परिसर में चादर फैलाये दाताओं का इंजतार कर रहे थे। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु गरीबों को दान करते देखे गये। यह सिलसिला अपराह्न तक चलता रहा। नागफेनी के मकर संक्रांति मेला में काफी दूर-दूर से भी लोग आये थे।





भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिर परिसर में लगी भीड़ और मकर संक्रांति के अवसर पर लगे मेला में पहुंचे लोग।

**मकर संक्रांति पर भगवान मकरध्वज की होती है पूजा :** मकर संक्रांति के अवसर पर नागफेनी के जगन्नाथ मंदिर में भगवान मकरध्वज की विशेष पूजा अर्चना होती है। भगवान मकरध्वज की मूर्ति भी भगवान जगन्नाथ स्वामी की मंदिर में स्थापित है। मकर सक्रांति के दिन भक्तों के दर्शन के लिए भगवान मकरध्वज की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर परिक्रमा कराया जाता है। भगवान मकरध्वज का रथ अपराह्न में खींचा गया। रथ खीचेंने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही थी। मेला में उपस्थित भक्त भगवान के दर्शन, रथ का रस्सी खींचने व रथ को स्पर्श करने की होड़ लगी हुई थी।

**मकर संक्रांति में स्नान-दान का विशेष महत्व :** मकर संक्रांति के दिन स्नान दान का विशेष महत्व होने से इस दिन सनातन धर्मावलंबी पुण्य कमाने में पीछे नहीं रहना चाहते। मान्यता है कि मकर सक्रांति के दिन नदी-सरोवरों में स्नान करने, मंदिरों में पूजा अर्चना करने और दान से पुण्य की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि मकर संक्रांति के दिन भारी संख्या में श्रद्धालु दक्षिण कोयल नदी में डुबकी लगाते हैं। कुछ श्रद्धालु घरों से भी स्नान कर भगवान के दर्शन पूजन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। मंदिरों में पूजा कर गरीबों के बीच दान करते हैं। लोक परंपरा के अनुरूप श्रद्धालुओं ने कोयल नदी के तट पर दही चूड़ा गुड़, तील लड्डू आदि का पारण किया।

# जतरा-मेला से सामाजिक सद्भाव का विकास संभव : डॉ रामेश्वर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जिले के कैरो प्रखंड के खरता में विधायक निधि से नवनिर्मित विवाह मंडप का शुभ उद्घाटन किया एवं कैरो प्रखंड के अंतर्गत खरता हनहट दक्षिणी कोयल नदी के तट पर स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर के समीप सद्भावना मेला का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक पारंपरिक अवश्यकताओं को पूरा करना हमारा लक्ष्य है। इसी उद्देश्य को लेकर कैरो प्रखंड के खरता ग्राम में ग्रामीणों की मांग थी कि विवाह मंडप का निर्माण कराया जाए जिसे हमने प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कर पूरा करने का काम किया है, यह स्थल अपने में ऐतिहासिक विरासत को दर्शाता है। वहीं श्रद्धालुओं की अटूट प्रेम और श्रद्धा बस्ती है हमारा यह प्रयास है इस रमणीक स्थल का पर्यटन के रूप में आगे विकास किया जाए और आगे भी हमारा प्रयास है कि जिले में विकास कार्यों को गतिशीलता प्रदान करें एवं सभी वर्गों का निरंतर विकास हो और बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित वित्त मंत्री व अन्य।

मौके पर मंत्री ने कहा कि जतरा मेला से सामाजिक सद्भाव का विकास होता है इससे सभी जातियों के लोगों के बीच सद्भाव बढ़ता है। साथ ही घर में सुख शांति एवं समृद्धि भी आती है जतरा में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष अनिस अहमद, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, बुधवा उरांव, मृत्युंजय तिवारी, विकास भगत, इंतखाब आलम, प्रद्युमन सिंह आदि भी थे।

आजसू के केंद्रीय महासचिव के गुमला आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# झारखंड निर्माण जिस उद्देश्य से हुआ वह पूरा नहीं हो सका है : विजय साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव श्री विजय साहू का आगमन गुमला की धरती में हुआ। जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू एवं महासचिव आनंद गुप्ता ने उनका माला एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। महासचिव विजय साहू ने कहा की पार्टी के सुप्रीमो और झारखण्ड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में पार्टी का सांगठनिक विस्तार बहुत ही तेजी से पुरे झारखंड में हो रहा है। पार्टी में दूसरे दलों के लोगों का शामिल होने का सिलसिला भी लगातार जारी है।

उन्होंने कहा कि बिहार से अलग होकर झारखंड का निर्माण जिस उद्देश्य से हुआ था, वह आज भी अधूरा है। आज झारखंड के 24 साल हो गये परंतु झारखंड की जनता अपनी हक और अधिकार के लिए सड़को पर आंदोलन करती दिखाई पड़ती है।

वर्तमान की हेमंत सरकार चुनाव के वक्त बड़े बड़े लुभावने वादे किये और सत्ता पर काबिज हुए। परंतु आज सरकार के चार साल हो गये, एक भी चुनावी वादा को पूरा नहीं किया। अगर आज झारखण्ड में झारखण्डी जनभावना का ख्याल किसी नेता में दिखता है तो वह हमारे पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो में दिखता है। झारखंड के समृद्धि का लक्ष्य जबतक प्राप्त नहीं हो जाता।



आजसू के केंद्रीय महासचिव के साथ गुमला जिलाध्यक्ष, महासचिव व अन्य।

### सम्मान समारोह 20 जनवरी को

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया-संयोजिका अध्यक्ष संघ व झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन ने 20 जनवरी को चेटर स्थित धीरज चंद स्मृति भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता देवी, प्रदेश महासचिव प्रेमनाथ विश्वकर्मा शामिल होंगे। तीन दिसंबर को महाजुटान कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में मेडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी गुमला जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने दी है।

### गर्भवती की जीवन रक्षा को लेकर किया रक्तदान

**गुमला।** लाइफ लाइन संस्थान ने रविवार को मरीज की जीवन रक्षा को लेकर शकील और अनुपा एक्का ने ए पॉजिटिव रक्तदान किया। जिससे एक गर्भवती की जान बचायी गयी। लाइफ लाइन संस्थान का कहना है कि गुमला में जितनी संस्थाएं हैं उन लोगों से अपील है कि रक्तदान शिविर अवश्य लगायें। इन दिनों रक्त की काफी मांग बढ़ गयी है। जिससे देखते हुए लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार का भी कहना हैं कि प्रतिदिन 10,15,यूनिट रक्त की जरूरत प्रति है। इसलिए रक्तदान शिविर अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार,जेरेन सोरेन आलोक कुमार रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

### पतंजलि के नेतृत्व में हवन कर मनी मकर संक्रांति



**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा ने गुरुकुल शांति आश्रम में यज्ञ हवन एवं योग आयुर्वेद में व्याख्यान के अलावा मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रसाद स्वरूप चूड़ा तिलकुट, दही, गुड़ सामूहिक भोज भी किया। सर्वप्रथम आचार्य शरतचंद्र के निर्देश में आचार्य किशन ने हवन कराया। उसके बाद उपस्थित जनों को जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने बताया कि पतंजलि का उद्देश्य पूरे देश को स्वस्थ, शिक्षित एवं समृद्ध बनाने का है। योग से चरित्र निर्माण कर राष्ट्र निर्माण की ओर उन्मुख होना है। भारत विश्व में सबसे बड़ा युवा देश है अतः युवाओं पर बड़ी जिम्मेदारी है। वनवासी कल्याण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह ने कहा श्री राम हमारे देश की आस्था का मूर्तिमान स्वरूप है। आचार्य गणेश शास्त्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

# शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दें महिलाएं : नीरू शांति भगत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के नदिया गांव में ग्रामीण महिलाओं के साथ आजसू पार्टी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने बैठक की। श्रीमती भगत ने महिलाओं से रूबरू होते हुए समस्याओं को जाना और कहा आपकी समस्याओं चाहे वह राशन कार्ड हो या पेंशन का मामला हो या पेयजल, स्वास्थ्य की व्यवस्था हो सभी मामलों को लेकर वह शीघ्र ही आला अधिकारियों से मिलेंगी। महिलाओं से विशेष तौर पर कहा कि जब एक महिला शिक्षित होती है तो वह अपने पूरे परिवार को शिक्षित कर देती है।

विकास भारती के 41वें स्थापना दिवस पर बोले पद्मश्री डॉ अशोक भगत

# जनजातीय समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है विकास भारती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर ने रविवार को बिशनपुर प्रखंड के सातों गांव में किसान मेला लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने की। उन्होंने किसानों से कहा कि विकास भारती अपने प्रारंभिक दिनों से इस क्षेत्र में मुख्य रूप से जनजातीय एवं आदिवासी समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करती रही है। साथ ही बताया कि विकास भारती का 41वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। डॉ भगत ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र अब किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही केंद्र किसानों को अधिक लाभ एवं उनकी आय दोगुनी करने हेतु बाजार व्यवस्था पर भी ध्यान देगी जिससे आने वाले दिनों में इस क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे।



# तिलकुट की सोंधी खुशबू से महका लोहरदगा का बाजार

■ बाजारों में खूब हो रही तिलकुट की खरीदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मकर संक्रांति को लेकर लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बाजारों में तिलकुट की दुकानें सज गई हैं। मकर सक्रांति को लेकर दुकानों में भीड़ लगी हुई है। सड़क किनारे कई तिलकुट की दुकानें खुल गई हैं। यहां जोर-शोर से तिलकुट तैयार किया जा रहा है। तिलकुट की सोंधी खुशबू लोगों को दूर से ही आकर्षित कर रही है। तिलकुट शहर के पावरगंज चौक सहित कई जगहों पर निर्माण हो रहा है। लोहरदगा में मानों गया उतर आया हो. दरअसल गया का तिलकुट देश- विदेश में काफी फेमस है। ऐसे में लोहरदगा में गया के कारीगरों से तिलकुट बनवाया जा रहा है। अब गया जिले के तिलकुट लोहरदगा जिले के तिलकुट टक्कर दे रहे हैं।



### 21 को होगा अहीर सेना का वनभोज

**गुमला।** अहीर सेना झारखंड की बैठक ढिढौली ग्राम में सुरेश गोप की अध्यक्षता में हुई। अहीर सेना का वनभोज सह कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन जोलो नदी घाट मुरकुंडा गुमला में 21 जनवरी को किया जा रहा है। बैठक में वनभोज की तैयारी पर कार्यक्रम के सचिव आनन्द गोप ने जानकारी दी कि वनभोज सह कार्यकर्त्ता सम्मेलन में पूरे झारखंड प्रदेश के 5000 से अधिक अहीर यादव बंधुओं का जुटान होने वाला है। स्थानीय कलाकारों ने संस्कृतिक कार्यक्रम किया।

# विहिप और आरएसएस ने अयोध्या से आये पूजित अक्षत का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने रविवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत पत्रक का वितरण घाघरा के कई टोलो और बालाखटनगा गांव में किया गया। इस क्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के संयोजक निखिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में घाघरा के ब्लॉक चौक पाकरटोली नेतरहाट रोड सहित अन्य कई टोला के घरों में में पूजित अक्षत पत्रक का वितरण किया गया। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता खंड कारवाहक सुदर्शन महतो के नेतृत्व में बालाखटनगा गांव के कई घरों में पूजित अक्षत और पत्रक बांटा गया। मौके पर निखिल कुमार गुप्ता ने कहा कि अयोध्या से आये अक्षत को घर-घर पहुंचाया गया साथ ही लोगों को पास के मंदिरों में 22 जनवरी को पूजन पाठ में शामिल होने का न्योता भी दिया गया है।



# माघ मेला के दौरान मांस-शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की तैयारी

## तैयारी को लेकर लालपुर मेलाटांड़ स्थल पर हुई बैठक

■ सफल संचालन के निमित नयी कमेटी का हुआ चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के लालपुर गांव में 26 जनवरी को लगने वाले माघ मेला की तैयारी को लेकर लालपुर मेला स्थल पर बैठक रविवार को की गयी। बैठक की अध्यक्षता पहान पुजार बुधवा पहान ने किया। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेला धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही मेला टांड़ स्थल पर मेले के दिन शराब, मांस-मदिरा की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की बात कही गयी। यह भी कहा गया कि शराब मांस मदिरा की बिक्री करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई हेतु पुलिस को सौंप दिया जायेगा। साथ ही रुकी पंचायत के प्रत्येक गांव के घरों से आर्थिक सहयोग लेने पर भी सहमति बनी। मेला के सफल संचालन को लेकर सर्व समिति से कमेटी चुनी गयी। जिसमें अध्यक्ष उमेश उरांव, उपाध्यक्ष संतोष उरांव, सचिव छोटन बड़ाइक, कोषाध्यक्ष राजमोहन यादव, उप कोषाध्यक्ष बंधन लोहरा व मेला के सफल संचालन में सबसे अधिक भूमिका निभाने वाले वोलेंटियर भी चुने गये। मौके पर पूर्व उपप्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा, राजराम उरांव, मनी उरांव, प्रेमदीप जयसवाल, तेजू महतो, बासुदेव राम, भीम उरांव, छोटेलाल सिंह, शिवानंद सिंहश सोमे लोहरा, पवन उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



बैठक के बाद एकजुट मेला आयोजन समिति के सदस्य।

# एमबी डीएवी में मना विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी कार्यक्रम सह किड्स उत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी सह रंगारंग कार्यक्रम किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि ज्ञान का विशिष्ट रूप ही विज्ञान है समृद्ध ज्ञान और मनुष्य की सकारात्मक सोच ने आज के युग को विज्ञान योग बना लिया है। विज्ञान के सदुपयोग से एक ओर जहां मनुष्यों ने कई कठिन समस्याओं का हल निकाल लिया है वहीं दूसरी तरफ इसके दुरुपयोग ने न सिर्फ मानव जाति अपितु अन्य जीवों तथा प्रकृति के लिए भी नित नए संकट उत्पन्न कर रही है। विज्ञान के गुण दोषों की ऐसी ही मिली जुली झलक हमें विज्ञान प्रदर्शनी में देखने को मिलती है। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी झारखंड जोन बी के असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर एम के सिन्हा थे।




कार्यक्रम में शामिल बच्चों के साथ अतिथि।

**खास बातें :** मुख्य अतिथि के अतिरिक्त नवोदय विद्यालय प्राचार्य, डीएवी लातेहार प्राचार्य व डीएवी गुमला प्राचार्य भी शामिल हुए। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों, अभिभावकों का अभिनंदन किया। शिक्षक पी के सिन्हा के साथ अनुष्का आर्य व शुभांगिनी कुमारी ने मंच संचालन किया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक के सहयोग से विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। शिक्षिका आरती कुमारी, पूनम सिंह, पल्लवी कुमारी, खुशबू कुमारी, ज्योति पांडे, रितु कुमारी, रीना रितिका, संगीता मित्तल,सोमित दास, रजनी प्रसाद व श्वेता कुमारी के सहयोग से विद्यार्थियों द्वारा तरह-तरह के नृत्य प्रस्तुत किए गए। नन्हे बच्चों ने स्वच्छता अभियान, सोशल मीडिया का आधिकारिक प्रयोग इत्यादि के प्रति नृत्य के माध्यम से जागरूकता फैलाया गया।

## स्पीड न्यूज

### नामजद अभियुक्त गिरफ्तार


गिरफ्तार भोला राम।

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के अंबाखोरेया गांव निवासी भोला राम पिता मिठु राम को धुरकी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति कांड संख्या 119/23 का नामजद अभियुक्त था। जिस पर 27 अक्टूबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### श्री लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ के लिए किया गया ध्वजारोहण

**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला परिसर में रविवार को श्री लक्ष्मी नारायण सुदर्शन महायज्ञ का ध्वजारोहण विधिवत रुप से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। ध्वजारोहण कीर्तन मंडली व महायज्ञ के समिति के सदस्यों की उपस्थिति में कि गईं। यज्ञ समिति के सदस्यों ने यज्ञ देवता के जयकारों के बीच महायज्ञ का ध्वज खड़ा किया। मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष महायज्ञ का आयोजन होली से पूर्व शुरू होता है। प्रत्येक वर्ष मकरसंक्रांति के दिन ही महायज्ञ का झंडा ध्वजारोहण किया जाता है। मंदिर परिसर में इस वर्ष यह 41वां महायज्ञ का आयोजन होगा।

### भूतपूर्व सैनिकों को डीसी व एसपी ने किया सम्मानित


कार्यक्रम में डीसी, एसपी व पूर्व सैनिक।

**गढ़वा।** आठवें आर्म्ड फोसेर्स वेटेरेंस डे के अवसर पर समाहरणालय के सभागार में डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने भूतपूर्व सैनिकों को माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सभी का हौसला अफजाई करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। सम्मानित भूतपूर्व सैनिकों में जुगल किशोर तिवारी, सुदामा प्रजापति, देवेंद्र नाथ शुक्ला, प्रभु दास टोप्पो, अशोक लाल बखला, अमर राय, पीएनएन दुबे, रामविलास प्रसाद, राजेंद्र शुक्ला सहित 29 भूतपूर्व सैनिक का नाम शामिल है।

### अब डंडई में मिलेगा लोन पर मोबाइल


मोबाइल खरीदता युवक।

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुस्कान मोबाइल सेंटर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए लोन पर मोबाइल फोन देने की शुरूआत की गई है। जिससे ग्राहकों में काफी हर्ष देखा गया। मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का किस्त पर मोबाइल मिलने से ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। जो लोग पैसों की अभाव में अच्छी मोबाइल नहीं ले पा रहे थे। अब वह किस्त पर मोबाइल लेकर अपने सारे कामकाज को कर सकते हैं और इससे लाभ उठा सकते हैं। इस दुकान में मल्टी ब्रांडेड कम्पनी का मोबाईल किफायती कीमत पर उपलब्ध होगा। जियो डिस्टीब्यूटर सह मुस्कान मोबाइल के प्रोपराइटर राजीव कुमार ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में ग्राहक अपना सिर्फ आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक का पासबुक लेकर आएंगे तो उन्हें तुरंत ही हाथों-हाथ लोन पर मोबाइल मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि दुकान मे नये मोबाईल बिक्री के साथ-साथ मोबाइल का सभी प्रकार का कवर, ग्लास, एसेसरिज ब्रांडेड एवं किफायती दामों पर उपलब्ध है। मौके पर हर्षित कुमार, नितिन कुमार, नमन कुमार, प्रेमचंद सोनी, जगलाल चैधरी, चुनमुन चैधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### किड्स पैराडाइज के बच्चों ने मनाया मकर संक्रांति व लोहड़ी का त्योहार

**कोडरमा।** किड्स पैराडाइज के नन्हें बच्चों ने मकर संक्रांति व लोहड़ी का त्योहार धूमधाम से मनाया। वहीं लोहड़ी के अवसर पर रंग-बिरंगे पोशाक पहनकर विद्यालय आये एवं एक-दूसरे को मिठाई बांटी और पर्व के अवसर पर खूब नृत्य भी किया। वहीं प्रथम से तृतीय कक्षा के छात्रों ने विद्यालय परिसर में पतंग उड़ायी, एक-दूसरे की पतंग काटकर खुद को गौरवान्वित महसूस करते बच्चों ने इस त्योहार का भरपूर आनंद लिया। बच्चों की इस खुशी में विद्यालय निर्देशिका संगीता शर्मा व प्राचार्य शैलेंद्र कुमार स्वयं उनके साथ खुशी में शामिल हुए व मिठाई खिलाई, बच्चों के साथ भांगड़ा नृत्य भी किया, आग जलाकर उस पर तिल, चूड़ा और गुड़ भी अर्पित किया। मौके पर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने सभी छात्रों को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए इस त्योहार को मनाने का कारण समझाया। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने भी सभी छात्रों को मकर संक्रांति की ढेरों बधाइयां दी।

### लायंस क्लब के जन्मदाता के जन्म दिवस पर फूड फॉर हंगर कार्यक्रम


चूड़ा, गुड़ का वितरण करते सुशील केशरी।

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के तत्वावधान में लायंस क्लब के जन्मदाता मेल्विन जॉन्स के जन्म दिवस पर फूड फॉर हंगर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के चार्टर मेंबर दयाशंकर गुप्ता का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर लायन मित्रों ने खुशियां मनायी। तत्पश्चात मिनी बस स्टैंड स्थित रघुनंदन रेसिडेंसी के समीप गरीबों के बीच चूड़ा, गुड, तिलकुट का वितरण किया गया। लायंस क्लब के जन्मदाता मेल्विन जोंस के जन्मदिन को गरीबों की सेवा में समर्पित किया जाता है। मौके पर राजमणि प्रसाद, सेक्रेटरी संजय कुमार, ट्रेजरर सुनील कुशवाहा, राम नारायण प्रसाद, लखन प्रसाद कश्यप, उमाशंकर श्रीवास्तव, डॉ अशोक कुमार, शिवकुमार गुप्ता, दीपक कुमार, संतोष कश्यप, अनिल कुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

# आपसी भाईचारा व प्रेम का संदेश देता है मिलन समारोह : डॉ नीरा यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**कोडरमा।** विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव द्वारा स्थानीय ध्वजाधारी धाम में चूड़ा दही सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से भाजपा कार्यकताओं के अलावे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समारोह की शुरूआत विधायक के द्वारा धाम में पूजा अर्चना के साथ हुआ, जिसके बाद उन्होंने अपने हाथों से लोगों को चूड़ा दही, तिलकुट और लजीज सब्जी परोसने का काम किया, साथ ही आगंतुकों को कैलेंडर देते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमे स्थानीय कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, दिनभर लोग भक्ति गीतों के बीच दही चूड़ा, तिलकुट का आनन्द लेते दिखे। वहीं समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपस में प्रेम, सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सबके जीवन में भगवान राम सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली प्रदान करे। मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व सांसद सह हुडको निदेशक रविन्द्र कुमार राय, पूर्व जिप अध्यक्ष महेश राय, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अमरदीप यादव, जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, टुन्नू गोप, राजकुमार यादव, देवेन्द्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, कांति देवी, प्रकाश राम, रामचंद्र सिंह, रवि मोदी, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. पी कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. नरेश पण्डित, सुरेश झांझरी, वीरेंद्र यादव, जीप सदस्य नीतू कुमारी, सूर्य प्रताप मेहता, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, देवनारायण मोदी, संजीव यादव, चंद्रशेखर जोशी, पंकज सिंह, अजय पांडेय, विनोद कुमार मुन्ना, महेंद्र वर्मा धर्मेंद्र यादव, धनंजय यादव, पप्पू मेहता, बबलू सिंह, नरेंद्र पाल, पप्पू सिंह, कन्हाय यादव समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जवाहर नवोदय जूनियर वर्ग में छठी बार बना चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ट्रॉफी प्रदान करते डीसी व एसपी।

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय ने बीपी डीएवी स्कूल को पांच विकेटों से हराकर चैंपियन बना। इसी के साथ छठी बार रामानंद सिंह स्मृति कप पर कब्जा जमाया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीपी डीएवी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सत्यम के 23 रनो के सहयोग से 90 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से अभिषेक कुमार गुप्ता ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी जवाहर नवोदय विद्यालय ने सुशील के 20, अभिषेक के 11 और जेपी के दस रनो के सहयोग से तीन ओवर शेष रहते पांच विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम ने लगातार दूसरी बार रामानंद सिंह स्मृति कप पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के अभिषेक कुमार गुप्ता को दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज बीपी डीएवी के उत्कर्ष, बेस्ट बल्लेबाज बीपी डीएवी के नैतिक तिवारी, बेस्ट गेंदबाज साउथ प्वाइंट के शोएब रजा, बालिका वर्ग में प्लेयर ऑफ द सीरीज ज्ञान निकेतन बेलचंपा की सुहानी सिंह, बेस्ट बॉलर शांति निवास की श्रुति कुमारी, बेस्ट बैटर ज्ञान निकेतन बेलचंपा की सिमरन सिंह को दिया गया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, पंकज सिंह, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चैबे, मनीष उपाध्याय, रणजीत तिवारी, मनीष, अनिल कुमार, धीरज, मनोज तिवारी, प्रवीण मिश्रा, प्रिंस दुबे, रोहन तिवारी, आलोक गुप्ता, आदित्य तिवारी, विशाल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अयोध्या से आये पूजित अक्षत को घर-घर तक पहुंचाना लक्ष्य : अमित साहू



**सिमरिया।** प्रखंड के सबानो पंचायत के विभिन्न गांव में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के निर्देश पर राम भक्तों के द्वारा सिमरिया प्रखंड के सबानो में अयोध्या से आए पूजित अक्षत को एवं चित्र व प्रपत्र को घर-घर में पहुंचने का कार्य किया गया। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने बताया कि अक्षत बांटने के दौरान घर-घर के माताओं, बहनों युवाओं में अलग-अलग उत्साह देखने को मिला, लोग रामलाल के दर्शन के लिए व्याकुल है, अक्षत बांटने के दौरान सभी राम भक्तों ने घर-घर जाकर आग्रह किया कि 22 जनवरी को सभी अपने नजदीक के मंदिरों में पूजा करें और साफ सफाई कर अपने घर में दीप जलाकर दिवाली मनाए। इस अवसर पर बजरंग दल के अध्यक्ष अखिलेश कुमार साहू गौ रक्षक प्रमुख राजू साहू सबानो पंचायत मंत्री पप्पू कुमार राणा सबानो पंचायत के अध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव सहित राम भक्त उपस्थित रहे।

### सुखलदरी पर्यटक स्थल पर पर्यटकों की भीड़

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र के अम्बाखोरेया पंचायत अंतर्गत कनहर नदी पर स्थित सुखलदरी पर्यटक स्थल पर मकर संक्रांति के अवसर पर मेला में रविवार को पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने कनहर नदी के पवित्र बहते हुए पानी में डुबकी लगाकर पारंपरिक तरीके से मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना के बाद सभी ने दही, चूड़ा, गुड़ एवं तिल का प्रसाद ग्रहण किया। मेले में घूम-घूम कर पर्यटक अपने मोबाइल कैमरे में मनोरम दृश्य का तस्वीर कैद किया। वहीं सुरक्षा व विधि व्यवस्था संधारण के लिए अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने एक नोडल सहित सात मजिस्ट्रेट की नियुक्ति किया था, लेकिन मेला में दोपहर एक बजे तक एक भी मजिस्ट्रेट ड्यूटी में नहीं थे। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए परासपानी कला गांव से लेकर सुखलदरी फॉल के मुख्य द्वार तक चेक नाका और बैरियर लगाकर सभी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार, सोनू कुमार पुलिस बल के साथ लोगों की सुरक्षा में मुस्तैद थे। मौके पर बीडीसी कृष्ण कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, श्याम किशोर विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी बने प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर, किया पदभार ग्रहण



**सतगावां (कोडरमा)।** एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर सतगावां थाना प्रभारी के रूप में प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी आनंद कुमार साह से अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान थाना प्रभारी ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में उग्रवाद और अपराध की घटनाओं में अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं उन्होंने किसी भी समस्या पर बेझिझक थाना में आकर शिकायत करने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि प्रखंड में किसी भी प्रकार की जन समस्या के निदान के लिए मैं हर समय थाना क्षेत्र के लोगों को 24 घंटा सेवा और सुरक्षा देने के लिए तैयार हूं।

## झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने की बैठक

- कार्यालय के उदासीन व अड़ियल रवैये पर किया क्षोभ व्यक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखण्ड माध्यमिक शिक्षक संघ की एक बैठक आर.के. प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा में आहुत की गयी। बैठक में शिक्षकों के हित से संबंधित लंबित मामलों पर जिला कार्यालय की उदासीनता व अड़ियल रवैये पर क्षोभ व्यक्त किया गया। वहीं संघ ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि शिक्षक हित के लंबित मामलों को लेकर जिला कार्यालय का घेराव व धरना प्रदर्शन करेगा। जिला कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आर.डी.डी.ई. उत्तरी छोटानागपुर की अध्यक्षता में गठित जांच कमिटि के जांच पर संघ ने कड़ा एतराज जताया है और चिन्हित शिक्षकों को बुलाकर डरा-धमकाकर उनसे लिखवाया गया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। इससे संबंधित एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र आर.डी.डी.ई. उत्तरी छोटानागपुर से मिलकर उनके कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपेगा। उन्होंने कहा कि पता चला है कि कुछ चिन्हित शिक्षकों का सेवा सत्यापन का कार्य कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र उपायुक्त से मिलेगा और मांग करेगा कि जिन शिक्षकों का सेवा अवधि दो वर्ष पूर्ण हो चुका है, सत्र का सेवा संपुष्टि एक साथ किया जाय। बैठक में राधेश्याम शुक्ला, आलोक कुमार, अमित कुमार, प्रदीप दास, महेश कुमार यादव, प्रदीप कुमार, सुनिल यादव, आनंद सिंह यादव, ओम प्रकाश सिन्हा, राजेश यादव, राकेश कुमार, रामेश्वर साव, बाल्मीकि कुमार, बीरेन्द्र दास, श्याम सुन्दर यादव, मो. अलताफर रहमान, संजीव गुप्ता, विद्या सागर पासवान, संजय वर्मा, राम कृपाल सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर प्रशासक ने चलाया अभियान



**कोडरमा।** नगर प्रशासक शशि शेखर सुमन के नेतृत्व में कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर सिंगल यूज प्लास्टिक के क्रय विक्रय व इस्तेमाल के आरोप में कई दुकानदारों से जुमार्ना वसूला गया, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक थमाकोल से बने विभिन्न सामग्रियों को जप्त किया गया और भविष्य में ऐसी सामग्रियों की खरीद बिक्री नहीं करने का सख्त हिदायत दिया। इसके अलावा खुले में मांस बेचने के आरोप में दो दुकानदारों से जुमार्ना वसूला गया। वहीं नगर प्रशासक ने सभी दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक नहीं बेचने और ना ही इसका इस्तेमाल करने की बात कही। इसके अलावा मांस विक्रेता को खुले में मांस की बिक्री नहीं करने, ग्लास के फ्रेम के अंदर दुकान संचालित करने, ट्रेड लाइसेंस लेने आदि का निर्देश दिया। मौके पर नगर प्रबंधक अभिषेक प्रकाश, सुरेश राम, सनी कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

## खरीक-मरमदिरी सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

- नौ करोड़ रुपये की लागत से बनायी जा रही 6.28 किलोमीटर लंबी सड़क



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सदर प्रखंड के खरीक से मरमदिरी तक बनने वाली सड़क में घोर अनियमितता बरती जा रही है। जिसके कारण ग्रामीणो में आक्रोश व्याप्त है। सड़क का निर्माण कौलेश्वरी इंफ्राकानर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी करा रही है। तकरीबन नौ करोड़ रुपए की लागत से कुल 6.28 किलोमीटर सड़क बनाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग कर रहा है। जबकि जेएसबी में मिट्टी युक्त मोरम मिलाकर सड़क बनाने में लगी हुई है। ग्रामीण रितेश सिंह का कहना है कि जिस मापदंड से सड़क निर्माण होना चाहिए वैसा नहीं हो रहा हैं। ठेकेदार ने सहायक अभियंता और कनीय अभियंता के साथ मिलकर जैसे-तैसे सड़क निर्माण करा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जेएसबी में डस्ट गिट्टी के साथ मोरम मिलाकर बिछाया जा रहा है। सड़क में पानी का भी छिड़काव नही हो रहा है। इधर सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांच करने कई बार सहायक व कनीय अभियंता को शिकायत किया गया। उसके बावजूद अधिकारियों ने जांच नही किया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त सड़क की जांच कराते हुए दोषी संवेदक व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया है एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्राचार भी किया है। बताते चले कि सड़क निर्माण में जेएसबी में 40 प्रतिशत डस्ट और 60 प्रतिशत फोर्टी एमएम, थर्टी एमएम, ट्वेंटी एमएम व टेन एमएम गिट्टी मिलाया जाता है। लेकिन ठीकेदार द्वारा जेएसबी में मिट्टी युक्त मोरम मिलाकर सड़क बनाने में लगी हुई है। तकरीबन दो किलोमीटर तक जेएसबी में मिट्टी युक्त मोरम डालकर सड़क बीछा दिया गया है। इतना ही नही जेएसबी छह इंच की जगह दो तीन इंच बिछाया जा रहा है। सहायक अभियंता ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि मामले की जानकारी नही है। आपके माध्यम से इसकी जानकारी मिली है। कार्यस्थल पर जाकर सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच कराई जाएगी।

### 41 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार



**चतरा।** जिले के गिद्धौर थाना पुलिस ने 41 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। गिरफ्तार तस्करों में गिद्धौर निवासी राम कुमार साव, दीपेन्द्र दांगी, ऊंटा निवासी रंजन कुमार दांगी और हजारीबाग के पदमा निवासी मो कैफ शामिल है। पुलिस ने उसके पास से 41 ग्राम ब्रॉउन शुगर, दो अपाची मोटरसाईकिल, चार पीस स्मार्ट फोन बरामद किया है। यह जानकारी सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देश पर शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एन्टी क्राईम चेकिंग व वाहन चेकिंग गांगपुर के पास की जा रही थी। इस दौरान अवैध ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को पकड़ा गया। तथा उनके बताये अनुसार खरीद बिक्री करने आये एक अन्य व्यक्ति को बलबल से पकड़ा गया तथा इन सभी के निशानदेही पर गिद्धौर थाना के ग्राम सलगा में सुंदर भुईयां के दूकान से भी 19 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इन सबके विरूद्ध गिद्धौर थाना कांड संख्या 05/2024, दिनांक 13.01.2024, धारा 21/22/27/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। तथा गिरफ्तार चार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### वृक्षों में रक्षा सूत्र बांध पर्यावरण को संरक्षित करने का लिया संकल्प



**सिमरिया।** प्रखंड के बेलगड्डा इचाक कला गांव में मंगलवार को समारोह आयोजित कर धूमधाम से फल्गु महोत्सव मनाया गया। महोत्सव का उद्घाटन विधायक किशुन दास पूजा उद्गम स्थल पर पूजा अर्चना कर किया। कार्यक्रम में जिप सदस्य देवनन्दन साहू, मुखिया नरेश साहू, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित साहू कार्यक्रम के दौरान फल्गु उद्गम स्थल की पूजा अर्चना की गयी तथा माह आरती उतारी गई। इस दौरान उद्गम स्थल पर स्थित वृक्षो में रक्षा सूत्र बांधा गया। साथ ही इसे सुरक्षित व संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। उद्गम स्थल के समीप मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। जहां महिलाओं और बच्चों ने दही-चूड़ा तिलकुट और खिचड़ी का जमकर लुप्त उठाया। महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें जंगल नदी पहाड़ पशु पक्षी की उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला गया। उसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विधायक और जिप सदस्य ने पर्यावरण को जीव जगत के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण शुद्ध है तो हम हैं। अन्यथा हमारा अस्तित्व नहीं रहेगा। उन्होंने प्रकृति प्रदत्त सभी वस्तुओं से प्रेम करने की सीख दी। साथ ही कहा कि फल्गु उद्गम स्थल को राज्य सरकार से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की जाएगी। कार्यक्रम संचालन पूर्व उपप्रमुख बलदेव ठाकुर ने किया। इस अवसर भाजपा नेता नरेश सिंह, प्रवीण चंद्र पाठक, दयानिधि सिंह, अध्यक्ष विशेष कुमार यादव, उपाध्यक्ष राजू प्रजापति, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव संजय यादव, भरत कुमार प्रजापति, सुग्रीव ठाकुर, राजू ठाकुर, दिनेश कुमार यादव, मनोज साहू, राजू कुमार, शशिकांत कुमार ठाकुर, रामू पांडेय, मुकेश यादव, अखिलेश कुमार साहू, रामकुमार साहू, दिलीप यादव, सुनील साहू, पप्पू कुमार राणा, सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

# विधायक ने किया बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में विधायक व अन्य।

**केतार।** विधायक भानु प्रताप शाही ने केतार के भगवानघाटी में बनिहार बेदी पर 14वां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने भी बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कूपा ग्राम के लोग आज भी श्री शाही को बेटा के रूप में सम्मान देते हैं। विधायक प्रत्येक वर्ष पीड़ित के परिजनों को अंगवस्त्र तथा अन्य कई तरह का सहयोग करते है। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग अपना इलाज कराते हैं। कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम 21 सूत्री मांग पत्र सौपा गया। मौके पर पूर्व विधायक श्री तिवारी ने कहा कि आपका बेटा भानु प्रताप शाही ने इस क्षेत्र के लोगों के लिए 12 माह के आलावा दो माह का अतरिक्त अनाज भेजा, लेकिन लोगों को नहीं मिला, वह अनाज भाई जीवा फांक गया। कहा कि आपका विधायक अवर बार मंत्री बनेगा, इसकी गारंटी मैं देता हूं। विधायक श्री शाही ने कहा कि इस कार्यक्रम का भी लोग मजाक उड़ाते हैं, लेकिन मुझ पर उसका कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरे बाप का देहांत हुआ था, मैं छुरी लोटा लिया था उस समय भी मैंने अपने लोगों को भेज कर बनिहार बेदी पर पुष्प चढ़ावा। मैं राजनीत नहीं करता, मैं गरीबों की सेवा हित में कार्य करता हूं। आज लोग राजनीति करते हैं क्या उन्हे आज दो फूल बनिहार बेदी पर नहीं चढ़ाना चाहिए था। ज्ञात हो कि वर्ष 2010 में कुपा पंचायत के 30 बनिहार भोजपुर बिहार से धान काट कर वापस लौट रहे थे, उसी क्रम में केतार के भगवान घाटी में ट्रक अनियंत्रित हो कर पलट गई थी। जिसमें 30 बनिहारों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। उसी समय से विधायक के द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जवाहर पासवान, संतोष दुबे, शारदा महेश प्रताप देव, मनोज पहाड़िया, रघुराज पांडेय, राजीव रंजन तिवारी, लक्ष्मण राम, अनिल चैबे, भगत दयानंद यादव, उपेंद्र दास, मोहन बैठा, ज्वाला प्रसाद, कन्हाई प्रसाद, मूंगा साह, सुनील सिंह, मधुलता देवी, संध्याकार विश्वकर्मा, बब्लू पटवा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# मनिका प्रखंड में मनरेगा की टीसीबी योजना बना लूट का अड्डा

## अधिकारी, मनरेगा कर्मी एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों से लेकर जेइ, एइ तक का बंधा हुआ है हिस्सा

दीपू कुमार

➲ फिर से बड़ी संख्या में टीसीबी योजना स्वीकृत करने की चल रही है तैयारी, जिला मैनेज के नाम पर भी अलग से पैसे की तसीली कराने का आरोप

**मनिका।** मनिका प्रखंड के विभिन्न पंचायत में मनरेगा योजना में बिचौलियों एवं पदाधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचारी चरम सीमा को पार कर रही है टीसीबी योजना लूट का अड्डा बना हुआ है। बता दें कि हाल ही के दिन में प्रखंड के रांकीकला पंचायत में बिचौलियों एवं पदाधिकारी के मिली भगत से मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन के माध्यम से कूप का खुदाई किया गया था। जब मामला विभिन्न अखबार में आया तब भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और पदाधिकारियों ने जैसे तैसे करके मामला को रफा दफा कर दिया। वहीं बताया जा रहा है कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सैकड़ो की संख्या में टीसीबी योजना का धड़ल्ले से एंट्री कराया जा रहा है। जिसमें अधिकारी, मनरेगा कर्मी, जेई, एई, जनप्रतिनिधि एवं जिला मैनेज के नाम पर भारी-भरकम रकम की वसूली की जा रही है। वहीं मनिका पंचायत के एक लाभुक ने नाम नहीं बताने के शर्त पर बताया कि हाल ही में कुछ दिन पूर्व हुए टीसीबी में मोटी रकम की वसूली की गई है। यही हाल प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का है पूर्व में हजारों की संख्या में प्रखंड से जिला के निर्देश पर टीसीबी योजना रद्द की गई थी। इसीलिए इस बार प्रति योजना जेई एवं ऐई से जिला मैनेज के लिए पूर्व से ही उगाही कराया जा रहा है ताकि फिर से योजना रद्द ना हो जाए। वहीं पंचायत सेवकों के द्वारा नई योजना के स्वीकृति के नाम पर फिर से पैसा वसूली अपने विश्वासी बिचौलियों के द्वारा कराई जा रही है। संभावना है कि फिर से टीसीबी योजना की एंट्री कराई जा सकती है। जबकि विभाग के दवारा चिठ्ठी निकला था की एक गांव में पांच योजना से अधिक योजना स्वीकृत नहीं करनी है। लेकिन अधिकारी विभागीय चिट्ठी को ताक पर रखकर योजनाओं की स्वीकृति करते हैं।

**प्रखंड क्षेत्र में बिचौलिया गिरी हावी**

बताते चलें कि इन दोनों प्रखंड क्षेत्र में बिचौलिया गिरी इतना हावी हो चुका है कि अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के मिली भगत से लाभुक को पता भी नहीं चल रहा है और उसके भूमि पर टीसीबी निर्माण करा कर पैसे की निकासी कर ली जा रही है। ऐसा ही मामला बिसुनबांध पंचायत के अकबर अंसारी के साथ हुआ है अकबर अंसारी ने झारखण्ड राज्य मनरेगा वॉच सदस्य जेम्स हेरेंज को इसकी शिकायत भी किया है। कई पंचायतों में मनरेगा योजना में इतना गड़बड़ घोटाला हुआ है कि फर्जी ग्राम सभा कर रजिस्टर में योजना चढ़ाया जाता है और पुराने योजना में ही बिचौलिए के द्वारा कई बार नई योजना की स्वीकृति करा कर पैसे की निकासी कर ली जाती है।

**क्या बोले बीपीओ**

वहीं इस विषय पर पूछे जाने पर बीपीओ संतोष कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा लाभुकों से पैसा वसूली करने के विषय में मुझे कुछ भी मालूम नहीं है। इसकी जांच की जाएगी अगर लाभुकों से पैसे की उगाही की जा रही है तो उनके विरुद्ध विधिवत रूप से कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहते हैं बीडीओ**

वही प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी को मामले से अवगत करवाने पर उन्होंने कहा कि टीसीबी योजना में पैसे लेने का अफवाह फैलाया जा रहा है लाभुकों से कोई वसूली नहीं की जा रही है अगर ऐसा हुआ है तो उसकी जांच की जाएगी।

## एक नजर में

### राजद की बैठक संपन्न, पंचायत अध्यक्ष बने संतोष उरांव


राजद की बैठक में शामिल लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के सेरक पंचायत अंतर्गत नकटी ग्राम में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल की बैठक प्रखंड महासचिव तपवन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मौजूद ग्रामीणों को तपवन यादव ने राजद के नीति व सिद्धांतों को बतलाया व कहा कि राजद समाज के दबे कुचले व शोषित वर्गों की पार्टी है। जो इनके हक व अधिकार की लड़ाई लड़ती है। इस दौरान इन्होंने राजद संगठन को मजबूत करने उद्देश्य से पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार को लेकर गम्भीरता से चर्चा किया व सर्वसम्मति से संतोष उरांव को पंचायत अध्यक्ष चुना गया। संतोष उरांव को जल्द ही पंचायत में संगठन का विस्तार कर पार्टी को सूचित करने की बात कही गयी। बैठक में राजद के रसीद खान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### झारखंड प्रजापति कुंहार महासंघ की बैठक आज

**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में 15 जनवरी दिन के 11 बजे झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के बैनर तले प्रजापति कुम्हार महासंघ चंदवा इकाई की बैठक आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए प्रखण्ड कार्यकारी सदस्य महेंद्र प्रजापति ने बताया कि बैठक में समाज की मजबूती एवं उत्थान को लेकर चर्चा एवं प्रजापति कुम्हार महासंघ चंदवा इकाई का गठन किया जाएगा। इन्होंने समाज के लोगो से बैठक में सम्मिलित होने की अपील की है।

### अयोध्या से आये अक्षत व आमंत्रण पत्र का किया गया वितरण


पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का वितरण करते रामभक्त।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत के सभी ग्रामों में अयोध्या मैं नवनिर्मित रामलाल की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र के साथ मंदिर का चित्र को घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र दिया गया। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अपील किया गया। साथ ही आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के भव्य उद्घाटन में जाने का आग्रह भी किया जा रहा है। वहीं भगवान श्री राम की तस्वीर और अयोध्या से आए पुजित अक्षत को प्राप्त कर श्रद्धालु बड़े पुलकित हो रहे हैं और शीश झुकाकर प्रणाम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पारस प्रसाद, निरंजन प्रसाद, सतनारायण शुक्ला, दिलीप प्रसाद, पवन प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, नितेश कुमार, वरुण प्रसाद सत्यम कुमार ने योगदान दिया।

### संक्रांति पर माल्हनेश्वर धाम में लगा जतरा मेला


जतरा मेला के मौके पर मंचासीन अतिथि।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत माल्हन पहाड़ पर स्थित शिव माल्हनेश्वर धाम प्रांगण में मकर सक्रांति के अवसर पर रविवार को जतरा का अयोजन किया गया। जतरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने किया। श्री मुंडा ने कहा की माल्हनेश्वर धाम का आध्यात्मिक के साथ प्राकृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान है। यहां पर विगत पांच वर्षो से लगातार कमर संक्रांति पर जतरा मेला आयोजित कर इसे धार्मिक व पर्यटन रूप से विकसित करने का काम किया जा रहा है। वहीं जतरा मेला में माल्हन, जमीरा, हुटाप, ढुमारो पंचायत के दर्जनो गांव के लोग सम्मिलित होकर जतरा का लुत्फ उठाया। इसके पूर्व जतरा समिति के द्वारा मुखिया जतरू मुंडा समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर जयमंगल गंझु, रामकिशुन गंझु, रूपेश गंझु, हरिवंश गंझु, फगुना गंझु, राजू भगत, कर्मा गंझु, भीम गंझु, कौलेश्वर गंझु एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### डाकादिरी में पुलिस ने अवैध पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**बारियातू।** एसपी अंजनी अंजन की गुप्त सूचना के आधार पर आईपीएस ललित मीणा के नेतृत्व में भारी मात्रा में लगे अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। उक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बालुभांग पँचायत अंतर्गत डाकादीरी, हेरहणहोप्पा के जुवाठगढ़ा दुमुहान के जंगल व नदी किनारे अभियान चलाकर लगभग तीस एकड़ भुमि पर लगा अवैध पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर से नष्ट किया गया।साथ ही खेती अफीम जैसे जहरीले खेती करने व बढ़ावा देने वाले को चिन्हित किया जा रहा है,चिन्हित करने के बाद कड़ी से कड़ी कारवाई की जाएगी। अभीयान में इंस्पेक्टर शशिरंजन, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार महतो, हेरहंज थाना प्रभारी नीतिश कुमार, बारियातू थाना के पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक पुलिस अवर निरिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरिक्षक राहुल कुमार, कैलाश मंडल, राजेश कुमार सहित कई जवान मौजूद थे।

### श्रीराम जानकी मंदिर में 22 जनवरी को होगा विशेष पूजन, तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में रविवार को समाजसेवी पवन कुमार के अध्यक्षता में रामभक्तों का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर मे 22 जनवरी को विशेष पूजा अर्चना करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही अयोध्या से आए पूजित अक्षत को हर हिंदू के घर-घर जाकर पूजित अक्षत व भगवान श्री राम का चित्र देकर निमंत्रण दिया जा रहा है। सभी को अपने अपने घरों में पांच-पांच घी का दीपक व रंगोली बनाने का आग्रह किया जा रहा है। पुरा प्रखंड राम मय हो गया है। साथ ही 22 जनवरी को बारियातू श्रीराम मंदिर परिसर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी व श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर संतोष प्रसाद, कृष्ण कुमार मिश्रा, बिनोद मिश्रा,राजन कुमार, अरविंद कुमार , झूलन प्रसाद, मदन प्रसाद, मदन सोनी, काशीनाथ वैध, पुरुषोत्तम शर्मा, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### जरूरतमंद परिवारों के बीच किया गया कंबल का वितरण

महुआडांड़/नेतरहाट। मौसम ने जब से करवट बदली है पुरे झारखंड में ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है और नेतरहाट में तो और भी ज्यादा ठंड बढ़ चुकी है। इस ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला कल्याण विभाग के द्वारा नेतरहाट के विभिन्न ग्रामों में लातेहार एसी अलोक शिकरी कच्छप के द्वारा गरीब असहाय जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर 30 से 40 कंबलों का वितरण किया गया है। इस संबंध में श्री कश्यप ने बताया कि नेतरहाट में आदिम जनजाति के लोग निवास करते हैं और नेतरहाट में बहुत ज्यादा ठंड भी रहता है इसे देखते हुए विभाग के द्वारा आदिम जनजाति समुदायों के बीच जाकर कंबल का वितरण किया गया है। ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। मौके पर नेतरहाट निवासी समाजसेवी सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय प्रसाद, पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया,मुकेश किसान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### रेलकर्मी पर तेंदुए ने किया हमला, भागकर बचायी जान

**बरवाडीह।** रविवार की सुबह दस बजे के करीब पीडब्लूआई में कार्यरत रेलकर्मी पर ड्यूटी जाने के दौरान तेंदुए ने हमला कर दिया। जानकारी देते हुए कर्मी मनोज कुमार ने बताया कि वह छिपादोहर से जंगल के रास्ते अपने बाइक से हेहेगड़ा टीआरआर साइड ड्यूटी के लिए जा रहा था। इसी क्रम में हेहेगड़ा जावा पुल के समीप अचानक तेंदुए ने उसपर हमला कर दिया। लेकिन बाइक स्पीड में होने के कारण वह बच निकला और बाइक वहीं छोड़कर भागकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद मामले की सूचना वरीय पदाधिकारियों और वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। उधर घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंच पग मार्क वगैरा की जांच की। जांच में पुष्टि हुई की तेंदुए के द्वारा ही रेल कर्मी पर हमला किया गया है।

### गांव त्यौहार को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम


सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोग।

**महुआडांड़।** हर वर्ष के भांति नये साल के अवसर पर अम्बोटोली गाँव के ग्रामीणों द्वारा रविवार को धुमकुड़िया भवन गांव त्यौहार मनाया। जहां सबसे पहले मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर पतरस थे। इस त्यौहार में पूजा के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसमें महिलाओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। वही बच्चों द्वारा नाच गान का सुन्दर प्रस्तुति किया गया उपस्थित गांव के सभी पंचों को महिलाओं द्वारा सम्मानित कर उपहार भेट किया। मौके पर गांव के सरपंच फुलजेन सहित अन्य पंच रंजित, प्रकाश, सरोजनी, मरियनुस, जुवेल, सिस्टर महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे। इधर जराहाटोली, रामपूर, ज्योतिपूंज, सहित जोरी गांव में भी धुमधाम से गांव त्यौहार मनाया गया।

### पंडित विद्यार्थी तिवारी की 34वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**लातेहार।** लातेहार समाजसेवी स्व पंडित विद्यार्थी तिवारी की 34 वीं पुण्यतिथि बाजकुम में मनाई गई, मौके पर स्व तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण उनके जेष्ठपुत्र प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने किया दो मिनट का मौन धारण कर स्व तिवारी के आत्मा की शांति की कामना किया,वहीं मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हुए स्व तिवारी को कुशल ब्यक्तित्व के धनी व्यक्ति बताते हुए कहा कि वे निष्पक्ष निडर ब्यक्तित्व वाले गरीबों के सहयोगी थे। मौके पर समाजसेवी ललित पांडे ,मदन प्रसाद, लातेहार उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद व भाजपा जिला मंत्री मनोज कुमार ने स्व तिवारी के असामयिक मृत्यु को समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। इस 34 वें पुण्यतिथि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि कामेश्वर यादव,लातेहार जिला कांग्रेस के अमित उरांव,सुरेन्द पासवान, सुरेन्द्र भारती, लातेहार जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रब्बानी हुसैन, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, दरोगी यादव ,रवींद्र प्रसाद, विश्वनाथ पासवान, नंन्दकिशोर यादव, अमित उरांव, रवींद्र प्रसाद,सुनील प्रसाद,अख्तर अली, वाजिद अंसारी,तस्लीम अंसारी व फूलचंद यादव आदी मौजूद रहे व श्रद्धा के पुष्प अर्पित किया।

### बालूमाथ पुलिस ने 4 किलो अफीम के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार


गिरफ्तार अफीम तस्कर व जानकारी देती पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने चार किलो अफीम के दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने बताया की शनिवार की देर रात बालूमाथ-खलारी मार्ग स्थित झारखंड ढाबा के समीप तेतरियाखांड पिकेट प्रभारी धीरज कुमार के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक लाल रंग की ब्रेजा कार जेएच02बीसी3986 को आते देखकर जांच हेतु उक्त वाहन को रोका गया और बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहरा के समक्ष जांच किया गया। जिसमे ब्रेजा कार के डिक्की में दो अलग-अलग प्लास्टिक में 4 किलो गीला अफीम छुपा कर रखा हुआ था। जिसके बाद मौके पर से ब्रेजा कार के चालक शेख सद्दाम अली पिता शेख इमाम अली ग्राम हाजीचौक अल कमर कॉलोनी थाना रातू जिला रांची निवासी और मो० सनाउल्लाह पिता मो० इसहाक ग्राम मुरेनवा, राजगुरुवा थाना वशिष्ठ नगर जिला चतरा निवासी को गिरफ्तार किया गया और कार को जप्त करते हुए बालूमाथ थाना लाया गया। जब्त अफीम की अनुमानित बाजार कीमत लाखों रुपए बताई जाती है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 5/24 धारा 17(सी),18(बी),21(सी), एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार अपराधियों को लातेहार जेल भेज दिया गया। वही इस छापेमारी दल में बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार,तेतरियाखांड पिकेट प्रभारी धीरज कुमार एवं तेतरियाखांड पिकेट के सैट-46 शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमित श्री राम नवमी पूजा समिति की बैठक संपन्न

➲ 22 जनवरी को एक बजे से बाजारटांड़ से निकाली जायेगी शोभा यात्रा : प्रभात कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में मौजूद धर्मप्रेमी।

**लातेहार।** शिव मंदिर परिसर, बाजारटांड़ में रविवार को श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की एक बैठक आयोजित की गयी।बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजधनी प्रसाद यादव ने कहा कि पांच सौ साल के संघर्ष के बाद आज यह दिन आया है। आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। इसे हमें ऐतिहासिक बनाना है। प्रेचमंद पांडेय व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी का रथ लातेहार के उच्च विद्यालय में भी आया था। उस दिन लातेहार में एक अलग ही उमंग था। मुकेश कुमार पांडेय व राजीव रंजन पांडेय ने भी 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताया और इस मौके पर लातेहार में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। विहिप के जिला मंत्री संजय तिवारी ने कहा कि यह अविस्मरणीय क्षण है और हम सब इसके गवाह बनने जा रहे हैं। अध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि बैठक में आगामी 22 जनवरी को अपराह्न एक बजे से बाजारटांड़ से एक शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभा यात्रा प्रखंड कार्यालय परिसर तक जायेगी। और इसके बाद पुन. बाजारटांड़ पहुंचेगी। यहां लौटने के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होने इस शोभा यात्रा में भाग लेने की अपील की। बैठक में त्रिभुवन पांडेय, सुदामा प्रसाद गुप्ता, श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के सचिव आशीष टैगोर, राजेश कुमार अग्रवाल, राजन तिवारी, श्याम अग्रवाल, मनीष पाठक, अनिल कुमार सिंह, लाल आशीष नाथ शाहदेव, युवा नेता अंकित पांडेय, विशाल कुमार, दीपक विश्वकर्मा, संतोष अग्रवाल, भोला दास, संजय अग्रवाल, रमेश कुमार गुप्ता, नारायण प्रसाद, वीरेंद्र पाठक, रवि वर्मा, दिनेश कुमार सोनी, विपिन प्रसाद, गौरव महलका, विशाल विश्वकर्मा, कौशल किशोर राज, रविंद्र प्रजापति, पिंटू कुमार विशाल भास्कर समेंत सैकड़ो हिंदू धर्मावलंबी के लोग मौजूद थे।

## भाजपाइयों और विहिप ने अक्षत वितरण कर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दिया आमंत्रण

# छिपादोहर शिव मंदिर में 22 जनवरी को भंडारा का किया गया है आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


अक्षत वितरण कर आमंत्रण देते विहिप और भाजपा कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को छिपादोहर मण्डल में विश्व हिंदू परिषद और भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों के बीच अयोध्या से आए अक्षत का वितरण करते हुए श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। जहां वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हम सभी कार्यकर्ता आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत के साथ न्योता लेकर उनके घर पहुंच रहे है। इसी क्रम में छिपादोहर मंडल अंतर्गत खैराही टोला, हंसराज टोला, ललमटिया, आदर्श नगर और केड़ पंचायत के मतनाग टोला, कुचिला पंचायत के लाहीबार टोला, सनन टोला बरवागढ़ा टोला, कमाटांड़ टोला, नटवाबार टोला समेत अन्य गांवों में अक्षत वितरण करने का काम किया गया। सभी भाजपा कार्यकर्ता जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता, नगर संयोजक पवन गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद समेत अन्य कार्यकताओं ने बताया कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छिपादोहर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने भंडारा कार्यक्रम में सभी को शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया और अपने-अपने घरों में कम से कम पांच दीपक जलाने का भी आग्रह किया गया।

### मकर संक्रांति पर दो दिवसीय मेले का हुआ आयोजन


जतरा मेला का उद्घाटन करते अतिथि।

**बेतला।** मकर संक्रांति को लेकर बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी संगम तट पर प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी वार्षिक मेले का आयोजन किया गया जहां मेले को लेकर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे पलामू प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से लोग मकर संक्रांति के स्नान करने और उसके उत्सव को यादगार बनाने को लेकर सड़क मार्ग के साथ-साथ रेल मार्ग से होते हुए केचकी संगम तट पर पहुंचे हुए थे। संगम तट पर आयोजित मेले को लेकर विधि व्यवस्था के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय आजाद मेदनी संघ समिति किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर, पूर्व जिला पार्षद अर्जुन सिंह, कचकी पंचायत केमुखिया बुद्धेश्वर सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य आशुतोष सिंह,बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह, समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में समिति के द्वारा स्थानीय कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया वही दूसरी ओर मेले की विधि व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैयत थी, जहाँ थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में थाने के सब इंस्पेक्टर दिलीप कुमार दास, एल पासवान, जोसेफ तिर्की, समेत अन्य पुलिस अधिकारी दल बल के साथ मौके पर मुस्तेद थे, इधर मेले में आए पर्यटकों को रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की स्थिति के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### ततहा गर्म कुंड में हुआ चूड़ा गुड़ और तिलकुट का वितरण



**बरवाडीह।** मकर संक्रांति को लेकर रविवार को प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध मोरवाई पंचायत के ततहा गर्म कुंड में स्नान करने को लेकर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ी। जहाँ मौजूद सभी लोगों के द्वारा गर्म कुंड में स्नान करने के बाद पूजा अर्चना की गई। वहीं मकर संक्रांति को लेकर भाजपा मंडल कमेटी बरवाडीह के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के बीच चूड़ा गुड और तिलकुट का वितरण किया गया। जहां मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा वर्ष 2015 से लेकर लगातार मेले में मौजूद ग्रामीणों और श्रद्धालुओं के बीच चूड़ा गुड़ और तिलकुट का वितरण किया जाता रहा है। वहीं सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और दिलीप सिंह यादव समेत उपस्थित सभी भाजपाइयों ने श्रद्धालुओं को मकर सक्रांति की बधाई दी। मौके पर मंडल कमेटी उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, मंडल मंत्री सरवन सिंह, ननदेव सिंह, जितेंद्र कुमार शाह, राजेंद्र सिंह रामराज सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रखंड कमेटी के द्वारा भी विधायक रामचंद्र सिंह के निर्देश पर चूड़ा, गुड़ और तिलकुट वितरण किया गया। मौके पर युथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू और कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम समेत काफी संख्या लोग मौजूद थे।

# मकर संक्रांति के मौके पर हिंदू महासभा ने दुर्गा बाड़ी में की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में मौजूद लोग।

महुआडांड़। स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर उद्घाटन समारोह को लेकर हिन्दू महासभा में उत्साह देखा गया। उद्घाटन के दिन प्रखंड में कई कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।जिसमें मुख्य पुजा दुर्गा बाड़ी के दुर्गा मंदिर में समय सुबह 10 बजे से पूर्वाह्न 1 बजे तक पुजारी सर्वेश पाठक के द्वारा कराया जायेगा जिसमें सभी सनातनियों से पुजा में शामिल होने का आग्रह किया है। वहीं प्रसाद की भरपुर व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया।साथ ही प्रखंड के सभी मंदिरों में भी पुजा का आयोजन किया जायेगा।वहीं संध्या में सभी मंदिरों में एवं सभी सनातनियों के घरों में दीपावली की तरह दीपोत्सव मनाने का भी आव्हान किया गया। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि प्रखंड के चौदहों पंचायत के सभी गांवों के मंदिर में मिट्टी का दिया एवं तेल हिन्दू महासभा के द्वारा भेजवाया जायेगा।साथ ही सभी मंदिरों को फूलों एवं लाईट से भी सजाया जायेगा।वहीं बजरंग दल के पलामू विभाग के संयोजक सुरज साहु ने बताया कि महावीर मंदिर में महाआरती एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जायेगा। वहीं बैठक के अंत में दही चुड़ा एवं तिलकुट खा कर एक दूसरे को बधाई देते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा किया गया।बैठक में हिन्दू महासभा के मुख्य संरक्षक बृजमोहन जयसवाल,अध्यक्ष मनोज जायसवाल,उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, महामंत्री विजय जयसवाल, भानु प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता खाद दुकान, मंत्री मनोज जायसवाल किराना,दिलीप गुप्ता, राजीव कुमार स्वीट पैलेस, संगठन मंत्री रमेश जायसवाल, गणेश प्रसाद, हीरालाल प्रसाद मामा, कार्यालय मंत्री सत्यनारायण प्रसाद सहेली, भंडारा प्रमुख हीरा जायसवाल, भोला सोनी, सलाहकार समिति बिहार जायसवाल, अंतू साव, बलराम प्रसाद, राजेंद्र सोनी, आनंदनाथ शाह, कृष्णा प्रसाद पूनम मिष्ठान, बजरंग दल के प्रदीप जायसवाल, सदस्य हीरालाल प्रसाद शिक्षक, शिवनाथ प्रसाद मिल,रामदास केसरी, ओमप्रकाश गुप्ता पान दुकान, अजय प्रसाद आढ़त ,सरजू प्रसाद सोनी, राकेश कुमार, बाबूलाल ठाकुर,संदीप कुमार गुप्ता पोस्ट ऑफिस, संतोष यादव, दुर्गेश प्रसाद,भोला बाबू आढ़त समेत हिंदू महासभा के कई लोग उपस्थित थे।

# राहुल गांधी की सोच समाजवादी नेताओं को राजनीति से मुक्त कर रही है : सम्राट चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पूरे देश में अभी राम मंदिर और 'आइएनडीआइए' गठबंधन की बैठक की काफी चर्चा हो रही है। वहीं, इन सब मुद्दों पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने रविवार को मीडिया से बात की। सम्राट चौधरी कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी यात्रा निकालने से कोई दिक्कत नहीं है। कांग्रेस पार्टी के नेता हैं। राहुल गांधी ने बिहार के नेताओं के खासकर भविष्य को बर्बाद किया है। लालू यादव के बचने के लिए जो बिल था उसे फाड़ दिया था नीतीश के राजनीतिक करियर को भी बर्बाद किया है। राहुल गांधी की सोच समाजवादी नेताओं को राजनीति से मुक्त कर रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने नीतीश कुमार को संयोजक नहीं बनाया और ममता बनर्जी का बहाना बनाया गया है। नीतीश कुमार के राजनीतिक भविष्य को खराब किया। राहुल गांधी को माफी यात्रा



निकालनी चाहिए। राहुल गांधी के दादा दादी पिता ने 50 साल तक देश में शासन किया, लेकिन देश का विकास नहीं हुआ। माफी यात्रा इसलिए निकाले। वहीं, आगे बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बीजेपी देश भर में अभियान चला रही है। 14 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक देश के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सम्राट चौधरी ने खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में सफाई की। हाथों में झाड़ू लेकर मंदिर को साफ किया। बता दें कि मिली जानकारी के अनुसार विपक्षी दलों के गठबंधन 'आइएनडीआइए' का अध्यक्ष बनाए जाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम पर शनिवार को आम सहमति बन गई। गठबंधन के संयोजक पद के लिए जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार का नाम प्रस्तावित किया गया, लेकिन अंतिम फैसला उन पार्टियों से परामर्श करने के बाद लिया जाएगा, जिनके प्रतिनिधि बैठक में मौजूद नहीं थे। अभी भी संयोजक पद पर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

## हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन

**चांडिल।** चांडिल प्रखंड क्षेत्र के एन एच 33 कान्दरबेड़ा रघुनाथ मुर्मू चौक पर रविवार को विधायक योजना से निर्मित हाईमास्ट लाइट का उद्धाटन विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर व स्विच ऑन कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा हाईमास्ट लाइट का निर्माण 7 लाख 74 हाजार 3 सौ रुपये कि लागत से कराया गया। विधायक ने कहा चौक चौराहा पर हाईमास्ट लाइट रहने से राहगीरों को यातायात में काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, सोमनाथ हेंब्रम, मदन मुर्मू, नव किशोर हांसदा, कित्तीवास महतो, मंगल महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# तातलोई मेला के साथ मकर संक्रांति त्योहार शुरू



तातलोई मेला में गर्मकुंड में स्नान करते लोग।



पूजा-अर्चना करते साफाहोड़ समुदाय के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मकर संक्रांति पर लगने वाले तातलोई मेला और साफाहोड़ आदिवासियों द्वारा पूजा-अर्चना कर मकर संक्रांति का त्योहार मनाने के साथ आस-पास के ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति का त्योहार शुरू हो गया है। मकर संक्रांति का पर्व हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। इसलिए कुछ लोगों ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया।

वहीं कुछ लोगों द्वारा 15 जनवरी को भी मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाएगा। 15 जनवरी को मकर संक्रांति मनाना शुभकारी है। इसे मानने वाले लोग 15 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहर मनाएंगे।

# मुफ्त होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर जिला पार्षद कार्यलय में जिला पार्षद सदस्य डॉ परितोष और पंचायत समिति सदस्य सतवीर सिंह बग्गा के पहल पर आज रविवार को शहर के सुप्रसिद्ध जाने-माने कदमा अस्थमा रिसर्च सेंटर के सुप्रसिद्ध डॉक्टर एस. एस सग्गू , डॉक्टर अमी सग्गू के द्वार निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका लाभ कई जरूरतमंद लोगों ने इसका लाभ उठाया। ज्ञात हो कि पिछले तीन माह से इस चिकित्सा शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिला परिषद डॉ परितोष ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर से कई लोगों को मुफ्त डॉक्टरी सलाह और मुफ्त की दवाइयां मिल रही है जिससे कई लोग लाभान्वित हो रहे हैं आने वाले प्रत्येक माह में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजित किया जाएगा।

खबर | एक नजर में

# सुंदरनगर के विभिन्न इलाकों में निकली भव्य अक्षत कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** अयोध्या के राम जन्मभूमि में बन रहे भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के अनुसार सुन्दरनगर के विभिन्न इलाकों में सैकड़ो की संख्या में पुरुष एवं महिलाओं ने गाजे बाजे एवं जय श्री राम के नारे के उद्घोष के बीच भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माँ विंध्यवासिनी सेवा समिति सुन्दरनगर के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित हुए। मौके में उपस्थित जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू ने कहा कि इस अक्षत यात्रा में अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया साथ ही आगामी 22 जनवरी को संध्या अपने-अपने घरों के समक्ष 11 दीपक जलाएं और पुरे देश में दीपावली मनाये। उपस्थित पूर्व विधायक मेनका सरदार ने कहा कि 500 वर्षो के त्याग बलिदान और प्रयासों के बाद 22 जनवरी का शुभ दिन आया हैं इसलिए श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोग अपने अपने घरों को दीपक से सजायें और मंदिरों को भी जगमग कर दें। सुन्दरनगर शिव शक्ति मंदिर से जुड़ी हुई महिलाओं ने भगवा साड़ी पहन कर भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली जो सुन्दरनगर सार्वजनिक दुर्गा पूजा मैदान से सुन्दरनगर चौक होते हुए सुन्दरनगर शिव शक्ति मंदिर में आरती के बाद संपन्न हुआ।

# संतरी कुलमिआनी ने सतन आश्रम में ली मंत्र दीक्षा



सतन आश्रम में मंत्र दीक्षा लेते फिनलैंड से आये हुए 24 वर्ष संतरी कुलमिआनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को सतन आश्रम में मंत्र दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें फिनलैंड से आये हुए 24 वर्षीय संतरी कुलमिआनी सतन आश्रम के वर्तमान गुरु स्वामी आत्मानंद से मंत्र दीक्षा ली। संतरी कुलमिआनी पारिवारिक इसाई संप्रदाय से थे।

लेकिन पिछले 2 सालों से सनातन धर्म के प्रति आकर्षित होते रहे। जब इनके मां लिसा इकोसारी को इस विषय में पता चला तो उन्होंने संतरी को सनातन धर्म को विस्तार से जानकारी लेने के लिए पिछले 1 नवंबर को सतन आश्रम में भेज दी। लिसा इकोसारी पिछले 8 सालों से स्वामीजी को अनुसरण करते है।

पिछले दो महीना से संतरी सनातन धर्म को अच्छी तरह से जानकारी लेने के बाद सनातन धर्म को अपनाने का फैसला लेते हुए इस धर्म को अपनानें के लिए अपने मां पिताजी से अनुमति लिए। मंत्र दीक्षा लेकर संतरी बोलें कि वह अभी अच्छे दिशा में चलने के लिए गुरु जी के साथ हमेशा के लिए रहेगें। समय-समय पर भारत में आकर और शिक्षा प्राप्त करेगे।

## मानगो के उलीडीह में टुसू पुजा के पंडाल का हुआ उद्घाटन

**जमशेदपुर।** मानगो के पुराना उलीडीह में टूसु पूजा के पंडाल का उद्घाटन भाजपा नेता अभय सिंह एवं विकास सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया। उद्घाटन करने पहुंचे अतिथियों का स्वागत मांदर और नगाड़ा बजा कर आदिवासी परंपराओं के अनुसार किया गया । सैकड़ो वर्ष से आयोजित होने वाली टुसू पूजा के प्रति लोगों की आस्था बनी हुई है । उद्घाटन के क्रम में भाजपा नेता अभय सिंह ने टुसू का गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा की झारखंड की पहचान टुसू पर्व से है प्राकृतिक का त्यौहार है टुसू लोगों का फसल अच्छा होने पर लोग टुसू मना कर खुशियां मनाते हैं पुराने जमाने में अंग्रेजों के द्वारा फसल पर टैक्स लगा दिया गया था जिसे टुसू माई के त्याग के कारण नहीं अंग्रेजों को टैक्स का पैसा छोड़ना पड़ा था । उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से अभय सिंह ,विकास सिंह ,सुकुल सिंह, कल्लू सिंह, सोनू कच्छप, सन्नी कुंकल, बिट्टू गोप, कर्मू बिरुवा, कार्तिक गोप,पवन हेमब्रम, कृष्ण हेमब्रम मुख्य उपस्थित थे।

# साफा होड़ ने की अराध्यदेव राम और शिव की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामा।** प्रखंड स्थित पलासी गांव में मकर संक्रांति पर आयोजित तीन दिवसीय तातलोई मेला के प्रथम दिन रविवार को हजारों भक्तों ने गर्म जलकुंड में आस्था की डूबकी लगा पूजा अर्चना कर मेले का आनंद उठाया। इस अवसर पर जामा, रामगढ़, काठीकुंड, दुमका समेत अन्य प्रखंडों से सैकड़ों साफा होड़ ने अपने-अपने धर्मगुरु के साथ तातलोई जल कुंड में डूबकी लगाने पहुंचे।

धूमधाम से ढोल मांदर, मंजीरा, हारमोनियम, बेंजो आदि वाद्य यंत्र एवं पारम्परिक अस्त्र-शस्त्र के साथ अपने अनुयायियों के बीच पूजा-अर्चना कर दुःख दूर करने की कामना की। धर्म गुरुओं ने अक्षत, पुष्प, फल मूल, मिठाई, मेवा, बताशा आदि के साथ अपने ईष्ट देवता की पूजा अर्चना की। धर्म गुरुओं ने बताया कि वे लोग शिव और राम को अपना देवता मानते हैं। साफाहोड़ शाकाहारी भोजन करते हैं। वर्ष तिथि के अनुसार 14 जनवरी से मेला प्रारंभ हुआ और





भगवान शिव व सीता-राम की पूजा-अर्चना करते साफाहोड़ व अन्य।

16 को समाप्त होगा। प्रशासन की ओर से भी शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती दिखी। इस साल मेले में बड़ी तादात में भीड़ जुट रही है। नदी पर पुल बनने से मेले का क्षेत्रफल बढ़ गया है। दोनो ओर मेला लगा है। रोचक बात यह है कि बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए पुल वाहन पार्किंग का काम कर रही है।

# अयोध्या से आये अक्षत कलश आमंत्रण पत्र का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के बनियाडीह और पंजराडीह पंचायत के घरों घरों में रविवार को अयोध्यानाथधाम से आए पवित्र, पूजित कलश का अक्षत, आमंत्रण पत्र, रामचंद्र भगवान और मंदिर की तस्वीर का वितरण किया गया। बुनियाडीह, धाबाटीकर, करणटोला गोपालपुर, पंजराडीह, लाहाडीह आदि गांव में पवित्र, पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र और रामचंद्र भगवान और मंदिर की तस्वीर वितरित की गई।वितरण करने वाले राम भक्तों द्वारा घर-घर में श्रद्धालुओं को यह बताया गया कि आगामी 22 जनवरी को जिस दिन अयोध्यानाथ धाम के नवनिर्मित मंदिर में बाल रूपी रामचंद्र जी भगवान की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा होगा उस दिन हर्षोल्लास के साथ दीपावली मनावें। अपने-अपने घरों, गलियों, सड़कों, दरवाजा और निकटवर्ती मंदिरों में विस्तार रूप से दीपक जलाएं। एक दूसरे के साथ खुशी मनाएं। मीठे पकवान बनाकर खाएं और अपने सगे संबंधियों, दोस्तों, परिचायको, अपनों को खिलाएं। कहा की 22 जनवरी के बाद कभी भी समय निकालकर अयोध्यानाथधाम की यात्रा कर रामलाल के दर्शन कर आशीर्वाद लें। अमित कुमार शाह, गौतम कुमार सिंह, मिथिलेश रंजन, गोपाल यादव, दिलीप कुमार भगत, करमू प्रसाद यादव, बिंदु देवी, मन्नू उर्फ सीताराम झा, आशिका कुमारी, मनीष यादव, विनोद यादव, उमेश प्रसाद शाह, वीरेंद्र भगत, मिथुन कुमार मंडल, लोहा पासवान, जयकिशोर महतो, संजीव कुमार मिश्रा, निर्मल यादव सहित दर्जनों राम भक्त, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, गनमान्य, बुजुर्ग, शिक्षाविद, ग्रामीण, किसान, मजदूर आदि शामिल थे।

# साड़ी, कंबल एवं बच्चों में कपड़े का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह द्वारा रविवार को बारीडीह एवं केबुल हरिजन बस्ती पहुंचकर जरूरतमंद महिलाओं के बीच स्नेह स्वरूप साड़ी वस्त्र, ठंड से



बचाव हेतु असहाय बुजुर्गों को कंबल एवं बच्चों के बीच पहनने के कपड़ा का वितरण किया गया। मौके पर, बारीडीह में हरिजन बस्ती की स्थानीय महिलाओं ने सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह का पारंपरिक पकवान गुड़ पिट्ठा से मुंह मीठा कराया। साथ ही, स्थानीय लोगों के आग्रह पर झारखंड की संस्कृति और परंपरा की परिचायक झूमर नृत्य पर थिरके शिव शंकर सिंह।

# छात्रों को कराया गया एजुकेशनल टूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रानेश्वर/निज संवाददाता।** मयूराक्षी ग्रामीण डिग्री कॉलेज के बीएससी सेमेस्टर एक को रविवार को एजुकेशनल टूर कराया है। एजुकेषनल टूर में वनस्पति विभाग के 17 छात्र-छात्राएं षामिल थे। छात्र विभाग के प्रोफेसर डॉ प्रशांत पातर के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के विभिन्न ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण किया। षिक्षक डॉ पातर ने बताया कि पश्चिम बंगाल के गोनपुर का जंगल, वीर चंद्रपुर, तारापीठ एवं नित्यानंद प्रभु का ऐतिहासिक पैलेस में टूर कराया गया है। टूर के दौरान इकोलॉजी के बारे में बताया गया। ऑक्सीजन का क्या महत्व है। जीने के लिए ऑक्सीजन को कैसे बचा सके। पौधा रोपण कर जिंदगी को कैसे निर्वाह कर सके। कार्बन डाइऑक्साइड कैसे कम किया जाये आदि के बारे में जानकरी दिया गया।




एजुकेशनल टूर में शामिल वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थी।

## पत्रकारों को सम्मानित किया गया

**गोड्डा।** गांधी मैदान गोड्डा में कई दिनों से फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज समाप्त हुआ। इसमें पत्रकारों के नाम पर कुछ सोशल मीडिया कर्मियों और कुछ रिपोर्टरों को बुलाकर उसे डीसीए द्वारा सम्मानित किया गया जो राजनीति में आगे और पत्रकारिता में पीछे आए हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ खेल पदाधिकारी इस तरह के पक्षपात पूर्ण रवैए के लिए जाने जाते हैं। मैं खुद प्रिंट मीडिया से जुड़ा हु लेकिन किसी कार्यक्रम की मुझे सूचना नही मिली है। उन्ही की यू ट्यूब में देखकर ये समाचार बनाने पर विवश हु राजनीति ने पत्रकारों का भी बंटवारा कर दिया और जज भी स्वयं या फिर सरकारी पदाधिकारी हैं जिन्हे सिर्फ कुछ लोगों को बुलाकर सम्मानित करना होता है।

## पेज 1 का शेष

### भाजपा-संघ की नफरतवाली...

शायद पीएम मोदी, भाजपा और आरएसएस के लिए मणिपुर भारत का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा, 2004 से राजनीति में हूं। पहली बार हिंदुस्तान के एक प्रदेश गया, जहां पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। **मैं मन की बात नहीं करता, सुनता हूं :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, भारत भारी अन्याय का सामना कर रहा है और इसलिए यह यात्रा जरूरी है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, हम अपने मन की बात नहीं बताना चाहते, हम आपके मन की बात सुनना चाहते हैं। **मणिपुर से ही यात्रा पर अड़ा था :** राहुल गांधी ने कहा- सवाल उठा था कि यात्रा शुरू कहां से होनी चाहिए? मैंने साफ कहा कि यह यात्रा मणिपुर से ही शुरू होनी चाहिए। मणिपुर के थौबल जिले से शुरू इस यात्रा का समापन 20 मार्च को मुंबई में होगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों से होकर 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा दल तैनात किये गये हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने शहर में राहुल गांधी के स्वागत के लिए बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर लगाये गये हैं।

### विकसित भारत निर्माण...

पीएम ने 'कोलम' (रंगोली) के साथ भारत की विविधता की समानता बताते हुए कहा कि जब देश का हर कोना एक-दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है, तो देश की ताकत एक नए रूप में दिखाई देती है। **श्री अन्न पर स्टार्टअप उद्योग :** पोंगल के दौरान नयी फसल को भगवान को समर्पित किया जाता है और इस उत्सव के केंद्र में 'अन्नदाता किसान' होते हैं। भारत के हर त्योहार के गांव, फसल और किसान से संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि 'सुपरफूड श्री अन्न' (मोटे अनाज) के बारे में एक 'नयी जागरुकता' आयी है। कई युवाओं ने मोटे अनाज पर स्टार्टअप उद्यम शुरू किया है।

### भारत ने न्यूजीलैंड...

भारत किसी भी प्रकार उस मैच को जीतने का प्रयास करेगा। दूसरी जीत दर्ज कर भारत सेमीफाइनल में पहुंचने का लक्ष्य रखेगा। भारत की ओर से पहला गोल संगीता कुमारी ने पहले ही मिनट में दागा। नौवें मिनट में न्यूजीलैंड की ओर से मेगन हुल ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने काफी आक्रामक खेल दिखाया। भारत ने तीनों गोल पहले ही क्वार्टर में दागे। भारत के लिए दो और गोल पेनल्टी कॉर्नर पर उदिता (12वें मिनट) और ब्यूटी डुंगडुंग (14वें मिनट) ने किये। उसके बाद भारतीय टीम ने डिफेंसिव खेल अपनाया। हालांकि भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाये रखा। **पहले क्वार्टर में ही हुए 4 गोल :** सबसे मजेदार बात यह है कि इस मुकाबले में जो भी 4 गोल हुए सभी पहले क्वार्टर में ही हुए। दूसरे, तीसरे और चौथे क्वार्टर में एक भी गोल नहीं हुए। भारत की एक गोल से बढ़त के बाद तीसरे मिनट में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने विपक्षी टीम के प्रयास को विफल कर दिया। फिर नौवें मिनट में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे मेगन ने गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। भारत के लिए दो और गोल पेनल्टी कॉर्नर पर उदिता (12वें मिनट) और ब्यूटी डुंगडुंग (14वें मिनट) ने किये। **क्या कहा सलीमा टेटे ने :** प्लेयर ऑफ द मैच बनीं सलीमा टेटे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारे ऊपर इस मुकाबले को जीतने का बहुत प्रेशर था। इसलिए शुरूआत भी हमने वैसी ही की। हमारा फर्स्ट हाफ बहुत जबरदस्त रहा और हमने अच्छा खेला। इस जीत के बाद कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि आज हमारे लिए करो या मरो का मुकाबला था तो हमने वही किया, जो हमें करना था। एक हार और हम बाहर हो सकते थे, इसलिए हमने अटैकिंग खेल दिखाया और जीत दर्ज की। **भारतीय टीम :** गोलकीपर : सविता पुनिया (कप्तान), बिचू देवी खारीबाम। डिफेंडर : निक्की प्रधान (उप-कप्तान), उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका। मिडफील्डर : निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका, ज्योति, ब्यूटी डुंगडुंग। फॉरवर्ड : लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, बलजीत कौर।

# एमके-1 मिसाइल से लैस होंगे लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस

## रक्षा राज्यमंत्री ने मिसाइल के पहले बैच को किया रवाना

**नयी दिल्ली(हि.सं.)।** रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने रविवार को हैदराबाद में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) मुख्यालय से स्वदेशी रूप से विकसित हवा से हवा में मार करने वाली एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल के पहले बैच को हरी झंडी दिखाई। सुखोई-30 एमकेआई विमान पहले ही इन मिसाइलों से लैस हैं, लेकिन अब लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस में भी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल लगाईं जाएंगी। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 110 किलोमीटर तक अपने दुश्मन को निशाना बना सकती है। चीन सीमा पर तनाव के बीच स्वदेशी एस्ट्रा

**▸▸ बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 110 किलोमीटर तक दुश्मन को बना सकती है निशाना**

एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप अक्टूबर 2020 में वायु सेना को मिली थी। करीब 100 किलोमीटर की लंबी दूरी तक हमले करने में सक्षम इस मिसाइल को सुखोई-30 में लैस किया गया था। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद वायुसेना और नौसेना के लिए 248 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था। दोनों सेनाएं पहले



से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को वायुसेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस और नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। इसीलिए पिछले साल 23 अगस्त को पहली बार ह्यमेड इन इंडिया जेट के साथ मेड इन इंडिया मिसाइल दागकर परीक्षण किया गया था। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने 200 से अधिक मिसाइल खरीदने और बीडीएल को उत्पादन करने को मंजूरी दी थी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के मुताबिक एस्ट्रा मिसाइल 3.6 मीटर (12 फीट) लंबी है, जिसका व्यास 178 मिमी (7.0 इंच) है और इसका वजन 154 किलोग्राम (340 पाउंड) है। एस्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है, इसलिए दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। एस्ट्रा मिसाइल 4.5 मैक की गति तक पहुंचा सकती है और अधिकतम 20 किमी. (66 हजार फीट) की ऊंचाई से संचालित हो सकती है। एस्ट्रा मिसाइल की अधिकतम सीमा हेड-ऑन चेस मोड में 110 किमी. (68 मील) और टेल चेस मोड में 20 किमी. (12 मील) है। वायुसेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायुसेना का मुख्य हथियार होंगे।

# जगन सरकार की शुरू हो गयी उलटी गिनती : चंद्रबाबू

**आंध्र में टीडीपी और जेएसपी लोकसभा और विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेगी**



**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने जन सेना पार्टी (जेएसपी) नेता और अभिनेता पवन कल्याण के साथ अमरावती के मंडदम में भोगी समारोह में हिस्सा लिया। दोनों नेताओं ने वाईएसआरसीपी सरकार के 'जनविरोधी' नीतियों को भोगी अग्नि में जलाया। टीडीपी और जेएसपी ने आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन की घोषणा की है। दोनों दल भोगी मनाने के लिए एक साथ आए, जो तीन दिवसीय संक्रांति उत्सव की शुरूआत है। समारोह का आयोजन तेलुगु जाति की स्वर्ण युगम-संक्रांति संकल्पम (तेलुगु लोगों के लिए स्वर्ण युग के लिए संक्रांति प्रतिज्ञा) के नारे के साथ संयुक्त रूप से किया गया। नायडू ने कहा कि जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। अंधेरा दूर हो जाएगा और राज्य में स्वर्णिम शासन आएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान वाईएसआरसीपी के अक्षम और विनाशकारी शासन के कारण लोगों को बहुत परेशानी हुई है।

# कांग्रेस के दिग्गज नेता मिलिंद देवड़ा शिवसेना में हुए शामिल

**एजेंसी**

**मुंबई।** कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने रविवार को अपने हजारों समर्थकों सहित शिवसेना में शामिल हो गए। मिलिंद देवड़ा ने रविवार को सुबह ही कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था और विकास के मार्ग पर चलने की घोषणा की थी।

मुंबई में रविवार को शिवसेना में शामिल होने के मिलिंद देवड़ा ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मैं आज भावुक हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। मेरा और मेरे परिवार का कांग्रेस से 55 साल का रिश्ता खत्म हो गया है। मेरी राजनीति सकारात्मक है। मेरी

**पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले- मेरा और मेरे परिवार का कांग्रेस से 55 साल का रिश्ता खत्म हो गया**

विचारधारा लोगों की मदद करने की है। मैं 2004 में कांग्रेस में शामिल हुआ और आज की कांग्रेस और तब की कांग्रेस में जमीन-आसमान का अंतर है।

मिलिंद देवड़ा ने कहा कि अब केंद्र और प्रदेश में मजबूत सरकार है। मोदी के हाथों में देश और शिंदे के हाथ में महाराष्ट्र मजबूत हैं। मैं पहली बार मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे सबके लिए खुले हुए देख रहा हूं।

उन्होंने कहा कि इस दौरान कहा कि मोदी और शिंदे की नीतियों के कारण पिछले 10 साल में एक भी आतंकी हमला नहीं हुआ है। इस




अवसर पर तकरीबन 450 से अधिक पदाधिकारी भी शिवसेना में शामिल हुए हैं। कांग्रेस पार्टी में मिलिंद देवड़ा पिछले कई वर्षों से असहज महसूस कर रहे थे। शिवसेना में मिलिंद देवड़ा को राज्यसभा का सदस्य बनाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रविवार को कहा कि वन रैंक वन पेंशन योजना को लागू करने से लेकर स्वास्थ्य देखभाल और पुनः रोजगार प्रदान करने तक सरकार देश के वयोवृद्ध लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। श्री सिंह ने आठवें सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर वायु सेना स्टेशन, कानपुर में एक वेटरन्स रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सैनिक परिवार, जाति और पंथ से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र के बारे में सोचते हैं। वे अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभाते हैं क्योंकि वे इस तथ्य को जानते हैं कि यदि राष्ट्र सुरक्षित है, तो सब कुछ सुरक्षित है। इससे उन्हें हर चुनौती का

**परिवार, जाति और पंथ से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र के बारे में सोचते हैं सैनिक : रक्षा मंत्री**

सामना करने की नैतिक शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार देश की प्रगति के लिए और अधिक प्रयास कर रही है, वहीं लोगों की भी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सैनिकों और उनके आश्रितों को अपने परिवार की तरह मानें और यह सुनिश्चित करें कि वे हमेशा उनके साथ खड़े रहें। श्री सिंह ने लोगों से सेवानिवृत्त और सेवारत सैनिकों के सम्मान में अपनी इच्छाशक्ति को और मजबूत करने की अपील की।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सैनिकों की बहादुरी, कटिबद्धता और मानवीय मूल्यों का न केवल पूरा देश, बल्कि पूरी दुनिया सम्मान करती है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में लड़ने वाले हमारे सैनिकों



की बहादुरी को दुनिया भर में सम्मान के साथ याद किया जाता है। हम भारतीय भी न सिर्फ अपने बल्कि दूसरे देशों के सैनिकों का भी सम्मान करते हैं। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के 90,000 से ज्यादा सैनिकों ने भारत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। हम उनके साथ जैसा चाहते, वैसा व्यवहार कर सकते थे; लेकिन हमारी संस्कृति और परंपरा ऐसी है कि हमने पूरी तरह से मानवीय रवैया अपनाया और उन्हें पूरे सम्मान के साथ उनके देश वापस भेजा।

## नड्डा, राजनाथ और शाह को मिला राम मंदिर का न्यौता

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया है।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार एवं मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने तीनों नेताओं को निमंत्रण पत्र सौंपे।

विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने यहां बताया कि श्री नड्डा ने निमंत्रण स्वीकार किया और कहा कि वह कार्यक्रम में आएंगे।

श्री शाह और श्री सिंह ने मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया तथा कहा कि वे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से चर्चा करके आने और दर्शन करने की तिथि शीघ्र तय करेंगे।

# प्रधानमंत्री आज पीएम-जनमन से जुड़े लाभार्थियों को जारी करेंगे पहली किस्त

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार अंतिम पायदान पर मौजूद व्यक्ति को सशक्त बनाने के अंत्योदय के दृष्टिकोण की दिशा में प्रधानमंत्री के प्रयासों के अनुरूप पिछले साल जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन की शुरूआत की गई थी। लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के



बजट वाली पीएम-जनमन 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण प्रयासों पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य पीवीटीजी घरों और बस्तियों को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सुरक्षित आवास और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करके उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। साथ ही बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों तक बेहतर पहुंच सनुश्चित करना है।

## दिल्ली में दम घुटने से बिहार के एक ही परिवार के चार मरे

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में एक घर में कोयले की अंगीठी से निकलने वाले धुएं से दम घुटकर एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और दो नाबालिग बच्चे शामिल हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के जिला मुंगेर निवासी राकेश उर्फ दीनानाथ (40), उनकी पत्नी ललिता (38) और उनके बच्चे पीयूष (8) तथा सनी (7) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 7 बजे अलीपुर थाने में फोन पर जानकारी मिली कि खेरा कलां में एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीसीआर वैन और स्थानीय कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर पता चला कि कमरा अंदर से बंद है। शीशा तोड़कर खिड़की खोली गई और बाद में दरवाजा भी खोला गया। कमरे के अंदर अंगीठी जल रही थी और चार लोग बेहोश मिले। शुरूआती जानकारी से पता चला है कि सभी चारों व्यक्तियों की मौत दम घुटने से हुई। एफएसएल टीम द्वारा अपराध स्थल (एसओसी) का गहन निरीक्षण किया गया है।

# प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या में बना एक और विश्व रिकार्ड

## 14 लाख रंग-बिरंगे दीयों से उकेरी गयी भगवान श्री राम की छवि

**एजेंसी**

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अयोध्या में एक और विश्व रिकार्ड की साक्षी बनी। साकेत महाविद्यालय के ग्राउंड में 14 लाख रंग बिरंगे दीपों से भगवान श्री राम की छवि उकेरी गई। अयोजन समिति के लोगों को वर्ल्ड रिकार्ड टीम ने इसका प्रमाण पत्र दिया। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे के नेतृत्व में बिहार के सिद्धेश्वर बिहार से अयोध्या तक आविर्भाव एवं अभ्युदय रथ यात्रा के अयोध्या पहुंचने पर दीपकों से बनी आकृति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अयोजन किया गया।

प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाती मिश्र के भजनों की प्रस्तुतियों ने पूरे परिवेश को राममय कर दिया। विजय यादव के फरवाही नृत्य से अयोध्या की लोक कला का प्रर्दशन हुआ। कार्यक्रम के दौरान अयोध्या महोत्सव-2024 की पत्रिका पंखुड़ी का हुआ लोकार्पण किया गया।

बिहार से आने वाली यात्रा के साथ उप्र के राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, गोपाल जी सांसद, पवन यादव विधायक बिहार, हरि साहनी नेता प्रतिपक्ष बिहार विधान परिषद, अयोध्या के संत भरत दास, लक्ष्मण किलाधीश्वर, वैदेही वल्लभ शरण मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने कहा 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुर्हूत आया है। हम सभी बड़े भाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म उस पीढ़ी में हुआ जो भगवान को दिव्य अलौलिक भवन में विराजते देख रहे हैं। मोदी की सरकार में अयोध्या अद्वितीय विकास हो रहा है। यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं को यहां आने के बाद आध्यत्मिकता के साथ विकास का एक सुखद अनुभव होगा। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष व भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या हर वर्ष दीपोत्सव में दीपों के जलने से एक विश्व रिकार्ड की साक्षी बनती है। परन्तु आज यहां 14 लाख रंग बिरंगे दीपों से भगवान की आकृति उकेरी गई है। जो विश्व रिकार्ड है। आज तक ऐसा कहीं नहीं हुआ। डबल इंजन की सरकार में वैश्विक स्तर पर अयोध्या को अपनी गरिमा के अनुरूप सजाया जा रहा है। जन्मों के पुण्य फलीभूत हुए तो अयोध्या में जन्म हुआ तथा श्री राम को भव्य भवन



में विराजते देख रहे हैं।

इस अवसर पर महेश ओझा, नाहिद कैफ, विवेक पाण्डेय, अरूण द्विवेदी, विजय यादव, रिचा उपाध्याय सहित अयोध्या महोत्सव न्यास के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीकर में दो कारों की भिड़ंत में छह लोगों की मौत, पांच गंभीर

**जयपुर।** सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना इलाके में रविवार देर शाम तेज रफ्तार दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा इतना दर्दनाक था कि दोनों कार पूरी चकनाचूर हो गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों और मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। लक्ष्मणगढ़ पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) धमाराम ने बताया कि हादसा सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ से निकल रहे जयपुर-बीकानेर हाईवे के मणि महल के पास रविवार शाम पौने पांच बजे हुआ था। जहां बोलेरो गाड़ी लक्ष्मणगढ़ से सीकर की तरफ आ रही थी जबकि दूसरी अर्टिगा गाड़ी सीकर से लक्ष्मणगढ़ की तरफ जा रही थी। बताया जा रहा है कि अर्टिगा कार डिवाइडर पार करते हुए सड़क के दूसरी तरफ आ गई थी। ऐसे में वह बोलेरो से भिड़ जाने से हादसा हो गया। फिलहाल अभी तक कारणों का पता नहीं चल पाया है कि गाड़ी डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ कैसे आई। पुलिस मृतकों की जानकारी जुटा रही है।

## एक नजर में

### गांगुली की बायोपिक में नजर आयेंगे खुराना



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना भारतीय क्रिकेटर सौरभ गांगुली की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। भारतीय क्रिकेटर सौरभ गांगुली की बायोपिक बनाने को लेकर चर्चा है।विक्रमादित्य मोटवाने पहले इस फिल्म को निर्देशित करने वाले थे। अब चर्चा है कि रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या इस फिल्म को निर्देशित कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सौरव गांगुली का किरदार निभाने के लिए आयुष्मान खुराना को साइन किया गया है। इससे पहले कार्तिक आर्यन का नाम भी इस रोल के लिए सामने आ रहा था। यदि सबकुछ सही रहा तो आयुष्मान खुराना, सौरभ गांगुली की बायोपिक में नजर आ सकते है।

### कनाडा में बर्फीले तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**वैंकूवर (कनाडा)।** 24 घंटों से क्लार्क काउंटी और पोर्टलैंड-वैंकूवर मेट्रो क्षेत्र के लोगों को बर्फीले तूफान से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बैंकूवर में सर्दी ने पिछले 33 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। बर्फबारी, ओलावृष्टि और तेज पूर्वी हवाओं की वजह से तापमान काफी नीचे चला गया है। न्यूनतम तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के वरिष्ठ विज्ञानी शॉन वीगल ने बताया कि शनिवार शाम 4 बजे तक कोलंबिया नदी के पास पूर्वी पोर्टलैंड में डेढ़ इंच बर्फ गिर चुकी थी। अगर बारिश रुक गई तो रविवार से मंगलवार तक मौसम शुष्क रहेगा। तापमान सामान्य से नीचे रह सकता है। वैंकूवर क्लीनिक ने कहा कि उसके रिज फील्ड और कैमास अर्जेंट केयर बंद हैं।

### बाइडेन के विशेष दूत जॉन केरी देंगे इस्तीफा!

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के विशेष दूत (जलवायु) जॉन केरी इस साल वसंत तक अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। बाइडन से मुलाकात में उन्होंने इस जिम्मेदारी से मुक्त होने की इच्छा जताई है। 80 वर्षीय केरी ने 2021 की शुरूआत से जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रपति के शीर्ष राजनयिक के रूप में काम किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार बाइडेन और केरी की मुलाकात के समय मौजूद दो शीर्ष अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। केरी ने 2021 से अब तक तीन संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलनों में अमेरिकी वार्ता दल का नेतृत्व कर चुके हैं। उन्होंने जो दुनिया भर की सरकारों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में आक्रामक रूप से कटौती करने के लिए प्रेरित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन के दौरान अमेरिका के पेरिस जलवायु समझौते से पीछे हटने के बाद स्थिति उलझ गई थी। बाइडेन के राष्ट्रपति बनने पर अमेरिका ने नीतिगत फैसला लेते हुए केरी को नई जिम्मेदारी सौंपी।केरी ने दुनिया के दो सबसे बड़े प्रदूषकों संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच ग्लोबल वार्मिंग पर सहयोग की वकालत की।

### रूस में मिला सबसे बड़ा सोने का खदान

मॉस्को।रूस ने सुदूर पूर्व में सबसे बड़ी सोने की खोज की घोषणा की है। यह खदान पूर्वी संघीय इकाई चुकोटका में में स्थित है। रूस का अंदाजा है कि इस खदान में 100 टन से अधिक सोना मौजूद है। 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद यह रूस में सोने की सबसे बड़ी खोज है। रूस, पिछले दो साल से पश्चिमी देशों के सैकड़ों प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, जिसमें उन देशों में मौजूद रूसी संपत्तियों की जब्ती तक शामिल है। ऐसे में रूस के लिए इस सोने की खान की खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।इस खोज की घोषणा रूस की सरकारी कंपनी रोसाटॉम के खनन माइनिंग डिवीजन ने किया है। उन्होंने एक बयान में बताया कि सोविनोय खदान में ड्रिलिंग का काम साल भर किया जाता था। बयान के अनुसार, श्पिछले तीन वर्षों में, 32 किमी से अधिक की कुल लंबाई वाले 123 कुएं खोदे गए हैं। सभी पूर्वेक्षण, स्थलाकृतिक-भूगर्भीय, भूवैज्ञानिक-भूरासायनिक और भूभौतिकीय कार्य पूरे हो चुके हैं।₹ कंपनी ने कहा कि सोविनोय खदान का वार्षिक उत्पादन 2029 से तीन टन सोने से शुरू होने की उम्मीद है।

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26
Please cast your valuable
VOTE
for the post of
GENRAL SECRETARY
In favour of
ANIL KUMAR KANTH



Sl. No. 1
Chamber :- NEW BAR BHAWAN
Chamber No. S13 Third floor,
Civil Court, Ranchi, Jharkhand
Phone No. 9852219763,9304401200

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !







# संक्राति:जब सूर्य होते हैं दक्षिणायन से उत्तरायण

बासुकीनाथ पाण्डेय

## 'संक्रान्ति'

संक्रांति का अर्थ का अर्थ है सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना, अत : वह राशि जिसमें सूर्य प्रवेश करता है, संक्रान्ति की संज्ञा से विख्यात है। राशियां बारह हैं, यथा मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक , धनु, मकर, कुम्भ, मीन। मलमास पड़ जाने पर भी वर्ष में केवल 12 राशियाँ होती हैं। प्रत्येक संक्रान्ति पवित्र दिन के रूप में ग्रा' है। मत्स्यपुराण ने संक्रान्ति व्रत का वर्णन किया है। एक दिन पूर्व व्यक्ति (नारी या पुरुष) को केवल एक बार मध्याह्न में भोजन करना चाहिए और संक्रान्ति के दिन दाँतों को स्वच्छ करके तिल युक्त जल से स्नान करना चाहिए। व्यक्ति को चाहिए कि वह किसी संयमी ब्राह्मण गृहस्थ को भोजन सामग्रियों से युक्त तीन पात्र तथा एक गाय यम, रुद्र एवं धर्म के नाम पर दे और चार श्लोकों को पढे, जिनमें से एक यह है- 'यथा भेदं' न पश्यामि शिवविष्ण्वर्कपद्मजान। तथा ममास्तु विश्वात्मा शंकर:शंकर: सदा।।', अर्थात 'मैं शिव एवं विष्णु तथा सूर्य एवं ब्रह्मा में अन्तर नहीं करता, वह शंकर, जो विश्वात्मा है, सदा कल्याण करने वाला है। दूसरे शंकर शब्द का अर्थ है- शं कल्याणं करोति। यदि हो सके तो व्यक्ति को चाहिए कि वह ब्राह्मण को आभूषणों, पर्यंक, स्वर्णपात्रों (दो) का दान करे। यदि वह दरिद्र हो तो ब्राह्मण को केवल फल दे। इसके उपरान्त उसे तैल-विहीन भोजन करना चाहिए और यथा शक्ति अन्य लोगों को भोजन देना चाहिए। स्त्रियों को भी यह व्रत करना चाहिए। संक्रान्ति, ग्रहण, अमावस्या एवं पूर्णिमा पर गंगा स्नान महापुण्यदायक माना गया है और ऐसा करने पर व्यक्ति ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है। प्रत्येक संक्रान्ति पर सामान्य जल (गर्म नहीं किया हुआ) से स्नान करना नित्यकर्म कहा जाता है, जैसा कि देवीपुराण ) में घोषित है- 'जो व्यक्ति संक्रान्ति के पवित्र दिन पर स्नान नहीं करता वह सात जन्मों तक रोगी एवं निर्धन रहेगा; संक्रान्ति पर जो भी देवों को हव्य एवं पितरों को कव्य दिया जाता है, वह सूर्य द्वारा भविष्य के जन्मों में लौटा दिया जाता है।

## सूर्य का दूसरे राशि में प्रवेश

प्राचीन ग्रंथ में ऐसा लिखित है कि केवल सूर्य का किसी राशि में प्रवेश मात्र ही पुनीतता का द्योतक नहीं है, प्रत्युत सभी ग्रहों का अन्य नक्षत्र या राशि में प्रवेश पुण्यकाल माना जाता है। हेमाद्रि एवं काल निर्णय ने क्रम से जैमिनि एवं ज्योतिःशास्त्र से उद्धरण देकर सूर्य एवं ग्रहों की संक्रान्ति का पुण्यकाल को घोषित किया है- 'सूर्य के विषय में संक्रान्ति के पूर्व या पश्चात 16 घटिकाओं का समय पुण्य समय है; चन्द्र के विषय में दोनों ओर एक घटी 13 फल पुण्यकाल है; मंगल के लिए 4 घटिकाएँ एवं एक पल; बुध के लिए 3 घटिकाएँ एवं 14 पल, बृहस्पति के लिए चार घटिकाएँ एवं 37 पल, शुक्र के लिए 4 घटिकाएँ एवं एक पल तथा शनि के लिए 82 घटिकाएँ एवं 7 पल।

सूर्य जब एक राशि छोड़कर दूसरी में प्रवेश करता है तो उस काल का यथात्व ज्ञान हमारी माँसल आँखों से सम्भव नहीं है, अतः संक्रान्ति की 30 घटिकाएँ इधर या उधर के काल का द्योतन करती हैं। सूर्य का दूसरी राशि में प्रवेश काल इतना कम होता है कि उसमें संक्रान्ति कृत्यों का सम्पादन असम्भव है, अतः इसकी सन्निधि का काल उचित ठहराया गया है। देवीपुराण में संक्रान्ति काल की लघुता का उल्लेख यों है- 'स्वस्थ एवं सुखी मनुष्य जब एक बार पलक गिराता है तो उसका तीसवाँ काल 'तत्पर' कहलाता है, तत्पर का सौवाँ भाग 'त्रुटि' कहा जाता है तथा त्रुटि के सौवें भाग में सूर्य का दूसरी राशि में प्रवेश होता है। सामान्य नियम यह है कि वास्तविक काल के जितने ही समीप कृत्य हो वह उतना ही पुनीत माना जाता है।' इसी से संक्रान्तियों में पुण्यतम काल सात प्रकार के माने गये हैं- 3, 4, 5, 7, 8, 9 या 12 घटिकाए। इन्हीं अवधियों में वास्तविक फल प्राप्ति होती है। यदि कोई इन अवधियों के भीतर प्रतिपादित कृत्य न कर सके तो उसके लिए अधिकतम काल सीमाएँ 30 घटिकाओं की होती हैं; किंतु ये पुण्यकाल-अवधियाँ षडशीति एवं विष्णुपदी को छोड़कर अन्य सभी संक्रान्तियों के लिए है।

## 'पुण्यकाल के शुभारम्भ का प्रतीक

मकर संक्रान्ति के आगामी दिन जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है, तो बहुत से पर्व प्रारम्भ होने लगते हैं। इस समय जन्मे शिशु प्रगतिशील विचारों के, सुसंस्कृत, विनम्र स्वभाव के तथा अच्छे विचारों से पूर्ण होते हैं। यही विशेष कारण है, जो सूर्य की उत्तरायण गति को पवित्र बनाते हैं और मकर संक्रान्ति का दिन सबसे पवित्र दिन है।

## खगोलीय तथ्य

सन 2020 में मकर संक्रांति 15 जनवरी यानी सोमवार को है। राजा हर्षवर्द्धन के समय में यह पर्व 24 दिसम्बर को पड़ा था। मुगल बादशाह अकबर के शासन काल में 10 जनवरी को मकर संक्रांति थी। शिवाजी के जीवन काल में यह त्योहार 11 जनवरी को पड़ा था।

## आखिर ऐसा क्यों?

सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने को 'मकर संक्रांति' कहा जाता है। साल 2024 में यह 14 जनवरी की मध्यरात्रि में था। इसलिए उदय तिथि के अनुसार मकर संक्रांति 15 जनवरी को पड़ी। दरअसल हर साल सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश 20 मिनट की देरी से होता है। इस तरह हर तीन साल के बाद सूर्य एक घंटे बाद और हर 72 साल में एक दिन की देरी से मकर राशि में प्रवेश करता है। मतलब 1728 (72 गुणा 24) साल में फिर सूर्य का मकर राशि में प्रवेश एक दिन की देरी से होगा और इस तरह 2080 के बाद 'मकर संक्रांति' एक दिन आगे-पीछे होती है।

## एक हजार साल पहले संक्रांति 31 दिसंबर को मनायी जाती थी

ज्योतिषीय आकलन के अनुसार सूर्य की गति प्रतिवर्ष 20 सेकेंड बढ.रही है। माना जाता है कि आज से 1000 साल पहले मकर संक्रांति 31 दिसंबर को मनाई जाती थी। पिछले एक हजार साल में इसके दो हफ्ते आगे खिसक जाने की वजह से 14 जनवरी को मनाई जाने लगी। अब सूर्य की चाल के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 5000 साल बाद मकर संक्रांति फ़रवरी महीने के अंत में मनाई जाएगी।

## मकर संक्रांति मनाते लोग

आज के ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जाड़े का अयन काल 21 दिसम्बर को होता है और उसी दिन से सूर्य उत्तरायण होते हैं। किंतु भारत में वे लोग, जो प्राचीन पद्धतियों के अनुसार रचे पंचांगों का सहारा लेते हैं, उत्तरायण का आरम्भ 14 जनवरी से मानते हैं। वे इस प्रकार उपयुक्त मकर संक्रान्ति से 23 दिन पीछे हैं। मध्यकाल के धर्मशास्त्र ग्रंथों में यह बात उल्लिखित है, यथा हेमाद्रि ने कहा है कि प्रचलित संक्रान्ति से 12 दिन पूर्व ही पुण्यकाल पड़ता है, अतः प्रतिपादित दान आदि कृत्य प्रचलित संक्रान्ति दिन के 12 दिन पूर्व भी किये जा सकते हैं।

## पुण्यकाल के नियम

संक्रान्ति के पुण्यकाल के विषय में सामान्य नियम के प्रश्न पर कई मत हैं। शातातप[ जाबाल एवं मरीचि ने संक्रान्ति के धार्मिक कृत्यों के लिए संक्रान्ति के पूर्व एवं उपरान्त 16 घटिकाओं का पुण्यकाल प्रतिपादित किया है; किंतु देवीपुराण एवं वसिष्ठ ने 15 घटिकाओं के पुण्यकाल की व्यवस्था दी है। यह विरोध यह कहकर दूर किया जाता है कि लघु अवधि केवल अधिक पुण्य फल देने के लिए है और 16 घटिकाओं की अवधि विष्णुपदी संक्रान्तियों के लिए प्रतिपादित है। संक्रान्ति दिन या रात्रि दोनों में हो सकती है। दिन वाली संक्रान्ति पूरे दिन भर पुण्यकाल वाली होती है। रात्रि वाली संक्रान्ति के विषय में हेमाद्रि, माधव आदि में लम्बे विवेचन उपस्थित किए गये हैं। एक नियम यह है कि दस संक्रान्तियों में, मकर एवं कर्कट को छोड़कर पुण्यकाल दिन में होता है, जबकि वे रात्रि में पड़ती हैं। इस विषय का विस्तृत विवरण तिथितत्त्व और धर्मसिंधु में मिलता है।

## ग्रहों की संक्रान्ति

■ ग्रहों की भी संक्रान्तियाँ होती हैं, किन्तु पश्चात्कालीन लेखकों के अनुसार 'संक्रान्ति' शब्द केवल रवि-संक्रान्ति के नाम से ही द्योतित है, जैसा कि स्मृतिकौस्तुभ में उल्लिखित है। वर्ष भर की 12 संक्रान्तियाँ चार श्रेणियों में विभक्त हैं-

■ दो अयन संक्रान्तियाँ- मकर संक्रान्ति, जब उत्तरायण का आरम्भ होता है एवं कर्कट संक्रान्ति, जब दक्षिणायन का आरम्भ होता है।

■ दो विषुव संक्रान्तियां अर्थात मेष एवं तुला संक्रान्तियाँ, जब रात्रि एवं दिन बराबर होते हैं। ■ वे चार संक्रान्तियाँ, जिन्हें षडयीतिमुख अर्थात मिथुन, कन्या, धनु एवं मीन कहा जाता है ■ विष्णुपदी या विष्णुपद अर्थात वृषभ, सिंह, वृश्चिक एवं कुम्भ नामक संक्रान्तियाँ।

## संक्रांति के प्रकार

'ये बारह संक्रान्तियाँ सात प्रकार की, सात नामों वाली हैं, जो किसी सप्ताह के दिन या किसी विशिष्ट नक्षत्र के सम्मिलन के आधार पर उल्लिखित हैं; वे ये हैं- मन्दा, मन्दाकिनी, ध्वांक्षी, घोरा, महोदरी, राक्षसी एवं मिश्रिता।

**घोरा रविवार, मेष या कर्क या मकर संक्रान्ति को,**

■ ध्वांक्षी सोमवार को,
■ महोदरी मंगल को,
■ मन्दाकिनी बुध को,
■ मन्दा बृहस्पति को,
■ मिश्रिता शुक्र को एवं
■ राक्षसी शनि को होती है।

## संक्रान्ति का देवीकरण

**आगे** चलकर संक्रान्ति का देवीकरण हो गया और वह साक्षात्दुर्गा कही जाने लगी। देवीपुराण में आया है कि देवी वर्ष, अयन, ऋतु, मास, पक्ष, दिन आदि के क्रम से सूक्ष्म विभाग के कारण सर्वगत विभु रूप वाली है। देवी पुण्य तवं पाप के विभागों के अनुसार फल देने वाली है। संक्रान्ति के काल में किये गये एक कृत्य से भी कोटि-कोटि फलों की प्राप्ति होती है। धर्म से आयु, राज्य, पुत्र, सुख आदि की वृद्धि होती है, अधर्म से व्याधि, शोक आदि बढते हैं। विषुव संक्रान्ति के समय जो दान या जप किया जाता है या अयन में जो सम्पादित होता है, वह अक्षय होता है। यही बात विष्णुपद एवं षडशीति मुख के विषय में भी है।

**संक्रांति पर दान पुण्य**

पूर्व पुण्यलाभ के लिए पुण्यकाल में ही स्नान दान आदि कृत्य किये जाते हैं। सामान्य नियम यह है कि रात्रि में न तो स्नान किया जाता है और न ही दान। पराशर में आया है कि सूर्य किरणों से पूरे दिन में स्नान करना चाहिए, रात्रि में ग्रहण को छोड़कर अन्य अवसरों पर स्नान नहीं करना चाहिए। यही बात विष्णुधर्मसूत्र में भी है। किंतु कुछ अपवाद भी प्रतिपादित हैं। भविष्यपुराण में आया है कि रात्रि में स्नान नहीं करना चाहिए, विशेषतः रात्रि में दान तो नहीं ही करना चाहिए, किंतु उचित अवसरों पर ऐसा किया जा सकता है, यथा ग्रहण, विवाह, संक्रान्ति, यात्रा, जनन, मरण तथा इतिहास श्रवण में। अतः प्रत्येक संक्रान्ति पर विशेषतः मकर संक्रान्ति पर स्नान नित्य कर्म है।

**दान निम्न प्रकार के किये जाते हैं**

मेष में भेड़, वृषभ में गायें, मिथुन में वस्त्र, भोजन एवं पेय पदार्थ, कर्कट में घृतधेनु, सिंह में सोने के साथ वाहन, कन्या में वस्त्र एवं गौएँ, नाना प्रकार के अन्न एवं बीज, तुला-वृश्चिक में वस्त्र एवं घर, धनु में वस्त्र एवं वाहन, मकर में इन्धन एवं अग्नि, कुम्भ में गौएँ जल एवं घास, मीन में नये पुष्प। अन्य विशेष प्रकार के दानों के विषय में देखिए स्कन्दपुराण , विष्णुधर्मोत्तर, कालिका आदि। उपवास मकर संक्रान्ति के सम्मान में तीन दिनों या एक दिन का उपवास करना चाहिए। जो व्यक्ति तीन दिनों तक उपवास करता है और उसके उपरान्त स्नान करके अयन पर सूर्य की पूजा करता है, विषुव एवं सूर्य या चन्द्र के ग्रहण पर पूजा करता है तो वह वांछित इच्छाओं की पूर्णता पाता है। आपस्तम्ब में आया है कि जो व्यक्ति स्नान के उपरान्त अयन, विषुव, सूर्यचंद्र-ग्रहण पर दिन भर उपवास करता है, वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है। किंतु पुत्रवान व्यक्ति को रविवार, संक्रान्ति एवं ग्रहणों पर उपवास नहीं करना चाहिए राजमार्तण्ड में संक्रान्ति पर किये गये दानों के पुण्य-लाभ पर दो श्लोक हैं- 'अयन संक्रान्ति पर किये गये दानों का फल सामान्य दिन के दान के फल का कोटिगुना होता है और विष्णुपदी पर वह लक्षगुना होता है; षडशीति पर यह 86000 गुना घोषित है। चंद्र ग्रहण पर दान सौ गुना एवं सूर्य ग्रहण पर सहस्त्र गुना, विषुव पर शतसहस्त्र गुना तथा आकामावैकी पूर्णिमा पर अनन्त फलों को देने वाला है। भविष्यपुराण ने अयन एवं विषुव संक्रान्तियों पर गंगा-यमुना की प्रभूत महत्ता गायी है।

**नारी द्वारा दान**

मकर संक्रान्ति पर अधिकांश में नारियाँ ही दान करती हैं। वे पुजारियों को मिट्टी या ताम्र या पीतल के पात्र, जिनमें सुपारी एवं सिक्के रहते हैं, दान करती हैं और अपनी सहेलियों को बुलाया करती हैं तथा उन्हें कुंकुम, हल्दी, सुपारी, ईख के टुकड़े आदि से पूर्ण मिट्टी के पात्र देती हैं। दक्षिण भारत में पोंगल नामक



उत्सव होता है, जो उत्तरी या पश्चिमी भारत में मनाये जाने वाली मकर संक्रान्ति के समान है। पोंगल तमिल वर्ष का प्रथम दिवस है। यह उत्सव तीन दिनों का होता है। पोंगल का अर्थ है 'क्या यह उबल रहा' या 'पकाया जा रहा है?' संक्रांति पर श्राद्ध कुछ लोगों के मत से संक्रान्ति पर श्राद्ध करना चाहिए। विष्णु धर्मसूत्र में आया है- 'आदित्य अर्थात सूर्य के संक्रमण पर अर्थात जब सूर्य एक राशि से दूसरी में प्रवेश करता है, दोनों विषुव दिनों पर, अपने जन्म-नक्षत्र पर विशिष्ट शुभ अवसरों पर काम्य श्राद्ध करना चाहिए; इन दिनों के श्राद्ध से पितरों को अक्षय संतोष प्राप्त होता है। यहाँ पर भी विरोधी मत हैं। शूलापाणि के मत से संक्रान्ति-श्राद्ध में पिण्डदान होना चाहिए, किंतु निर्णयसिंधु के मत से श्राद्ध पिण्डविहीन एवं पार्वण की भाँति होना चाहिए। संक्रान्ति पर कुछ कृत्य विंजत भी थे। विष्णुपुराण में वचन है- 'चतुर्दशी, अष्टमी, अमावस्या, पूर्णिमा एवं संक्रान्ति पर्व कहे गये हैं; जो व्यक्ति ऐसे अवसर पर संभोग करता है, तैल एवं मांस खाता है, वह विष्मूत्र-भोजन' नामक नरक में पड़ता है। ब्रह्मपुराण में आया है- अष्टमी, पक्षों के अंत की तिथियों में, रवि-संक्रान्ति के दिन तथा पक्षोपान्त (चतुर्दशी) में संभोग, तिल-मांस-भोजन नहीं करना चाहिए। आजकल मकर संक्रान्ति धार्मिक कृत्य की अपेक्षा सामाजिक अधिक है। उपवास नहीं किया जाता, कदाचित कोई श्राद्ध करता हो, किंतु बहुत से लोग समुद्र या प्रयाग जैसे तीर्थों पर गंगा स्नान करते हैं। तिल का प्रयोग अधिक होता है, विशेषतः दक्षिण में। तिल की महत्ता यों प्रर्दिशत है- 'जो व्यक्ति तिल का प्रयोग छः प्रकार से करता है वह नहीं डूबता अर्थात वह असफल या अभागा नहीं होता; शरीर को तिल से नहाना, तिल से उवटना, सदा पवित्र रहकर तिलयुक्त जल देना, अग्नि में तिल डालना, तिल दान करना एवं तिल खाना।

**तिल**

देश भर में लोग मकर संक्रांति के पर्व पर अलग-अलग रूपों में तिल, चावल, उड़द की दाल एवं गुड़ का सेवन करते हैं। इन सभी सामग्रियों में सबसे ज़्यादा महत्व तिल का दिया गया है। इस दिन कुछ अन्य चीज. भले ही न खाई जाएँ, किन्तु किसी न किसी रूप में तिल अवश्य खाना चाहिए।

**मकर संक्राति के अवसर पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु**

सूर्य का मकर रेखा से उत्तरी कर्क रेखा की ओर जाना 'उत्तरायण' तथा कर्क रेखा से दक्षिणी मकर रेखा की ओर जाना 'दक्षिणायन' है। मकर संक्रान्ति के दिन यज्ञ में दिये हव्य को ग्रहण करने के लिए देवता धरती पर अवतरित होते हैं।

इसी मार्ग से पुण्यात्माएँ शरीर छोड़कर स्वर्ग आदि लोकों में प्रवेश करती हैं। इसलिए यह आलोक का अवसर माना जाता है। इस दिन पुण्य, दान, जप तथा धार्मिक अनुष्ठानों का अनन्य महत्त्व है और सौ गुणा फलदायी होकर प्राप्त होता है।

## आभार प्रकट करने का दिन

पंजाब, बिहार व तमिलनाडु में यह समय फ़सल काटने का होता है। कृषक मकर संक्रान्ति को 'आभार दिवस' के रूप में मनाते हैं। पके हुए गेहूँ और धान को र्स्विणम आभा उनके अथक मेहनत और प्रयास का ही फल होती है और यह सम्भव होता है, भगवान व प्रकृति के आशीर्वाद से। विभिन्न परम्पराओं व रीति-रिवाजों के अनुरूप पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर में लोहड़ी नाम से मकर संक्रान्ति पर्व मनाया जाता है। सिन्धी समाज एक दिन पूर्व ही मकर संक्रान्ति को लाल लोहीके रूप में मनाता है। तमिलनाडु में मकर संक्रान्ति 'पोंगल' के नाम से मनाया जाता है, तो उत्तर प्रदेश और बिहार में 'खिचड़ी' के नाम से मकर संक्रान्ति मनाया जाता है। इस दिन कहीं खिचड़ी तो कहीं चूड़ादही का भोजन किया जाता है तथा तिल के लड्डु बनाये जाते हैं। ये लड्डू मित्र व सगे सम्बन्धियों में बाँटें भी जाते हैं।

### खिचड़ी संक्रान्ति

चावल व मूंग की दाल को पकाकर खिचड़ी बनाई जाती है। इस दिन खिचड़ी खाने का प्रचलन व विधान है। घी व मसालों में पकी खिचड़ी स्वादिष्ट, पाचक व ऊर्जा से भरपूर होती है। इस दिन से शरद ऋतु क्षीण होनी प्रारम्भ हो जाती है। बसन्त के आगमन से स्वास्थ्य का विकास होना प्रारम्भ होता है। इस दिन गंगा नदी में स्नान व सूर्योपासना के बाद ब्राह्मणों को गुड़, चावल और तिल का दान भी अति श्रेष्ठ माना गया है। महाराष्ट्र में ऐसा माना जाता है कि मकर संक्रान्ति से सूर्य की गति तिल-तिल बढ़ती है, इसीलिए इस दिन तिल के विभिन्न मिष्ठान बनाकर एक-दूसरे का वितरित करते हुए शुभ कामनाएँ देकर यह त्योहार मनाया जाता है।

### संक्रान्ति दान और पुण्यकर्म का दिन

संक्रान्ति काल अति पुण्य माना गया है। इस दिन गंगा तट पर स्नान व दान का विशेष महत्त्व है। इस दिन किए गए अच्छे कर्मों का फल अति शुभ होता है। वस्त्रों व कम्बल का दान, इस जन्म में नहीं; अपितु जन्म-जन्मांतर में भी पुण्यफलदायी माना जाता है। इस दिन घृत, तिल व चावल के दान का विशेष महत्त्व है। इसका दान करने वाला सम्पूर्ण भोगों को भोगकर मोक्ष को प्राप्त करता है, ऐसा शास्त्रों में कहा गया है। उत्तर प्रदेश में इस दिन तिल दान का विशेष महत्त्व है। महाराष्ट्र में नवविवाहिता स्त्रियाँ प्रथम संक्रान्ति पर तेल, कपास, नमक आदि वस्तुएँ सौभाग्यवती स्त्रियों को भेंट करती हैं। बंगाल में भी इस दिन तिल दान का महत्त्व है। राजस्थान में सौभाग्यवती स्त्रियाँ इस दिन तिल के लड्डू, घेवर तथा मोतीचूर के लड्डू आदि पर रुपये रखकर, वायन के रूप में अपनी सास को प्रणाम करके देती है तथा किसी भी वस्तु का चौदह की संख्या में संकल्प करके चौदह ब्राह्मणों को दान करती है।

### पतंग पतंग उड़ाने का दिन

यह दिन सुन्दर पतंगों को उड़ाने का दिन भी माना जाता है। लोग बड़े उत्साह से पतंगें उड़ाकर पतंगबाजी के दाँव-पेचों का मजा लेते हैं। बड़े-बड़े शहरों में ही नहीं, अब गाँवों में भी पतंगबाजी की प्रतियोगिताएँ होती हैं।

### गंगास्नान व सूर्य पूजा

पवित्र गंगा में नहाना व सूर्य उपासना संक्रान्ति के दिन अत्यन्त पवित्र कर्म माने गए हैं। संक्रान्ति के पावन अवसर पर हजारों लोग इलाहाबाद के त्रिवेणी संगम, वाराणसी में गंगाघाट, हरियाणा में कुरुक्षेत्र, राजस्थान में पुष्कर, महाराष्ट्र के नासिक में गोदावरी नदी में स्नान करते हैं। गुड़ व श्वेत तिल के पकवान सूर्य को अर्पित कर सभी में बाँटें जाते हैं। गंगासागर में पवित्र स्नान के लिए इन दिनों श्रद्धालुओं की एक बड़ी भीड़ उमड़ पड़ती है।

### जब भीष्म ने मृत्यु को संक्रांति तक रोका

वैदिक युग में सूर्योपासना दिन में तीन बार की जाती थी। महाभारत में पितामह भीष्म ने भी सूर्य के उत्तरायण होने पर ही अपना प्राणत्याग किया था। हमारे मनीषी इस समय को बहुत ही श्रेष्ठ मानते हैं। इस अवसर पर लोग पवित्र नदियों एवं तीर्थ स्थलों पर स्नान कर आदिदेव भगवान सूर्य से जीवन में सुख व समृद्धि हेतु प्रार्थना व याचना करते हैं। महाभारत की लड़ाई में अर्जुन ने भीष्म पितामह को पराजित किया तब उन्हें इच्छा मृत्यु का वरदान होने के कारण वे वाण शय्या पर रहकर संक्रांति का इंतजार किया था।

### मान्यता

यह विश्वास किया जाता है कि इस अवधि में देहत्याग करने वाले व्यक्ति जन्म-मरण के चक्र से पूर्णतः मुक्त हो जाते हैं। महाभारत महाकाव्य में वयोवृद्ध योद्धा पितामह भीष्म पांडवों और कौरवों के बीच हुए कुरुक्षेत्र युद्ध में सांघातिक रूप से घायल हो गये थे। उन्हें इच्छा-मृत्यु का वरदान प्राप्त था। पांडव वीर अर्जुन द्वारा रचित बाणशैया पर पड़े भीष्म उत्तरायण अवधि की प्रतीक्षा करते रहे। उन्होंने सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर ही अंतिम सांस ली, जिससे उनका पुनर्जन्म न हो।

### सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व

जितने समय में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक चक्कर लगाती है, उस अवधि को सौर वर्ष कहते हैं। पृथ्वी का गोलाई में सूर्य के चारों ओर घूमना क्रान्तिचक्र कहलाता है।